# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




कोडरमा में हथियार के साथ गिरफ्तार तस्कर


• बोकारो, शनिवार 14 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 268 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## विधायकों की सुरक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मंत्री और विधायकों पर नक्सलियों के हमले का खतरा है। विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिए आने वाले विधायकों और मंत्रियों की सुरक्षा को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। विधानसभा सत्र के दौरान नक्सलियों ने बंद का कॉल भी किया है। इसे देखते हुए आवश्यक एहतियात बरतने की हिदायत दी गई है। झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों और मंत्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को विशेष अलर्ट जारी किया है। पत्र में आशंका जताई गई है कि विधायकों के मूवमेंट के दौरान माओवादियों या आपराधिक तत्वों द्वारा उनपर हमला हो सकता है। इसको देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने संवेदनशील सड़कों और स्थलों को चिन्हित कर संबंधित जिलों को पत्र भेज दिया है। पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिया है कि सभी जिलों में प्रमुख मार्गों और रेलमार्गों पर समुचित संख्या में गश्ती दल तैनात किए जाएं, साथ ही आसूचना संचलन को मजबूत कर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। विशेष रूप से उन घाटियों और जंगलों पर नजर रखने का आदेश है जहां माओवादी सक्रियता या अपराधी छिपे रह सकते हैं। पुलिस हेडक्वार्टर की तरफ से जारी एक लेटर में कहा गया है कि असेंबली का सेशन 18 फरवरी को होना है। ऐसे में झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने के लिए विधायक- मंत्री 17 और 18 फरवरी के बीच अपने-अपने क्षेत्र से मूव करेंगे। वहीं सूचना यह भी है कि 17 फरवरी को नक्सलियों ने बंद का ऐलान किया है। संभावना है कि विधायक और मंत्री बंदी के दौरान ही मूवमेंट करें, ऐसे में सुरक्षा हर जगह पुख्ता होना चाहिए।

## हजारीबाग में जंगली हाथियों का आतंक, छह लोगों की ली जान

**नीरज सिन्हा / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के चुरचू प्रखंड के गोंदवार में पांच हाथियों के झुंड ने 6 व्यक्तियों की जान ले ली। मरने वालों में सुमन कुमारी (26), धनेश्वर राम (52), सूरज राम (50), सविता देवी (25) एवं दो छोटे बच्चे अनुराग राम (1) और संजना कुमारी (3 माह) शामिल है। घटना के वक्त सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे। मृतकों में सूरज राम, सविता देवी, अनुराग राम और संजना कुमारी एक ही परिवार के हैं। घटना बीती रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच की है। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम है और लोग दहशत में हैं। वन विभाग के पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच लोगों से अपील की है कि धैर्य बनाकर रखें तथा जंगली क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति न जाएं। बताया जाता है कि पूरा परिवार रात में सोया हुआ था और अचानक पांच हाथियों के झुंड ने घर पर धावा बोल दिया। घर में सो रहे सभी चार लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीओ आदित्य पांडे



मौके पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह बहुत ही दुखद घटना है। नियमानुसार मांग पूरी की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बीती रात गांव में वन विभाग की ओर से माइकिंग की जा रही थी लेकिन गांव के लोगों ने सावधानी नहीं बरती। घटना के बाद विभाग के पदाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। परिवार वालों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मदद पहुंचाई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। उन्होंने बताया कि छह लोगों की दर्दनाक मौत हुई है। इसके पहले भी इस क्षेत्र में हाथियों का आतंक रहा है। विभाग कभी भी हाथी को भगाने के लिए संवेदनशील नहीं रहा। यही कारण है कि इतनी बड़ी घटना घट गई। उन्होंने कहा कि मृतक परिवार के साथ संवेदना है। सरकारी प्रावधान के अनुसार प्रभावित परिवार को मुआवजा दिया जाएगा। वन विभाग के रेंज ऑफिसर विजय कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की। बताया कि पांच हाथियों में एक बेहद खतरनाक है। वह सिर्फ मानव पर ही हमला करता है। वन विभाग की ओर से जो प्रावधान हैं वह पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। वहीं उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है अपने मोबाइल फोन पर हाथी एप अवश्य डाउनलोड करें जो हाथी की सूचना देगा।

## हिमाचल प्रदेश की पुलिस ने पलामू में मारा छापा

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरा)।** हिमाचल प्रदेश में एक महिला की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हिमाचल प्रदेश की बिलासपुर पुलिस ने पलामू में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पलामू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यहां की महिला की हिमाचल प्रदेश में हत्या कर शव को सेप्टिक टैंक में डाल दिया गया था। मृतक महिला की पहचान पलामू के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के नौडीहा बहेरा की रहने वाले गुड़िया देवी के रूप में हुई थी। गुड़िया देवी की हत्या का आरोप उसके पति और देवर पर लगा था। घटना के बाद बिलासपुर पुलिस ने पलामू पुलिस की मदद से पिपराटांड़ और पांकी के इलाके में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। इस दौरान मृतका के देवर को हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी अपनी पति गोविंद चौहान और देवर के साथ हिमाचल प्रदेश में नौकरी करती थी। घटना के बाद गोविंद चौहान और उसका देवर पलामू स्थित अपनी पैतृक गांव लौट आये थे।

### संक्षिप्त समाचार

#### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** मेदिनीनगर के छहमुहान के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दुमी निवासी 65 वर्षीय अशोक कुमार पासवान के रूप में हुई है। अशोक कुमार पासवान मेदिनीनगर टाउन थाना के तिनकोनिया के पास एक होटल में काम करते थे और किराए के मकान में रहते थे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अशोक होटल जा रहे थे। इसी क्रम में छहमुहान पास गैस टंकी लदे ट्रक में अशोक को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।

#### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के दारू थाना क्षेत्र में सरस्वती हाई स्कूल के समीप हजारीबाग-विष्णुगढ़ मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिलीप कुमार दारू थाना क्षेत्र के पेटो गांव का रहने वाला है। वहीं घायल युवक विवेक कुमार टाटीझरिया थाना क्षेत्र के होलंग गांव का रहने वाला है।

#### कंटेनर में आग लगने से चालक की जलकर मौत

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले का चुट्टूपालू घाटी एक बार फिर खून से लाल हो गया। एनएच 33, रांची-पटना मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में एक कंटेनर ने आगे चल रहे गिट्टी लदे हाइवा को जोरदार टक्कर मार दी। तेज टक्कर से कंटेनर में तुरंत आग लग गई और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और चालक जिंदा जल गया। घटना की सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पुलिस और रामगढ़ थाना प्रभारी फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

#### फरार कुख्यात अपराधी किशन खान गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद पुलिस ने बरवाअड्डा थाना कांड संख्या 297/2025 और 11/2026 में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी किशन खान उर्फ तसलीम खान को रांची से गिरफ्तार किया है। आरोपी कुर्मीडीह, बरवाअड्डा थाना क्षेत्र का निवासी है और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वहीं, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रांची में छापेमारी कर आरोपी को पकड़ बरवाअड्डा थाना लाया है।

## अंचल अमीन रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के गारू अंचल कार्यालय में पदस्थापित अंचल अमीन मुनिदेव सिंह को पलामू एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सात हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। अंचल अमीन एक व्यक्ति से जमीन मापी के नाम पर रिश्वत ले रहा था। इस संबंध में पूछने पर एसडीएम विपिन दुबे ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से उन्हें अंचल अमीन की गिरफ्तारी की सूचना मिली है। दरअसल गारू प्रखंड क्षेत्र में रहने वाले विशाल कुमार को अपने जमीन को ऑनलाइन करवाना था। इसके लिए सभी प्रकार के कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सरकारी शुल्क की रसीद भी कटवा ली थी। परंतु अंचल अमीन जमीन मापी के बदले लगातार रिश्वत की मांग कर रहे थे। काफी परेशान होकर सूचक ने इसकी सूचना पलामू एंटी करप्शन ब्यूरो को दी और मदद की गुहार लगाई। शिकायत के बाद एसीबी की टीम में अपने स्तर से पूरे मामले की छानबीन की तो पता चला कि सूचक के द्वारा जो आरोप लगाया गया है वह पूरी तरह सत्य है। अंचल अमीन के द्वारा कम से कम सात हजार रुपए रिश्वत की मांग की। इसके बाद



एसीबी की टीम ने योजना बनाकर सूचक को सात हजार रुपए देकर अंचल अमीन के पास भेजा। अंचल अमीन ने जैसे ही रिश्वत के पैसे लिए वैसे ही एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अंचल अमीन की गिरफ्तारी की पुष्टि एसडीएम विपिन दुबे ने की है। बता दें कि अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। जमीन से संबंधित किसी भी कार्य के लिए बिना रिश्वत दिए काम होना काफी मुश्किल होता है। अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार से संबंधित सूचना भी लगातार आते रहती है और प्रशासनिक स्तर पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी होती है। बावजूद अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बता दें कि जिला में कई प्रखंडों में कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर अमीन की नियुक्ति की गई है।

## परीक्षा में हाइटेक नकल का खुलासा, दो परीक्षार्थी समेत तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** पुलिस ने परीक्षा में नकल करने वाले मुन्ना भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित मिनर्वा डिजिटल परीक्षा केंद्र में चल रही एसएससी (एमटीएस) ऑनलाइन परीक्षा के दौरान हाइटेक नकल का यह मामला है। धनबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो परीक्षार्थियों समेत परीक्षा केंद्र संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ब्लूटूथ डिवाइस (स्पाई ईयरपीस) और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 फरवरी से 12 फरवरी तक परीक्षा केंद्र में एसएससी (एमटीएस) की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जा रही थी। 12 फरवरी को दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान सेंटर को-ऑर्डिनेटर के माध्यम से कदाचार की सूचना मिली। सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। तलाशी के दौरान दो परीक्षार्थियों के शरीर से अत्याधुनिक ब्लूटूथ डिवाइस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में परीक्षार्थी रौनक कुमार और बिट्टू कुमार है। दोनों बिहार के लखीसराय के रहने वाले हैं। कान में इयरपीस लगाकर इनके द्वारा परीक्षा दी जा रही थी। एक अन्य गिरफ्तार आरोपी जिसका नाम शशि कुमार है, बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है। शशि परीक्षा केंद्र में रजिस्ट्रेशन मैनेजर के पद पर कार्यरत था। पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि परीक्षा में पास कराने के नाम पर प्रति अभ्यर्थी करीब 8 लाख रुपये की डील तय की गई थी, जिसमें से लगभग 2.5 लाख रुपये अग्रिम के रूप में लिए गए थे।

## डीएमएफटी फंड की गड़बड़ी पर सीएम हेमंत सख्त, होगी जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के उपयोग में हो रही कथित अनियमितताओं को लेकर झारखंड सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। सीएम के आदेश के बाद वित्त विभाग ने खान एवं भूतत्व विभाग को कड़ा निर्देश दिया है। सरकार अब इस बात की तहकीकात कराएगी कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए सुरक्षित रखे गए करोड़ों रुपये का इस्तेमाल कहां-कहां हुआ है? कहीं पैसों का इस्तेमाल फिजूलखर्ची में तो नहीं हो रहा है? डीएमएफटी के तय मापदंडों के अनुसार राशि खर्च की गई या नहीं? डीएमएफटी फंड के खर्च में राज्य के कई जिलों ने नियम-कानून को ताख पर रख दिया। खनन प्रभावित क्षेत्रों में विस्थापित और प्रभावित लोगों के विकास व बुनियादी सुविधाओं के लिए पैसे खर्च किए जाने थे। मामला प्रकाश में आने के बाद वित्त विभाग ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिये थे। मुख्य सचिव के माध्यम से यह फाइल मुख्यमंत्री तक पहुंची, जिसके बाद अब व्यापक समीक्षा और ऑडिट का रास्ता साफ हो गया है। वित्त सचिव ने साफ कर दिया है कि जिलास्तर पर उपायुक्तों को डीएमएफटी की बैठकों, योजनाओं की वर्तमान स्थिति और खर्च का पूरा तथ्यात्मक विवरण सदस्यों के सामने रखना होगा। इन रिपोर्टों की समीक्षा निदेशक (खान) के स्तर पर की जायेगी। यदि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की पुष्टि होती है, तो वित्त विभाग संबंधित जिलों में विशेष ऑडिट कराने का निर्णय लेगा। विभागीय वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पीत पत्र के माध्यम से डीएमएफटी मद की राशि के अपव्यय पर कड़ी आपत्ति जताई थी। सरकार का मानना है कि यह पैसा खनन प्रभावित क्षेत्रों के गरीब लोगों के कल्याण, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए है। इसे प्रशासनिक सुख-सुविधाओं या नियमविरुद्ध कार्यों में खर्च करना गंभीर वित्तीय अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासी विभाग यानी खान एवं भूतत्व विभाग को निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द राज्य में डीएमएफटी योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति सरकार के सामने पेश करे। खासकर, उन जिलों में जहां डीएमएफटी फंड के बेजा इस्तेमाल की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार, सभी जिलों के उपायुक्तों द्वारा स्वीकृत और पूर्ण की गई योजनाओं की समीक्षा तीन प्रमुख मानकों पर की जाएगी।

## झारखंड के 13,699 स्कूलों में दिव्यांग बच्चों के लिए बनेगा विशेष शौचालय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में विशेष आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बड़ी पहल की है। विभाग ने ऐसे 13,699 विद्यालयों की पहचान की है, जहां अब तक दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अलग और अनुकूल शौचालय उपलब्ध नहीं हैं। चिन्हित स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से शौचालय निर्माण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा तैयार प्रारूप के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में दिव्यांग अनुकूल शौचालय निर्माण पर लगभग 5.30 लाख रुपये खर्च का अनुमान है। निर्माण कार्य को तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाएगा ताकि रैंप, हैंडल और पर्याप्त जगह जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सके। राज्य में सबसे अधिक ऐसे विद्यालय गिरिडीह जिले में पाए गए हैं, जहां 1,453 स्कूलों को इस योजना के तहत शामिल किया गया है। इसके अलावा रांची में 862, पलामू में 826, देवघर में 803, दुमका में 765, पश्चिमी सिंहभूम में 634, सरायकेला-खरसावां में 633, चतरा में 608, बोकारो में 553, गोड्डा में 550, हजारीबाग में 546 और धनबाद में 506 विद्यालय चिन्हित किए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन जिलों में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की राशि उपलब्ध है, वहां इस फंड का उपयोग शौचालय निर्माण के लिए किया जा सकता है। अनुमान है कि डीएमएफटी मद से 6,292 विद्यालयों में निर्माण कार्य संभव होगा। सूबे के चतरा, धनबाद, गोड्डा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, रांची और साहिबगंज जिलों में इस फंड का उपयोग प्रस्तावित है। अन्य जिलों में निर्माण के लिए समग्र शिक्षा अभियान या राज्य योजना से बजट का प्रावधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और अनटाइड फंड के माध्यम से भी संसाधन जुटाने की रणनीति बनाई गई है। विभाग का मानना है कि इस पहल से न केवल दिव्यांग बच्चों की स्कूल में उपस्थिति बढ़ेगी बल्कि उन्हें सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण भी मिलेगा। यह कदम समावेशी शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## अर्द्धसैनिक बलों की मौजूदगी में हो निकाय चुनाव : मरांडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने निकाय चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि निकाय चुनाव को लेकर हेमंत सोरेन सरकार की नीयत सही नहीं है। यह सरकार चुनाव कराना ही नहीं चाहती थी लेकिन हाईकोर्ट की फटकार के बाद हेमंत सरकार लाचार हो गई और फरवरी में चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। बीजेपी चाहती थी कि निकाय चुनाव दलगत आधार पर हो लेकिन सरकार मानी नहीं। चुनाव ईवीएम से होने चाहिए थे, सरकार ने इसे भी नहीं माना। अब कुल मिलाकर सरकार की मंशा ही साफ नहीं है। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव करवाने का निर्णय सरकार ने लिया है। जिन लोगों ने बैलेट पेपर से मतदान किया था, उन्हें पता है कि इस तरह के मतदान में क्या होता



था। कैसे बूथ लूटे जाते थे? कैसे मतपेटी में स्याही डाल दी जाती थी। कैसे बैलेट पेपर को छीन कर लोग भाग जाते थे। बीजेपी विधायक बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस की ईमानदारी पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि गलत करे तो पुलिस कुछ विरोध नहीं कर पायेगी। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग को केंद्र से बात करनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करके अर्द्धसैनिक बल को प्रतिनियुक्त किया जाना चाहिए ताकि मतदाता निर्भीक होकर वोट कर सके। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गिरिडीह में बीजेपी ने डॉ. शैलेंद्र चौधरी को समर्थन दिया है। इसके अलावा अलग-अलग निकाय में महापौर प्रत्याशी को समर्थन दिया गया है। संगठन का एक-एक कार्यकर्ता पूरी तरह से समर्थित उम्मीदवार के समर्थन में खड़ा है। जिन कार्यकर्ताओं ने नामांकन किया था, उन्हें भी मना लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय को लेकर एनडीए में एकजुटता है।






CMYK

# दारू में भीषण सड़क हादसा: युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)** । दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती उच्च विद्यालय के पास शुक्रवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान दिलीप कुमार (24 वर्ष), पिता कार्तिक साव, निवासी पेटो, दारू के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक विवेक कुमार, पिता दिनेश महतो, निवासी होलंग, टाटीझरिया बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवेक अपने एक परिचित परीक्षार्थी को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा दिलाने के लिए सरस्वती हाई स्कूल आया था। परीक्षार्थी को स्कूल के मुख्य गेट से अंदर भेजने के बाद वह अपनी मोटरसाइकिल के पास खड़ा था। इसी दौरान दारू की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार करीब दस फीट दूर जा गिरा और स्कूल में लगे बोर्ड से टकरा गया। बोर्ड में लगे लोहे के नुकीले हिस्से से उसका गला कट गया, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। वहीं सड़क किनारे खड़े होलंग निवासी विवेक का पैर बुरी तरह टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी समय मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के निरीक्षण के लिए दारू बीडीओ हारून रशीद विद्यालय में मौजूद थे। जैसे ही उन्हें घटना की सूचना मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे और अपनी तत्परता दिखाते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल भिजवाया। अस्पताल ले जाने के क्रम में ही दिलीप कुमार ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल विवेक कुमार का इलाज जारी है। मौत की खबर मिलते ही पेटो गांव और मृतक के घर में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## रामपुर बाजार में बेकाबू कार ने मचाया कोहराम कई लोग जख्मी, पुलिस ने संभाला मोर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)** । चौपारण प्रखंड के रामपुर बाजार में शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक नई कार अचानक अनियंत्रित होकर भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में घुस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक की पहचान उत्क्रमित मध्य विद्यालय हपावा के प्रभारी प्रधानाध्यापक महफूज आलम (पिता—मुमताज आलम), निवासी दशिचक, रामपुर पंचायत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वाहन नियंत्रण से बाहर होकर एक के बाद एक कई लोगों और सड़क किनारे खड़े वाहनों को टक्कर मारता चला गया। इस दौरान एक बाइक को करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए ले जाने की बात भी सामने आई है। घटना के बाद बाजार में चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए भगदड़ जैसे हालात बन गए। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। लालू राम (50 वर्ष) के पैर में गंभीर चोट आई है, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए झुमरी तिलैया भेजा गया। वहीं जमुना प्रजापति (पिता—स्वर्गीय लीलण प्रजापति, उम्र 60 वर्ष) भी घायल बताए जा रहे हैं। एक महिला का पैर बुरी तरह जख्मी हुआ है, जबकि एक बच्चे की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। सरकारी एम्बुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं होने से लोगों में नाराजगी देखी गई। परिजन और स्थानीय लोग अपने स्तर से घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे रहे।

इसी बीच आपदा मित्र एम्बुलेंस के चालक शक्ति चंद्रवंशी ने तत्परता दिखाते हुए एक घायल को अस्पताल पहुंचाया, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना की। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग सड़क पर जमा हो गए और कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि प्रशासन की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस टीम मौके पर मौजूद थी और स्थिति पर नजर बनाए हुए थी।

## बड़कागांव की विस्थापन व मुआवजा समस्याओं को लेकर राहुल गांधी से मिले योगेन्द्र साव व अम्बा प्रसाद, क्षेत्र का मशहूर गुड़ किया भेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में चल रही विस्थापन एवं मुआवजा संबंधी समस्याओं को लेकर पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव तथा पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने बड़कागांव क्षेत्र में संचालित कोयला खनन परियोजनाओं से प्रभावित रैयतों और विस्थापित परिवारों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा।



उन्होंने बताया कि अनेक परिवार अब भी समुचित मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जिससे क्षेत्र में असंतोष का माहौल बना हुआ है। राहुल गांधी ने पूरे विषय को गंभीरता से सुना और विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा तथा न्यायपूर्ण मुआवजा सुनिश्चित कराने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास की प्रक्रिया में किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। मुलाकात के उपरांत पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव ने राहुल गांधी को बड़कागांव का मशहूर देसी गुड़ सप्रेम भेंट किया। क्षेत्र की यह पारंपरिक सौगात वहां की मिट्टी की मिठास और संस्कृति का प्रतीक मानी जाती है।

इस आत्मीय क्षण ने औपचारिक मुलाकात को सौहार्दपूर्ण वातावरण में बदल दिया। नेताओं ने उम्मीद जताई कि इस संवाद के बाद विस्थापन एवं मुआवजा से जुड़ी लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल होगी। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल को सकारात्मक संकेत मानते हुए न्याय की उम्मीद जताई है।

## शहर के हर कोने में पहुंचा जनसंपर्क, सुदेश चंद्रवंशी को मिल रहा जनविश्वास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी सुदेश चंद्रवंशी ने शनिवार को शहर के विभिन्न इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कोलघट्टी, नूरा, राजा बंगला, ओकनी, लोहसिंघना, शिवपुरी (उत्तरी व दक्षिणी), न्यू एरिया और ओकनी आदर्श नगर में घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसंपर्क के दौरान आम नागरिकों ने साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी परेशानियाँ साझा कीं।



मेयर प्रत्याशी ने भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद प्राथमिकता के आधार पर इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा और नगर निगम की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाया जाएगा। इस अवसर पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। सुदेश चंद्रवंशी ने मतदाताओं से अपील की कि वे 23 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और बैलेट पेपर में क्रम संख्या 07 पर ह्वबक्साह्व चुनाव चिह्न के सामने वोट देकर हजारीबाग के विकास को नई दिशा दें।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्पाद विभाग ने की 1450 किलो जावा महुआ व 210 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर पंचायत निर्वाचन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अधीक्षक उत्पाद, गिरिडीह के निदेर्शानुसार गुप्त सूचना के आधार पर तिसरी थाना क्षेत्र के खीरोद एवं गूँगी गांव में छापामारी अभियान चलाया गया छापामारी के दौरान अवैध चुलाई शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण, जावा महुआ तथा भट्ठियों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। साथ ही तैयार अवैध चुलाई शराब को भी जब्त किया गया उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई में कुल 1450 किलोग्राम जावा महुआ और 210 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। मामले में अवैध शराब कारोबार से जुड़े दो अभियुक्तों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है छापामारी अभियान का नेतृत्व रवि रंजन, अवर निरीक्षक उत्पाद, गिरिडीह ने किया। इस दौरान जिला बल एवं गृह रक्षक जवानों का भी सहयोग प्राप्त हुआ चुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जा सके।

### नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 14 में दीपिका देवी ने झोंकी पूरी ताकत, घर-घर जाकर मांगा समर्थन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर वार्ड नंबर 14 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड 14 से महिला प्रत्याशी दीपिका देवी ने जनसंपर्क अभियान को धार देते हुए क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से आशीर्वाद और समर्थन मांगा दीपिका देवी ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड नंबर 14 को ह्वसर्वाधिक विकसित एवं स्वच्छ वार्डह्व बनाना है। उन्होंने कहा कि वे शिक्षित, अनुभवी, ईमानदार एवं संघर्षशील प्रत्याशी के रूप में क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगी जनसंपर्क के दौरान उन्होंने राजपूत मोहल्ला सहित विभिन्न टोला-मोहल्लों में लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय नागरिकों ने पानी निकासी, सड़क मरम्मत, साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर अपनी बातें रखीं। दीपिका देवी ने भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद इन सभी मुद्दों पर प्राथमिकता से काम किया जाएगा उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि बैलेट पेपर में क्रम संख्या 2 पर ह्वबेबी वॉकरह्व छाप पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं।इस मौके पर समाजसेवी गोविंद कुमार यादव समेत कई समर्थक भी मौजूद रहे और लोगों से दीपिका देवी को समर्थन देने की अपील की वार्ड नंबर 14 में दीपिका देवी का लगातार जनसंपर्क अभियान चुनावी मुकाबले को रोचक बना रहा है।

### स्टेशन रोड पर नौशाद अहमद चांद के चुनावी कार्यालय का हुआ शुभ उद्घाटन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड संख्याझ्27 में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। आज स्टेशन रोड, लाइन मस्जिद के समीप वार्ड 27 से प्रत्याशी नौशाद अहमद चांद के चुनावी कार्यालय का शुभ उद्घाटन झामुमो कार्यकर्ता अरशद अहमद वारिश के हाथों फीता काटकर किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला मौके पर संबोधित करते हुए नौशाद अहमद चांद ने कहा कि वे पिछले चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे थे, लेकिन हार के बावजूद उन्होंने कभी जनता से दूरी नहीं बनाई। उन्होंने कहा चुनाव हारने के बाद भी मैं लगातार लोगों के बीच रहा और समाज सेवा के कार्यों में जुटा रहा। सुख-दुख के हर अवसर पर वार्डवासियों के साथ खड़ा रहा। जनता और समर्थकों के आग्रह पर ही मैंने इस बार फिर से चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया है उन्होंने आगे कहा कि वार्ड को एक सक्रिय, जनसेवी और जवाबदेह प्रतिनिधि की आवश्यकता है, जो गरीबों और जरूरतमंदों के हित में मजबूती से आवाज उठा सके वहीं झामुमो कार्यकर्ता अरशद अहमद वारिश ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस चुनाव में नौशाद अहमद चांद को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि वार्ड के विकास को नई दिशा मिल सके। गुलाब मुस्तफा ने भी लोगों से समर्थन देने की अपील की और कहा कि नौशाद अहमद चांद हमेशा समाज के हर वर्ग के साथ खड़े रहे हैं इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता इरशाद अहमद वारिश, गुलाब मुस्तफा, मोहम्मद रहबर, शहाबुद्दीन, मोहम्मद शाहिद, शाहबाज कादरी, मुस्तकीम, चांद, सरफराज, मोहम्मद गुफरान, सफीक, राजा, फराज, जफर, छोटू, रिंकू, इमरान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।चुनावी कार्यालय खुलने के साथ ही वार्ड 27 में चुनावी गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

## प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा में ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा में बीते रात प्रधानाध्यापक कक्ष समेत तीन कमरों का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने थाना में आवेदन देते हुए बताया कि विद्यालय अवधि समाप्त होने के बाद बीते रात प्रधानाध्यापक कक्ष समेत तीन कमरे का ताला तोड़कर एलईडी स्क्रीन पैनल, प्रोजेक्टर, डीवीआर, यूपीएस, बैटरी, मॉनीटर, साउंड बॉक्स, इनवर्टर और कंप्यूटर सेट समेत अन्य उपकरणों को चोरी कर ली गई। साथ ही प्रधानाध्यापक कक्ष के अलमीरा तोड़कर कई जरूरी कागजातों की चोरी एवं कई कागजातों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं कई सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया गया गया।

उन्होंने बताया कि दस माह पूर्व भी चोरी की घटना का अंजाम दिया गया था। जिसका आवेदन थाना में दिया गया था। लेकिन उचित कार्रवाई नहीं होने से चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। और चोरी घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रधानाध्यापक ने पुलिस से छानबीन कर चोरी की गई सामग्री को बरामद करने की गुहार लगाई है। सुचना पाते ही बरकट्ठा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। साथ ही अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## महापौर प्रत्याशी अरविंद कुमार ने लाखे व सुरेश कॉलोनी में चलाया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर महापौर प्रत्याशी अरविंद कुमार का जनसंपर्क अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के लाखे और सुरेश कॉलोनी में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और नगर के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। कई स्थानों पर समर्थकों ने स्वेच्छा से चुनाव अभियान के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। नागरिकों ने कहा कि अरविंद कुमार एक सेवाभावी और



जमीनी प्रत्याशी हैं, जो लंबे समय से जनता के बीच सक्रिय रहे हैं।

लोगों ने नगर निगम की वर्तमान व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों से समर्पित उम्मीदवारों ने शहर की मूलभूत समस्याओं पर अपेक्षित कार्य नहीं किया। लाखे और सुरेश कॉलोनी में सड़क, नाली, जल निकासी, पेयजल और सफाई जैसी समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। जनता ने इस बार बदलाव का मन बनाते हुए अरविंद कुमार को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। मौके पर भारतीय मजदूर संघ (कृषि क्षेत्र) के राष्ट्रीय मंत्री हिरा राम सहित संतोष कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, प्रेम कुमार, दीपक कुमार, अरुण कुशवाहा, ब्रजेश कुमार, मनोज गुप्ता, सुधीर यादव, मुकेश कुमार, बिनोद राम, विक्की कुमार सिन्हा समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर अरविंद कुमार के समर्थन में नारे लगाए और चुनाव में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अरविंद कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि नगर निगम क्षेत्र का समग्र विकास करना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता का विश्वास जीतने के बाद वे पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी के साथ विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान युवाओं और महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने कहा कि इस बार वे एक सेवक को चुनेंगे, जो हर समय जनता के बीच उपलब्ध रहे। अभियान के बाद क्षेत्र में चुनावी माहौल और भी गरमा गया है।

## अंदुडीह, कल्याणडीह और वार्ड 3 में प्रकाश दास का जनसंपर्क अभियान तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव को लेकर शहर में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। महापौर पद के प्रत्याशी प्रकाश दास ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अंदुडीह कल्याणडीह एवं वार्ड नंबर 3 के विभिन्न मोहल्लों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद और समर्थन मांगा जनसंपर्क के दौरान प्रकाश दास ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद किया और नगर निगम क्षेत्र के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, सड़क एवं नाली



जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें मौका देती है तो वे पारदर्शी और जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता देंगे। प्रकाश दास ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि नगर निगम चुनाव में बैलेट पेपर पर क्रम संख्या 9, बाल्टी छाप पर मुहर लगाकर उन्हें विजयी बनाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र की जनता बदलाव और विकास के पक्ष में मतदान करेगी।जनसंपर्क अभियान में समर्थकों और स्थानीय कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। लोगों ने भी उनका स्वागत कर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई, प्राथमिकता के साथ समस्याओं का निराकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार शासन प्रशासन व आम नागरिकों के बीच संवाद का माध्यम है। इससे ना



केवल लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है, बल्कि जनता का विश्वास भी प्रशासनिक व्यवस्था में मजबूत होता है आज आयोजित जनता दरबार में कुल 42 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक समस्याएं, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड और से संबंधित विषय प्रमुख रहे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई की और कई मामलों का निष्पादन मौके पर ही किया।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के साथ काम करें, ताकि जनता को अनावश्यक परेशान नहीं होना पड़े।साथ ही सभी आवेदनों को जन समाधान पोर्टल पर निश्चित रूप से तय समय सीमा के अंदर अपलोड करना सुनिश्चित करें।यह पोर्टल विशेष रूप से जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन और करवाई से ऑनलाइन अवगत करने हेतु बनाया गया है।

## वार्ड 14 से प्रत्याशी नीलम झा ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ, राजपूत मोहल्ला में जनसंपर्क तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर वार्ड नंबर 14 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड पार्षद पद की प्रत्याशी नीलम झा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर मौजूद रंजीता सिन्हा ममता देवी सुमन इत्यादी समर्थकों और स्थानीय लोगों की अच्छी-खासी भीड़ मौजूद रही। समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और जीत के नारों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।कार्यालय उद्घाटन के दौरान नीलम झा ने कहा कि वार्ड नंबर 14 में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।



उन्होंने साफ-सफाई, सड़क, नाली, पेयजल और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे राजपूत मोहल्ला का किया दौरा कार्यालय उद्घाटन के बाद नीलम झा ने आज राजपूत मोहल्ला का सघन जनसंपर्क दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। स्थानीय महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं नीलम झा ने आश्वासन दिया कि जनता की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका चुनावी अभियान पूरी तरह जनसमर्थन और विकास के मुद्दों पर आधारित है दौरे के दौरान उनके साथ कई समर्थक और वार्ड के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। वार्ड नंबर 14 में चुनाव को लेकर अब मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है और प्रत्याशी लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं।

## सिंदूर सियारी (नवडीहा) में कलश यात्रा संग शुरू हुआ तीन दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)** । हजारीबाग शहर के शहर के सिंदूर, सियारी (नवडीहा) स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भक्तिभाव के साथ उत्सवपूर्वक शामिल हुए। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल जेल रोड़ में पहुंचकर शामिल हुए और कलश यात्रियों एवं यज्ञ आयोजन समिति से जुड़े लोगों का हाथ जोड़कर अविवादन किया एवं उनका सम्मान किया।इस दौरान यज्ञ समिति से जुड़े



बहनों ने सांसद मनीष जायसवाल का तिलक चंदन लगाया वहीं आयोजन समिति के अन्य लोगों ने अंग-वस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर, सिंदूर, सियारी से प्रारंभ होकर जेल रोड़ होते हुए हजारीबाग झील तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने जल भरकर पुनः विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया। पूरे मार्ग में ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया । महायज्ञ में शामिल होकर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की जीवंत पहचान हैं। महायज्ञ समाज को एकसूत्र में बांधने का बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सदैव विकास और सद्भाव की राह पर आगे बढ़ता रहे, यही मेरी उनसे प्रार्थना है । आयोजन समिति के अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि दूसरे दिन शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, विशेष पूजा-अर्चना एवं विशाल खीर भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

वहीं 15 फरवरी को शिव विवाह एवं रात्रि में दीप यज्ञ के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा। तीनों दिनों तक प्रतिदिन संध्या समय प्रवचन एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजन समिति की पूजा कश्यप ने कहा कि महायज्ञ में आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है । मौके ओर विशेषरूप से इस आयोजन को लेकर अभिषेक कुमार पांडेय, पूजा कश्यप, शिव कुमार, रिंकू वर्मा, सुधीर कुमार, रवि राही, राजीव कुमार, गायत्री देवी, बबीता देवी, रेणु देवी, मधु पटेल, विंध्याचल देवी, निर्मला चौधरी, ममता सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग बेहद सक्रिय भूमिका में हैं। सांसद मनीष जायसवाल के साथ यहां उनके मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौजूद रहे ।

■ कलश यात्रा में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल, कहा -धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का है प्रतीक

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू के सभी पांचो नगर निकाय आम चुनाव 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस व डीडीसी जावेद हुसैन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग स्थानीय जीएलए कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कॉलेज में चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच की तैयारियों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने उपनिर्वाचन पदाधिकारी-सह-पंचायती राज पदाधिकारी रतन सिंह को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय पर और त्रुटिरहित सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बताया गया कि 22 फरवरी को डिस्पैच सेंटर से विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा।इसे लेकर काउंटरवार सुव्यवस्थित डिस्पैच व्यवस्था, निर्वाचन सामग्री किट का पूर्ण संकलन,पोलिंग कर्मियों की उपस्थिति का सत्यापन तथा रैंडमाइजेशन के अनुरूप प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है।इसके अलावा सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती, रूट चार्ट के अनुसार वाहन व्यवस्था, पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण संबंधी दिशा-निर्देशों का पुनः स्मरण, मेडिकल सहायता, पेयजल, शौचालय समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया गया है। डिस्पैच सेंटर पर कड़ी निगरानी रखने को लेकर कंट्रोल रूम और हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जा रहा है।उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा,ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।इसके अलावे स्ट्रांग रूम व मतगणना परिसर में रिसीविंग टेबल पर मतदान कर्मियों के पहुंचने के लिए सुलभ व्यवस्था,मतगणना के दिन कर्मियों एवं चुनावी अभिकर्ताओं का आवागमन व्यवस्था, मतगणना कक्ष में टेबल का संधारण सहित सुरक्षा व्यवस्था आदि को ले कर दिशा निर्देश दिया गया।मौके पर उपरोक्त के अलावे जिला परिवहन पदाधिकारी सह वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, एनडीसी नीरज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार,सहायक नगर आयुक्त समेत अन्य मौजूद रहे।



# प्रमंडलीय आयुक्त से डीआइजी ने की मुलाकात



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से आज पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआइजी) किशोर कौशल मुलाकात की। डीआइजी ने आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। साथ ही पलामू प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले में विधि व्यवस्था एवं पुलिसिंग को लेकर चर्चा की। इसके पूर्व आज कार्यालय पहुंचने पर आयुक्त कुमुद सहाय का गार्ड ऑफ ऑनर किया गया।

# सतगावां के कटैया जंगल से भारी मात्रा में हथियार बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** हथियारों की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के एक सदस्य को कोडरमा पुलिस ने सतगावां के कटैया पंचायत के गजहड टोला से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रामेश्वर प्रसाद उर्फ राकेश साव बिहार के जहानाबाद जिले के काको ओपी का रहने वाला है। पूर्व में भी गिरफ्तार रामेश्वर प्रसाद जहानाबाद में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है और उस पर देशद्रोही गतिविधि में शामिल होने का आरोप है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पुलिस ने दो देसी करबाईन और दो देशी राइफल के अलावे पांच जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से सतगावां में संदिग्ध अवस्था में भ्रमण करते हुए देखा गया था, जिसकी सूचना के बाद पुलिस ने छापेमारी करते हुए उसे गजहड टोला के एक प्राथमिक सरकारी स्कूल से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से बोरे में रखा गया हथियार पुलिस ने जप्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर थाने लाई, जहां पूछताछ में उसने बताया कि वह बिहार के नालंदा जिले के कौशल नाम के व्यक्ति से साथ मिलकर पुराने हथियारों की खरीद बिक्री कर रहा था और फिलहाल वह सतगावां के गजहड टोला में छिपकर सरकारी स्कूल में रह रहा था। इस मामले की जानकारी देते हुए एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से बरामद किए गए हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद हथियार किसको सप्लाई करने वाला था।





# चंदरोंडीह में जेन्डर जस्टिस सेंटर का उद्घाटन

**कोडरमा (कोडरमा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा चंदरोंडीह में स्थापित जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन एवं संचालन संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला के उप विकास आयुक्त रवि जैन एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम प्रबंधक (जेएस एलपीएस) प्रकाश रंजन जबकि संचालन संयोजन की ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर शिखा वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि जीआरसी महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह सेंटर घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न, शोषण एवं अन्य अत्याचार से जुड़े मामलों की शिकायत दर्ज कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा। मौके पर कन्हाई यादव, सदानंद यादव, अनीता देवी, सीमा पंडित, सोनी देवी, सरिता कुमारी, सपना कुमारी, मंजू देवी, बबिता देवी, नीतू कुमारी यादि लोग मौजूद थे।



# प्रमंडलीय आयुक्त से मिलीं पुलिस अधीक्षक, विभिन्न कार्यालयों का हुआ निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से आज पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन शिष्टाचार मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। वहीं सामाजिक सुरक्षा के उपनिदेशक पीयूष, पलामू की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने शिष्टाचार मुलकात की और गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

इधर, आयुक्त कुमुद सहाय ने प्रमंडलीय आयुक्त भवन में संचालित विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से लंबित मामलों, प्राप्त आवेदनों तथा उनके निष्पादन की स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्यों का निष्पादन समयबद्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी को अनावश्यक विलंब का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालयों में जवाबदेही एवं अनुशासन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यों में लापरवाही अथवा अनावश्यक देरी उचित नहीं है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अभिलेखों के संधारण एवं उसका रखरखाव बेहतर तरीके से करने का निदेश दिया। आयुक्त ने आयुक्त कार्यालय, कान्फ्रेंस हॉल, सचिव कक्ष, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, पेशकारी शाखा, नजारत शाखा, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव का कक्ष, उपनिदेशक कल्याण कक्ष, उपनिदेशक कल्याण कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय आदि विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं का निरीक्षण किया।



## अधेड़ ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो प्रखंड के सिमरिया पंचायत स्थित ग्राम डूमरडीहा में एक अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र साव उम्र 45 वर्ष शुक्रवार की सुबह फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

राजेंद्र साव की पुत्री चांदनी कुमारी ने बताया कि मेरी बातचीत कुंवारे में ही गांव के रोहित साव से हुआ करती थी। गांव के लोगों ने मेरे पिता के साथ मिलकर मेरी शादी राजस्थान में करा दी। राजस्थान में मेरा पति मारपीट करता था और कहता था कि मैं तुझे खरीद के लाया हूं। मैं जब तंग आ गई तो रोहित साव को फोन की कि अगर तुम मुझे यहा से नहीं ले जाओगे तो मैं मर जाऊंगी। रोहित साव मुझे लेकर आया और मुझसे शादी भी कर ली। उसके बाद गांव के कुछ लोग खाना खिलाने और पैसे की मांग करने लगे। मेरे पिताजी देने में असमर्थ थे। तंग आकर मेरे पिता ने आत्महत्या कर ली।

# तेतरौन शिव मंदिर में 51 कलशों के साथ निकली कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर प्रखंड के तेतरौन चौक स्थित शिव मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं शंखध्वनि के बीच 51 कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं एवं कन्याएं सिर पर कलश धारण कर केशो नदी दशारो पहुंचीं।,जहां विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ जल भरकर शोभायात्रा के रूप में मंदिर परिसर लौटीं। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का उद्घाटन झामुमो नेता महावीर यादव ने फीता काटकर किया। मुख्य पुजारी तालेश्वर यादव एवं उनकी पत्नी चिंता देवी की देखरेख में पूजा-अर्चना कराया जा रहा है। कलश यात्रा के उपरांत 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ प्रारंभ किया गया, जिसे पंडित धनंजय पांडेय एवं मुरलीधर शास्त्री द्वारा विधिवत संपन्न कराया जा रहा है।अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि शनिवार को पूजन-अनुष्ठान जारी रहेगा तथा रविवार को कार्यक्रम के समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि इस शिव मंदिर की स्थापना वर्ष 1992 में की गई थी। तीन दशक से अधिक समय के बाद मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता को देखते हुए इसका व्यापक पुनर्निर्माण कराया गया। निर्माण कार्य का दायित्व लखिया देवी (पति स्वर्गीय सोना महतो) ने संभाला, जिनके प्रयासों से मंदिर को नया एवं आकर्षक स्वरूप प्राप्त हुआ। मौके पर महेश यादव, चंद्रदेव यादव, धनेश्वर यादव, लक्ष्मण यादव, विनोद शर्मा, कान्हाय यादव, बीरेंद्र यादव, प्रदीप यादव, पवन यादव, बबीता देवी, अनीता देवी, साबिया देवी, कलावती देवी, गुड़िया देवी, प्रियंका, रीना, नीतू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अभियुक्त के घर पुलिस ने की कुर्की जब्ती की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो पुलिस ने शुक्रवार को नामजद अभियुक्त दशारोखुर्द निवासी संजय यादव, वीरेंद्र यादव व पिता द्वारिका यादव के घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। सभी अभियुक्त लम्बे समय से फरार चल रहे हैं। कुर्की जप्ती की कार्रवाई में थाना प्रभारी एनके तिवारी व एएसआई मो. इसराफिल शामिल थे। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है पर पुलिस के गिरफ्त में नहीं आने पर न्यायालय के निर्देश पर उक्त कार्रवाई की गयी। इसके पूर्व अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाने की भी कार्रवाई की जा चुकी थी लेकिन निर्धारित समय सीमा के अंदर आरोपीयों द्वारा पुलिस या न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गयी।

**Name Changes**

I TRIPURARI CHOUDHARY S/O RAM KUMAR CHOUDHARY R/O Flat No-G-3 La Italiano Apartment Kunwar Singh Colony Hinoo Doranda Ranchi Jharkhand-834002, have changed my name to ROHIT CHOUDHARY.

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

ई-निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू-272-147-टी1-54, दिनांक 04.02.2026 के संबंध में शुद्धिपत्र संख्या 1, जो पूर्व में मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/परियोजना, पूर्व रेलवे, कोलकाता द्वारा कार्य ''माझेरहाट, ब्रेस ब्रिज, नंगी में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों की सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, इंटरलॉकिंग और आरंभ एवं पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के माइल 5बी-बजबज के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कार्य के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ डुअल एमएसडीएसी (दो पैकेट प्रणाली)'' के लिए प्रकाशित की गई थी। (1) निविदा की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 05.03.2026 से 12.03.2026 को 14.00 बजे कर दी गई है (अर्थात 7 दिनों का विस्तार)। (2) बोली-पूर्व सम्मेलन का आयोजन सीएसटीई कार्यालय, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस में दिनांक 17.02.2026 को किया जाएगा। निविदा के अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र संख्या 1 के साथ ई-निविदा सूचना का विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

CON-68/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## अधिकारियों को सौंपा गया महापरिवर्तन आंदोलन का ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में महापरिवर्तन आंदोलन बिहार के सदस्यों ने स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से हसपुरा प्रखंड को आदर्श प्रखंड के रूप में विकसित करने सहित विभिन्न बुनियादी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। बताया गया कि बीते दिनों प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी एवं अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी को क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया गया था। इसी क्रम में आंदोलन से जुड़े प्रतिनिधियों ने एक बार फिर लिखित रूप में मांगें रखीं। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि रामाश्रय प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक राम एकबाल सिंह, सरपंच बखोरा खां, सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव, संजीत यादव, अशोक ज्वाला तथा बैजु प्रसाद उपस्थित रहे।

# राजकीय जनजातीय हिजला मेला शुरू, लोगों में उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** जिला में मयूराक्षी नदी के तट पर 13 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव- 2026 का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया। सबसे पहले हिजला मेला परिसर स्थित मांझी थान (संथाली समाज का पूजा स्थल) में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद स्थानीय ग्राम प्रधान मानवेल सोरेन के द्वारा फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद की अध्यक्ष जॉयस बेसरा, दुमका उपायुक्त अभिजीत सिन्हा, एसडीओ कौशल कुमार समेत तमाम अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हिजला मेला का यह 136वां वर्ष है। अंग्रेजी शासन काल में दुमका के डिप्टी कमिश्नर जॉन आर। कास्टेयर्स ने 03 फरवरी 1890 को इसे शुरू की थी। इसके बाद ये मेला लगातार चलता आ रहा है।

**रंगारंग कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति**

हिजला मेला के उद्घाटन सत्र में अलग-अलग सरकारी विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। लोकनृत्य, गीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों का दर्शकों ने आनंद लिया। आठ दिनों तक चलने वाले इस मेला में राज्य के अलग-अलग इलाकों से आकर लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

सरकारी विभागों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र

इस मेला में झारखंड सरकार के सभी विभागों के द्वारा प्रदर्शनियां लगाई गयी हैं। जहां लोगों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही साथ सरकार की उपलब्धियों को भी बताया जाएगा। लोगों के बीच यहां आयोजित कृषि प्रदर्शनी विशेष आकर्षण रहता है। जहां आधुनिक कृषि के तौर तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक और सशक्त भी बनाती है। साथ ही उन्नत किस्म की सब्जियां और फलों को भी प्रदर्शित किया गया है।

**हिजला मेला महोत्सव हमारी समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान**

इस अवसर पर दुमका उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि यह 136वां हिजला मेला केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि यह मेला हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को सशक्त रूप से प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि हिजला मेला प्राचीनता और आधुनिकता का अद्भुत संगम है।

# क्रिकेट का महाकुंभ: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में बलदेव साहू मेमोरियल टूर्नामेंट का समापन

## सहवाग-हरभजन की मौजूदगी में चमका लोहरदगा, पलामू को हराकर मेजबान टीम बनी चैंपियन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में शुक्रवार को बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में स्वर्गीय बलदेव साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह सहित झारखंड कैबिनेट के आधे मंत्री पहुंचे थे। क्रिकेट मैच का फाइनल देखने के लिए जिला सहित आसपास के हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। जिसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

***पूर्व क्रिकेटर समेत राजनेताओं का लगा जमावड़ा***

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लोहरदगा और पलामू के बीच खेला गया। जिसमें लोहरदगा ने पलामू को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। महत्वपूर्ण बात यह रही कि क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह पहुंचे थे। इसके अलावे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक राजेश कच्छप, सहित झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अजय शाहदेव और सचिव सौरभ तिवारी भी पहुंचे थे।

***खेल के माध्यम से हो रहा है राज्य का नामः मुख्यमंत्री***

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड का नाम खेल के माध्यम से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्व करने वाली बात यह है कि महिला हॉकी टीम की कप्तान झारखंड की है और आधी टीम भी झारखंड के खिलाड़ियों की है। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम में और कुछ काम किया जाए तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बन सकता है।

फ्लड लाइट से स्टेडियम का रूप निखर सकता हैः वीरेंद्र सहवाग

क्रिकेट और पॉलिटिक्स के सितारों की उपस्थिति में क्रिकेट का रोमांचक मैच खेला गया। आयोजन में पहुंचे वीरेंद्र सहवाग ने लोहरदगा स्टेडियम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यदि यहां पर फ्लड लाइट लग जाए तो स्टेडियम का रूप और भी निखर सकता है। वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि अगली बार जब वह स्टेडियम में उपस्थित होंगे तो स्टेडियम और भी विकसित मिलेगा।

***स्टेडियम को और विकसित करने की जरूरतः हरभजन सिंह***

वहीं हरभजन सिंह ने कहा कि स्टेडियम के विकास को लेकर वह काफी उम्मीद लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां काफी बेहतर स्टेडियम का निर्माण हुआ है। यही कारण है कि वह दूसरी बार लोहरदगा पहुंचे हैं। यहां खेल को लेकर काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से अनुरोध करते हुए कहा कि स्टेडियम को और भी विकसित करें।

***मैच को देखने पहुंची हजारों की भीड़***

झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शाहदेव ने कहा कि यदि जिला प्रशासन यहां पर जमीन उपलब्ध कराए तो अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण करने में जेएससीए पूरी तरह से सहयोग करेगा। फाइनल मुकाबले में हजारों की संख्या में दर्शकों ने उपस्थित होकर आयोजन को और भी भव्य बना दिया है। सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे।





**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.**: 272_2025-26, **कार्य का विवरण**: वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत एसवाईएई और हावड़ा ईएमयू कारशेड एवं आसपास के क्षेत्रों में फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प का प्रावधान और जल निकासी कार्यों में सुधार। **अनुमानित मूल्य:** रु.7,99,70,353.41, **बयाना राशि:** रु. 5,49,900/-, **समापन अवधि**: स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.**: 273_2025-26, **कार्य का विवरण**: वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत लिलुआ यार्ड और आसपास के क्षेत्रों में फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प का प्रावधान, कीचड़ का निपटान, पाथवे और जल निकासी कार्यों में सुधार। **अनुमानित मूल्य :** रु.7,32,90,397.84, **बयाना राशि:** रु. 5,16,500/-**समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं.**: 274_2025-26, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत वेल्डिंग अंश की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य:** रु.1,70,75,270/-, **बयाना राशि:** रु. 2,35,400/-**समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 4, ई-निविदा सं.**: 275_2025-26, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मुख्यालय/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत वेल्डिंग अंश की आपूर्ति और पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **अनुमानित मूल्य:** रु.1,05,28,520/-, **बयाना राशि:** रु. 2,02,700/-, **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु.0.00 (क्रम सं. 1, 2, 3 एवं 4 हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान: ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-615/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सत्याग्रह एक्सप्रेस से मिली युवक की लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** वाशिंग पिट पर खड़ी एक ट्रेन की स्लीपर बोगी से एक अज्ञात युवक का शव झूलता हुआ बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर शव को लटकाने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि रेल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है।

पूरा मामला मोतिहारी जिले के भारत-नेपाल बॉर्डर से सटे रक्सौल रेलवे स्टेशन से जुड़ा है। नई दिल्ली से रक्सौल पहुंची सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन के कोच संख्या एस-5 में बर्थ नंबर 57 पर चेन से लटका एक युवक का शव मिला। जानकारी के अनुसार, ट्रेन के रक्सौल पहुंचने के बाद उसे साफ-सफाई के लिए वाशिंग पिट पर खड़ा किया गया था। जब शुक्रवार को ट्रेन को पुनः दिल्ली रवाना करने की तैयारी की जा रही थी, तभी कोच की जांच के दौरान यह शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही रक्सौल जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए रेल डीएसपी और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर शव को जीआरपी के हवाले कर दिया, जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया गया।

इस संबंध में रक्सौल रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि सत्याग्रह एक्सप्रेस से एक अज्ञात शव बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को लटकाने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पुलिस आत्महत्या की संभावना से भी इनकार नहीं कर रही है। दोनों एंगल से जांच की जा रही है। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की पहचान के लिए जीआरपी द्वारा उसकी तस्वीर आसपास के थानों और सोशल मीडिया समूहों में साझा की जा रही है। यदि 72 घंटे के भीतर शव की पहचान नहीं हो पाती है, तो नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा

# पूर्णिया व बक्सर कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## मचा हड़कम्प, सुरक्षा एजेंसियां चौकस, साइबर टीम हुआ एक्टिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बक्सर के जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में शुक्रवार को हड़कंप मच गया जब जिला जज के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर बम से न्यायालय भवन उड़ाने की धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं और एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा दिया गया।

पुलिस-प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एसपी शुभम आर्य, एसडीपीओ गौरव पांडेय, एसडीएम अविनाश कुमार सहित कई थानों की पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता एवं डॉग स्क्वॉड के साथ न्यायालय परिसर में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार धमकी भरा मेल किस आईडी से भेजा गया है, इसकी तकनीकी जांच कराई जा रही है। साइबर टीम को भी लगाया गया है ताकि संदेश भेजने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके।

फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर तलाशी जारी है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तर पर निगरानी की जा रही है।

इसी तरह पूर्णिया के व्यवहार न्यायालय को शुक्रवार सुबह एक अज्ञात ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सनसनी फैल गई। धमकी मिलने के तुरंत बाद सुरक्षा कारणों से न्यायिक कार्यवाही रोक दी गई और पूरे कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं और डॉग स्क्वायड तथा बम निरोधक दस्ते की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह जैसे ही अदालत की कार्यवाही शुरू होने वाली थी, प्रशासन को धमकी भरे ई-मेल की सूचना मिली। एहतियात बरतते हुए पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाई और जजों, वकीलों, कर्मचारियों और मुवक्किलों को परिसर से बाहर निकाल दिया। हाल के वर्षों में यह पहली बार है जब पूर्णिया कोर्ट को इस तरह की सीधी धमकी मिली है।

मौके पर मौजूद सदर एसडीपीओ-1 ज्योति शंकर ने बताया कि उन्हें धमकी की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पूरे कॉम्प्लेक्स की तलाशी ली जा रही है। संदिग्धों का पता लगाने के लिए तकनीकी जांच और छापेमारी जारी है। उन्होंने फिलहाल ई-मेल की बारीकियों पर कोई जानकारी साझा नहीं की, लेकिन परिसर में मौजूद सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। कोर्ट में मौजूद अधिवक्ताओं ने कहा कि बार-बार मिल रही धमकियों और सुरक्षा में सेंध की आशंका न्यायिक प्रक्रिया के लिए गंभीर खतरा हैं।

# पार्षद प्रत्याशी प्रेमी संग हुई फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम चुनाव के शोर के बीच वार्ड संख्या नौ में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां से पार्षद पद की प्रत्याशी राखी मार्डी अपनी बेटी को लेकर कथित तौर पर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई हैं।

राखी मार्डी के पति राकेश मार्डी ने इस मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। राकेश के अनुसार, उनकी पत्नी ने वार्ड नौ से पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल किया था और वह जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी थीं। इसी दौरान वह प्रेमचंद मार्डी नामक व्यक्ति के साथ कहीं चली गईं। राकेश का आरोप है कि प्रेमचंद ने उनकी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगाया है।

घटना से व्यथित पति राकेश मार्डी अपने परिजनों के साथ उपायुक्त (डीसी) कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

साथ ही, वे संबंधित थाने में प्रेमचंद मार्डी के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी (एफआइआर) दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि चुनाव के ऐन वक्त पर इस तरह की घटना से वे गहरे सदमे में हैं।

पार्षद प्रत्याशी के इस कदम से वार्ड नौ के मतदाताओं में खासा आक्रोश और निराशा देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनता जिसे अपना प्रतिनिधि चुनने की तैयारी कर रही थी, उसके इस व्यवहार से क्षेत्र की छवि खराब हुई है।

चुनाव जैसे महत्वपूर्ण समय में प्रत्याशी का इस तरह गायब होना लोकतंत्र और जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ है। फिलहाल, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

# फ्रांस के पर्यटकों ने किया मां तारा नगरी केसपा का भ्रमण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी ।** फ्रांस से आई पर्यटकों की एक टोली ने जगत ट्रेवल्स के सौजन्य से माँ तारा नगरी केसपा का भ्रमण किया। टोली में मारिए ऑडिले, इसबेल्ले, एनी और क्लाऊदीने शामिल थीं। भ्रमण के दौरान गाइड राकेश कुमार उर्फ छोटू उनके साथ रहे।

पर्यटकों ने सर्वप्रथम केसपा स्थित माँ तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला से किया गया।

मंदिर परिसर में उन्होंने अतिथि टिप्पणी पुस्तिका में अपने अनुभव दर्ज करते हुए यहाँ की आध्यात्मिक ऊर्जा, शांति एवं ग्रामीण आतिथ्य की सराहना की। इस अवसर पर ग्रामीण प्रो. अरुण शर्मा, हिमांशु शेखर एवं विक्रम कुमार में होने गांव की प्राचीन धरोहर से अवगत कराया।

इसके पश्चात उन्होंने कमल के फूल के साथ स्थापित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा तथा गरुड़ पर विराजमान भगवान विष्णु के मंदिर का भी दर्शन किया। विदेशी पर्यटकों ने भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और ग्रामीण परिवेश को करीब से जानने में विशेष रुचि दिखाई।

भ्रमण के क्रम में टोली ने बोहिया मध्य विद्यालय पहुँचकर बच्चों से संवाद किया तथा उनके बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं ग्रामीण अरुण यादव उपस्थित रहे।स्थानीय लोगों ने विदेशी मेहमानों का पारंपरिक स्वागत किया। समाजिक कार्यकर्त्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय भ्रमण से क्षेत्र की पहचान वैश्विक स्तर पर बढ़ती है, तथा पर्यटन को प्रोत्साहन मिलता है।

# अधूरा बना एस्केलेटर बना जी का जंजाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत आरा जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाया गया एस्केलेटर अब खुद परेशानी का कारण बन गया है, क्योंकि स्टेशन के चार नंबर प्लेटफार्म पर स्थापित यह मशीन महीनों से अधूरी पड़ी है और अब तक चालू नहीं हो सकी है। लाखों रुपये की लागत से लगाई गई यह सुविधा धूल फांक रही है, जबकि रोजाना हजारों यात्रियों की आवाजाही के बीच इसका लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है और रेलवे के दावों पर सवाल उठने लगे हैं।

आरा जंक्शन शाहाबाद क्षेत्र का एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है, जहां से बिहटा, अरवल, छपरा और सिवान समेत कई जिलों के यात्री सफर करते हैं और प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। त्योहारों और विशेष अवसरों पर भीड़ और बढ़ जाती है, ऐसे में प्लेटफार्म बदलने के लिए फुटओवर ब्रिज ही एकमात्र सहारा रह जाता है, क्योंकि एस्केलेटर चालू नहीं होने से यात्रियों की परेशानी और बढ़ जाती है।

चार नंबर प्लेटफार्म पर एस्केलेटर लगने से उम्मीद जगी थी कि बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग यात्रियों को राहत मिलेगी, लेकिन मशीन के बंद रहने से उनकी मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। भारी सामान के साथ सीढ़ियां चढ़ना उनके लिए बड़ी चुनौती बन जाता है और कई बार यात्री एक-दूसरे का सहारा लेकर किसी तरह प्लेटफार्म पार करते नजर आते हैं, जिससे असुविधा और नाराजगी दोनों बढ़ रही है। रेलवे द्वारा एक और दो नंबर प्लेटफार्म पर भी एस्केलेटर लगाने की घोषणा की गई थी, जिससे स्थानीय लोगों और नियमित यात्रियों को उम्मीद जगी थी कि जल्द ही आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, लेकिन अब तक न तो एस्केलेटर लगाया गया है और न ही इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी दी गई।

# हर्ष फायरिंग में दो को लगी गोली, मची अफरा तफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के वैशाली थाना अंतर्गत भगवतपुर गांव में लड़की के शादी समारोह वरमाला के दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान एक चौकीदार की पत्नी सहित दो व्यक्ति को गोली लगी है। वरमाला के क्रम में गोली चलने के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई।

मौके पर मौजूद सभी लोग इधर-उधर भागने लगे। गोली लगने से घायल महिला को आनन-फानन में प्राथमिक उपचार के लिए मुजफ्फरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर के द्वारा घायलों का इलाज किया गया। घायल बेलसर थाना क्षेत्र के साइन परवारा निवासी मुकेश राय की पत्नी रेखा देवी एवं भगवतपुर गांव निवासी सुरेंद्र राय की बेटी बताई गई है। रेखा देवी के पति मुकेश राय बेलसर थाना में चौकीदार है। वह बेलसर प्रखंड के करनेजी गांव का चौकीदार बताया गया है। रेखा देवी अपने मौसेरी बहन की शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। इसी दौरान हर्ष फायरिंग में रेखा देवी समेत दो को गोली लगी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि भगवतपुर निवासी दिनेश राय की बेटी की शादी समारोह के दौरान वरमाला का आयोजन किया गया। इस दौरान हर्ष फायरिंग के क्रम में दो महिला को गोली लग गई। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। आनन-फानन में घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा घायलों का इलाज किया गया। इस संबंध में वैशाली थाना अध्यक्ष ने बताया कि भगवतपुर में दिनेश राय की बेटी की शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में दो महिला को गोली लगी है। प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हर्ष फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**मोतिहारी।** छतौनी थाना क्षेत्र स्थित छोटा बरियारपुर मोहल्ला में चल रहे कथित देह व्यापार गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान दो पुरुष और चार महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त मोहल्ले में अवैध गतिविधि संचालित की जा रही है। सूचना के आधार पर प्रशिक्षु एएसपी हेमंत कुमार, डीएसपी कुमारी प्रियंका, छतौनी थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक मृत्युंजय कुमार पासवान और महिला थानाध्यक्ष मोना कुमारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

# दो यूट्यूब चैनलों और एक फेसबुक अकाउंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में मासूम बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस ने पहचान उजागर करने को लेकर सख्त कदम उठाया है। मामले से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करने वाले दो यूट्यूब चैनलों और एक फेसबुक अकाउंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि संबंधित दोनों यूट्यूब चैनलों को बंद कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए पत्राचार किया जा रहा है तथा संचालकों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी है। वहीं, फेसबुक अकाउंट संचालक का नाम-पता भी खंगाला जा रहा है।

इधर, घटना के विरोध में हुई आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस पर पथराव के मामले में नामजद 44 आरोपितों में से 38 की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। अब तक छह आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

दूसरी ओर, 44 नामजद लोगों में से कई को निर्दोष बताते हुए एक शिष्टमंडल ने बुधवार को एसएसपी से मुलाकात की। भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, पार्षद शत्रुघ्न प्रसाद यादव, सपना भारती सहित अन्य प्रतिनिधियों ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्दोष लोगों के नाम हटाए जाएं। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है और कानून के दायरे में रहकर आगे की कार्रवाई जारी रहेगी।

# तिहरे हत्याकांड में न्यायालय ने सुनाई फांसी की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय व्यवहार न्यायालय के एडीजे-3 ब्रजेश कुमार सिंह के न्यायालय ने गुरुवार को चर्चित तिहरे हत्याकांड में दोषी विकास सिंह को फांसी की सजा सुनाई।

वहीं, रामनिवास यादव व सरिता देवी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। 27 अक्टूबर 2019 को दीपावली रात सिंघौल थाना क्षेत्र के मचहा गांव में विकास ने अपने सगे भाई कुणाल सिंह, भाभी कंचन देवी व भतीजी सोनम कुमारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।गौरतलब है कि दोषी विकास सिंह पहले से ही अपने चाचा-चाची की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

घटना सिंघौल ओपी क्षेत्र के मचहा गांव की थी। इसमें 40 वर्षीय कुणाल सिंह, उनकी पत?नी 35 वर्षीय कंचन देवी और पुत्री 17 वर्षीय सोनम कुमारी की गोली मारकर हत?या कर दी गई थी।

दिवाली की रात में लोगों को लगा कि पटाखे फूट रहे हैं, इसलिए किसी ने खास ध?यान नहीं दिया था। पुलिस पहुंची तो घटनास?थल से 16 खोखे बरामद किए गए थे।

गोलीबारी कर भागने के क्रम में भतीजा शिवम पर भी गोली चलाई, लेकिन पिस्टल मिसफायर होने से उसकी जान बच गई वहीं दूसरे भतीजे सत्यम ने पड़ोसी के घर भाग कर अपनी जान बचाई थी।

चार बीघा भूमि को लेकर गोतिया में शुरू विवाद ने खूनी रूप ले लिया और मचहा में 2012 से 2019 तक एक ही परिवार में पांच हत्या हुई।

## वेलेंटाइन डे के मौके पर चौकस रहेगी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** वैलेंटाइन डे वीक का समापन 14 फरवरी को होता है। इस दौरान कुछ लोग जबरन प्रेम का इजहार कर लड़कियों और छात्राओं को गुलाब देने जैसी हरकतें करते हैं, वहीं कुछ लोग पाश्चात्य संस्कृति के विरोध के नाम पर पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर मिलने वाले प्रेमी जोड़ों से मारपीट और बदसलूकी करते हैं।

ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए धनबाद पुलिस ने विशेष तैयारी की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि छेड़खानी करने वालों और प्रेमी जोड़ों से दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर गश्त बढ़ाई जाएगी और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी, ताकि लोग सुरक्षित माहौल में दिन मना सकें।

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अड्डाबाजी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को धनबाद पुलिस की सिटी हाक्स टीम ने व्यापक फ्लैग मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार ने किया।

फ्लैग मार्च के दौरान टीम ने हीरापुर, स्टेशन रोड, बैंकमोड़, धनसार चौक, नया बाजार, सिटी सेंटर, मेमको मोड़, गोल बिल्डिंग, स्टील गेट, सरायढेला और पुलिस केंद्र सहित शहर के व्यस्त व संवेदनशील इलाकों में सघन गश्त की।

डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि आगामी चुनाव को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि अड्डाबाजी, शराबखोरी और संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

# पदयात्रा के सफल आयोजन को ले बैठक 17 अप्रैल को

## 22 अप्रैल को चम्पारण में होगा समापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ज्ञात हो कि राजघाट से राजघाट, वाराणसी से दिल्ली तक की पदयात्रा के सफल आयोजन के बाद सर्व सेवा संघ ने राज्यों में यात्रा करने का फैसला लिया है। यह यात्रा प्रदेश सर्वोदय मंडल एवं सर्व सेवा संघ द्वारा अन्य सहमना संगठनों के सहयोग से आयोजित होना है। इस क्रम में 10 अप्रैल को पटना से एक यात्रा प्रस्तावित है 22 अप्रैल को भीतिहरवा, चम्पारण में समाप्त होगी।

यह यात्रा आजादी की विरासत, सद्भावना, लोकतंत्र, संविधान की हिफाजत एवं गांधी विचार के प्रचार- प्रसार की दृष्टि से आयोजित की जा रही है। यह यात्रा नहीं बल्कि सहयात्रा है क्योंकि हम सबके लक्ष्य समान हैं-युद्ध,हिंसा मुक्त और शोषण एवं शासन विहीन एक मानवीय दुनिया का निर्माण।

सत्य, अहिंसा, लोकतंत्र, संविधान, सद्भाव, अल्पसंख्यक, महिला और संघर्ष, त्याग एवं रचना की हमारी विरासत पर हो रहे हमलों के इस दौर में इस यात्रा का महत्व बढ़ जाता है।

इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए पटना में 17 फरवरी, 2026 को 12 बजे दिन से गांधी स्मारक निधि, कदमकुआं पटना में एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में आप सादर आमंत्रित हैं। इस संदर्भ में मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया और भितिहरवा आश्रम में भी बैठकें आयोजित की जाएंगी।

# राम लखन सिंह-गजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत राधा कृष्ण गोविंद गोस्वामी इंटर महाविद्यालय सह डिग्री कॉलेज के प्रांगण में शनिवार को राम लखन सिंह सह गजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन नेत्री उर्मिला सिंहा, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह एवं योगाचार्य रमाकांत सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल को आपसी भाईचारे, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक बताया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में वारिसनगर और बल्लीपुर की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। वारिसनगर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्लीपुर की टीम 17.2 ओवर में 84 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में वारिसनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच अपने नाम कर लिया मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अंपायर की भूमिका गुंजन कुमार एवं मदन कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी विजय कुमार एवं शिवाकांत कुमार ने संभाली। कमेंट्री के माध्यम से शांति आनंद, मृत्युंजय कुमार एवं मुन्ना कुमार ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया इस अवसर पर विद्यासागर सिंह, विभाग कुमार, गुंजन कुमार, संतोष कुमार बबली, सरोज कुमार सिंह, संजय सहनी, राज नारायण सिंह, मनीष कुमार, सीताराम यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि टूर्नामेंट के आगामी मैचों में भी विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले होंगे और विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा।

## किशोर ने की आत्महत्या

**मुंगेर।** कासिम बाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर में गुरुवार को हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। मां से मोबाइल मांगने पर हुई डांट-फटकार से आहत किशोरी ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका लल्लू पोखर निवासी संतोष साह की पुत्री वैष्णवी मध्य विद्यालय बेलन बाजार में कक्षा अष्टम की छात्रा थी। स्वजन के अनुसार वह पिछले दस दिनों से विद्यालय नहीं जा रही थी। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षक ने घर पहुंचकर शिकायत की थी कि वैष्णवी नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रही है और दोपहर में मध्याह्न भोजन की घंटी के बाद ही पहुंचती है। शिक्षक की शिकायत के बाद मां बेबी देवी ने बेटी को डांट-फटकार लगाई थी। इसके बाद उसने स्कूल जाना छोड़ दिया। मां बेबी देवी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की सुबह वैष्णवी ने मोबाइल फोन मांग रही थी की जिद की। मां मोबाइल छिपाकर गंगा स्नान के लिए घाट चली गईं। इसी दौरान किशोरी ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। घाट से लौटने पर मां ने उसे फंदे से झूलते देखा तो चीख-पुकार मच गई।

# पैसे का लालच देकर छात्रा से दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम एक स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार छात्रा स्कूल से लौटने के बाद घर पर भोजन कर सहेलियों के साथ गांव से करीब 500 मीटर दूर शौच के लिए गई थी। इसी दौरान आरोपित शैलेन्द्र ठाकुर वहां पहुंच गया। बच्चियों के भागने के क्रम में पीड़िता के पास रखा 100 रुपये का नोट गिर गया। आरोपित ने नोट का लालच देकर छात्रा को पास बुलाया और फिर जबरन खंधा में ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में उबाल आ गया। लोगों ने आरोपित को पकड़कर उसकी पिटाई की, हालांकि वह किसी तरह वहां से भाग निकला।

बाद में पुलिस ने छापेमारी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। खुले में शौच की मजबूरी, सुनसान इलाकों में पर्याप्त निगरानी का अभाव और सामाजिक जागरूकता की कमी जैसी समस्याएं अब भी जमीनी हकीकत बनी हुई हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटनाएं केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की सोच और जिम्मेदारी से भी जुड़ी हैं। जरूरत है कि परिवार, स्कूल, पंचायत और प्रशासन मिलकर सुरक्षा के ठोस उपाय सुनिश्चित करें, ताकि बेटियां भयमुक्त वातावरण में जीवन जी सकें।

## प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड सभागार में प्रखंड किसान सलाहकार समिति शिवाजीनगर की प्रथम बैठक गुरुवार को समिति अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार बिरजू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे किसानों की समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक को उद्यान पदाधिकारी सरोज कुमार पासवान ने संबोधित करते हुए कहा किसान कम लागत में ओल, हल्दी, माशाला, और फलदार पौधा लगाकर अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि खेतों को हम पटवन करते हैं और उसमें नमी की कमी हो जाती है तो एक पॉलिथीन का बैग सरकार द्वारा आविष्कार किया गया है जिसे खेतों के बीच में पानी भरकर जगह-जगह टांग दिया जाए तो उससे खेत में नमी बरकरार हो जाती है और फसल की उत्पादन भी बढ़ जाती है और किसानों की आय दुगनी होती है। मौके पर प्रखंड प्रमुख डॉक्टर गोविंद कुमार, कृषि पदाधिकारी सतीश कुमार, पेटीएम गौरव कुमार, किसान कमलदेव सिंह ,डॉक्टर सुनील कुमार सुमन ,हरि सहनी, शंभू चौधरी, कुंदन कुमार चौधरी सहित और अन्य किसान उपस्थित थे।

# एमओसी के नवीकरण से 2030 तक एसडीजी लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेज होंगे प्रयास : सम्राट चौधरी

## गेट्स फाउंडेशन संग साझेदारी से सशक्त होगा बिहार का स्वास्थ्य तंत्र: मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार ने गेट्स फाउंडेशन के साथ चल रहे 'सहयोग ज्ञापन' (एमओसी) का नवीनीकरण पांच वर्षों के लिए पुनः किया। यह समझौता अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा और अगले पांच वर्षों तक राज्य सरकार के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य समेत कुछ अन्य विभागों को सहयोग प्रदान करेगा। शुक्रवार को पुराना सचिवालय सभाकक्ष में यह समझौता उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षरित की गयी। वर्तमान सहयोग ज्ञापन पर बिहार सरकार की ओर से मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत तथा गेट्स फाउंडेशन की भारत निदेशक अर्चना व्यास ने हस्ताक्षर किए। बिहार सरकार और गेट्स फाउंडेशन के बीच वर्ष 2010 से सशक्त साझेदारी रही है। पिछले 15 वर्षों में इस समझौते का कई बार नवीनीकरण किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस समझौते के नवीनीकरण के लिए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को बधाई दी और कहा बिहार सरकार राज्य के नागरिकों के जीवन स्तर में सतत सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। हमें प्रसन्नता है कि गेट्स फाउंडेशन का तकनीकी सहयोग और विशेषज्ञता आगे भी हमें प्राप्त होता रहेगा जिससे हम सामूहिक रूप से बिहार के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकेंगे। इस सहयोग ज्ञापन से वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में राज्य की प्रगति को और गति मिल सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य ने पीएम श्री मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं विकास सूचकांकों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। वर्ष 2011 से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में लगभग आधी कमी आई है। यह सहयोग ज्ञापन राज्य द्वारा पिछले डेढ़ दशक में प्राप्त गति को संस्थागत रूप से सुदृढ़ करते हुए इस परिवर्तनकारी प्रगति को निरंतर बनाए रखने का लक्ष्य रखता है। हमें पूरी उम्मीद है कि गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से हम आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के लक्ष्य को बरकरार रखेंगे। श्री पांडेय ने कहा बिहार ने बीते वर्षों में सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त की है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य मानकों में सुधार हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और जमीनी स्तर पर किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है। गेट्स फाउंडेशन के साथ यह नवीनीकृत सहयोग हमें तकनीकी क्षमता सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने तथा राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में सहायक होगा। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक परिवार को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों और बिहार स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान और सशक्त करे।

# माप-तौल शिविरों से पारदर्शी व्यापार व्यवस्था को मिला बल : रामकृपाल यादव

## 99,793 प्रतिष्ठानों का सत्यापन एवं 41,999 का निरीक्षण


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि कृषि विभाग के माप-तौल संभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उपभोक्ता संरक्षण एवं पारदर्शी व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की सक्रियता के परिणामस्वरूप राज्य में माप-तौल प्रणाली को सुदृढ़ किया गया है। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह जनवरी, 2026 तक कुल 441 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों के माध्यम से व्यापक स्तर पर माप-तौल उपकरणों का सत्यापन किया गया है जिससे बाजार में पारदर्शिता एवं अनुशासन स्थापित हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी माह तक कुल 31.31 करोड़ रुपये का राजस्व संकलन किया गया है। साथ ही 99,793 प्रतिष्ठानों का सत्यापन एवं 41,999 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है। यह दर्शाता है कि विभाग द्वारा प्रवर्तन एवं निगरानी की कार्रवाई सतत रूप से की जा रही। कृषि मंत्री ने कहा कि माह जनवरी, 2026 के दौरान राज्य के 50 विभिन्न स्थानों पर विशेष माप-तौल सत्यापन शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रतिष्ठानों में प्रयुक्त उपकरणों की जांच की गई, जिसके फलस्वरूप 16.46 लाख रुपये का राजस्व संकलित हुआ। उन्होंने कहा कि यह अभियान व्यापारिक प्रतिष्ठानों में मानक एवं प्रमाणित माप-तौल उपकरणों के उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी समय में भी शिविरों एवं निरीक्षण अभियान को और सघन किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा, व्यापार में पारदर्शिता तथा राज्य के राजस्व में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।


# भाषाई विचारों, संगीत एवं स्वच्छ मनोरंजन के लिए रेडियो की अग्रणी भूमिका : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व रेडियो दिवस पर कहा कि यह दिवस रेडियो की महत्ता एवं गुणवत्तापूर्ण सशक्त संचार माध्यम की उपयोगिता को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। रेडियो की वैश्विक स्तर पर भाषाई विचारों, संगीत एवं स्वच्छ मनोरंजन के विविध पहलुओं को आदान प्रदान करने एवं प्रसारित करने में सदैव अग्रणी भूमिका रही है। दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में यह आज भी सबसे सुलभ और विश्वसनीय संचार माध्यम बना हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रेडियो को 'विश्वसनीय आवाज' करार देते हुए कहा कि यह दूरस्थ ग्रामीण इलाकों से लेकर चहल-पहल वाले शहरों तक सभी को जोड़ता है। भारत में ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) की शुरुआत 1936 में हुई थी जो 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' के सिद्धांत के साथ भारत की लगभग 23 भाषाओं एवं 182 बोलियां में आम जनमानस तक संचार पहुंचाती है। यूनेस्को द्वारा घोषणा के बाद वर्ष 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 13 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस के रूप में अपनाया। यह दिन संयुक्त राष्ट्र रेडियो की वर्षगांठ का प्रतीक भी है जिसकी शुरुआत 13 फरवरी 1946 में हुई थी।

# असम जेडीयू नेताओं ने की सीएम नीतीश कुमार से भेंट : राजीव रंजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं असम प्रदेश प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि आगामी असम विधानसभा चुनाव के संबंध में असम जेडीयू के नेताओं के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि असम प्रदेश जेडीयू के अध्यक्ष परेशनाथ के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सांगठनिक गतिविधियों एवं चुनाव संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव विधानपार्षद अफाक अहमद खान एवं बिहार विधान परिषद में पार्टी के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह 'गांधी जी' भी उपस्थित थे ।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया पटना-पतरातू रेलखंड का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा फतुहा-नटेसर-पैमार-बंधुआ-कोडरमा के रास्ते पटना-पतरातू रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा, सिग्नलिंग व्यवस्था, रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव एवं संरक्षित रेल परिचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए। इस दौरान महाप्रबंधक ने पतरातू स्थित डीजल लोकोमोटिव शेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संख्या 12905 लोकोमोटिव जिसमें मेजर कंपोनेंट का रिपेयर एवं रिप्लेसमेंट कर उसे पुनः परिचालन हेतु तैयार किया गया है, का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर लोको शेड में मेंटेनेंस कार्य को और अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उपस्थित थे।

# झाझा स्टेशन पर सायरन बजते ही एक्शन मोड में आया रेलवे प्रशासन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** झाझा रेलवे यार्ड में, दानापुर मंडल तथा 9वीं बटालियन एन.डी.आर.एफ. (बिहटा) के संयुक्त तत्वावधान में रेल दुर्घटना पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का उद्देश्य रेलवे के साथ विभिन्न राहत एवं बचाव एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना था, ताकि किसी भी वास्तविक दुर्घटना की स्थिति में त्वरित रूप से राहत पहुंचाई जा सके और किसी प्रकार की कठिनाई न उत्पन्न हो। झाझा यार्ड में रेलवे द्वारा कृत्रिम दुर्घटना का दृश्य तैयार कर इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। लगभग 12.36 में सायरन बजते ही एक्शन मोड में रेलवे के बचाव एवं राहत दल ने तत्काल कार्यवाही शुरू कर दी।

# आइएचएम हाजीपुर द्वारा ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटक जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गांधी घाट, सोनपुर के ऐतिहासिक हरिहरनाथ मंदिर और वैशाली के अशोक स्तंभ पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य देशी-विदेशी पर्यटकों को विरासत स्थलों की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करना था। संदेश को प्रभावी और रोचक बनाने के लिए प्रत्येक स्थल पर पेशेवर कलाकारों द्वारा ऊर्जावान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों में हास्य और नाटकीय शैली के माध्यम से कूड़ा फैलाने के दुष्परिणामों और 'स्वच्छ भारत' की भावना को साकार करने में नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी को दर्शाया गया। व्यावहारिक पहल करते हुए आइएचएम हाजीपुर के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तीनों स्थलों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कचरा एकत्र कर उसके उचित निस्तारण का प्रदर्शन किया। अभियान के प्रभाव को और सशक्त बनाने के लिए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आकर्षक बैनर और स्लोगन वाले प्लेकार्ड प्रदर्शित किए गए। साथ ही, पर्यटकों और स्थानीय आगंतुकों को संदेश की स्मृति के रूप में पर्यावरण अनुकूल उपहार भी वितरित किए गए। इस पहल को जनता का अत्यंत सकारात्मक प्रतिसाद मिला। गांधी घाट, हरिहरनाथ मंदिर और अशोक स्तंभ पर उपस्थित लोगों ने न केवल उत्साह दिखाया, बल्कि विद्यार्थियों के साथ मिलकर सफाई कार्य में भी भागीदारी की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पुलक मंडल ने कह हमारे विरासत स्थल हमारे राष्ट्र का गौरव हैं। इस टूरिस्ट अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से हमारा उद्देश्य प्रत्येक आगंतुक को स्वच्छ भारत का ब्रांड एंबेसडर बनाना है।

# स्वरोजगार से दूर हो रही बेरोजगारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बर्ड लखनऊ की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन क्षेत्र भ्रमण में आहवान फाउंडेशन के कार्यों को देखने बिहार, दिल्ली, गुजरात, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तरप्रदेश के बैंकर्स एवं एनजीओ के प्रतिनिधि पहुंचे। फाउंडेशन के सचिव डॉ रंजना सिंह ने बताया कि यूपीएससी की तैयारी करते हुये ही उनके मन में महिलाओं के उत्थान का विचार आया और तब से लग गयी है और आज हजारों महिलाओं को रोजगार से जोड़ा है। जुट के बैग समेत अन्य वस्तुओं का निर्माण कर उसे विक्री का एक चेन बनाया है नाबार्ड के सहयोग से ग्रामीण हाट में विक्री कर रहे हैं। प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने आहवान फाउंडेशन के साथ एमओयू करने की इच्छा जताई है। कौशल विकास से देश के युवा स्वावलंबी बन रहे हैं। बाजार सर्वे, जल संरक्षण, मौके पर बर्ड के सुमन शुक्ला, दीपेंद्र कुमार, जेके जाला, सुजीत पाठक, सोनी गोयल, मो. गज्जार, प्रियंजन दत्ता, अनु होंडा, ऋतु, सतेंद्र सिंह, स्नेहलता सिंह, राहुल बंदोपाध्याय, संदीप दुबे, देवानन्द कुमार, दिलीप कुमार शामिल है ।

# सोसाइटी ऑफ आन्कोलोजी एवं सबेरा कैंसर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शैक्षणिक सम्मेलन सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सोसाइटी ऑफ आन्कोलोजी एवं सवेरा कैंसर अस्पताल, पटना के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय होटल चाणक्य में एक शैक्षणिक सम्मेलन - बियोन्ड द ब्लेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. अमृता राकेश ने बताया कि यह आयोजन मूलतः न्यूरो आन्कोलोजी जिसमें सेन्ट्रल नर्वस सिस्टम के ट्यूमर के उपचार निर्धारण के लिए होने वाली जांच जैसे आधुनिक मोलीक्यूलर व इमेजिंग तकनीक, रेडिएशन का आवश्यकतानुसार ऊपयोग, सर्जरी एवं दवा के बाद परिजनों व मरीज को सकारात्मक रखते हुए इलाज करने पर आधारित है। डॉ.वी. पी. सिंह ने बताया कि नर्वस सिस्टम के ट्यूमर के इलाज में अब सर्जरी के अलावे अन्य विकल्प भी उपलब्ध है जिसे मरीज की बीमारी के अनुसार समयानुसार उपयोग किया जा सकता है। महावीर कैंसर संस्थान के चिकित्सा निदेशक डॉ. मनीषा सिंह ने ब्रेन ट्यूमर के एक प्रकार 'ग्लियोमा' के उपचार के लिए उपलब्ध टारगेटेड थेरेपी पर चर्चा करते हुए बताया कि पुरानी कीमोथेरेपी की अपेक्षा यह ज्यादा सटीक होता है और कैंसर से अप्रभावित कोशिकाओ को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 अंतर्गत प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के पदाधिकारी, मंच और मोर्चा के पदाधिकारी, सोशल मीडिया और मीडिया विभाग के पदाधिकारी सहित जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण वर्ग को राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने भी संबोधित किया। मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कि अगले कुछ दिनों में जिला, मंडल और बूथ स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग में बूथ मजबूती, जनता से संवाद और डिजिटल सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# आनंद रंजन झा करेंगे नीतीश मोहन एवं इसके सहयोगियों पर मानहानि का मुकदमा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम से जुड़े विवाद ने अब गंभीर कानूनी मोड़ ले लिया है। केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष आनंद रंजन झा ने मानहानि के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का ऐलान करते हुए कहा है कि वे जल्द ही मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। मीडिया को जारी बयान में कहा गया है कि सोशल मीडिया जैसे सार्वजनिक मंचों पर बेबुनियाद, तथ्यहीन और मानहानिकारक आरोप से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा, सार्वजनिक छवि और संगठनात्मक विश्वसनीयता को गंभीर क्षति पहुंची। इस प्रकरण में आरोपियों की पहचान की जा रही है जिनमें से कुछ की पहचान हो भी चुकी है। बयान में नीतीश मोहन की भूमिका पर सीधे सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि उन्होंने 'केवाईपी संचालक संघ बिहार', 'केवाईपी संचालक संघ बिहार-1' और 'केवाईपी कोर कमेटी सदस्य' जैसे नामों का उपयोग कर भ्रामक ग्रुप बनाए और केवाईपी केंद्र संचालकों को गुमराह किया। संगठन का कहना है कि इसी सक्रिय भूमिका के कारण भ्रामक प्रचार और कथित आर्थिक दबाव की मांग सामने आई। प्रेस बयान के अनुसार इसके एक सहयोगी तथाकथित एसडीसी यूनियन नाम से बने ग्रुप के संचालक और उपरोक्त ग्रुप के माध्यम से प्रति केंद्र प्रतिमाह की कथित मांग का आनंद रंजन झा ने कड़ा विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद उनकी छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं और व्हाट्सऐप जैसे प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग हुआ। झा ने स्पष्ट किया कि यह कदम किसी व्यक्तिगत द्वेष से नहीं, बल्कि सत्य, सम्मान और कानून की रक्षा के लिए उठाया जा रहा है। संगठन ने बताया कि शीघ्र ही एक आपातकालीन बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी और बी.एन.एस 2023 के तहत मुकदमा दायर होगा।

# तालिमी मरकज एवं टोला सेवकों की समस्याओं का होगा निदान : गुलाम रसूल बलियावी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ऑल इंडिया तंजीम-ए-इंसाफ के गुलाम सरवर आजाद एवं अति पिछड़ा मुस्लिम संगठन के संयोजक डा. नूर हसन आजाद का दो सदस्यीय शिष्ट मंडल बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष जनाब मौलाना गुलाम रसूल बलियावी से उनके कार्यालय स्थित साउथ बेली रोड में मिला और तालीमी मरकज एवं टोला सेवकों के ज्वलंत एवं गंभीर समस्याओं पर करीब ढाई घंटे तक विचार-विमर्श हुआ। श्री आजाद ने मार्गदर्शिका दिखाते हुए यह सिद्ध किया कि वर्तमान मार्गदर्शिका शोषणयुक्त है। गुलाम सरवर आजाद ने तालिमी मरकज एवं टोला सेवकों को राज्य कर्मी बनाए जाने की मांग रखी। वार्ता के दौरान कमीशन के सचिव मो. शहजाद भी मौजूद रहे। जनाब बलियावी ने शिष्ट मंडल को यह विश्वास दिलाया कि इस मामले को वह अंत तक देखेंगे।

# वैलेंटाइन डे पर रोजमर्रा की परवाह का संदेश दे रहे कैलिफोर्निया बादाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** वैलेंटाइन डे अब केवल एक दिन के जश्न तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह रोजमर्रा की देखभाल और सच्ची भावना को व्यक्त करने का अवसर बन गया है। लोग अब केवल जीवनसाथी ही नहीं, बल्कि दोस्तों, परिवार और स्वयं के लिए भी ऐसे उपहार चुन रहे हैं जो दिल से जुड़े हों और दैनिक जीवन में काम आएं। इसी बदलते रुझान के बीच कैलिफोर्निया बादाम एक समझदारी भरा गिफ्ट विकल्प बनकर उभर रहे हैं। स्वाद के साथ-साथ सेहत का ख्याल रखने वाले ये बादाम आसानी से रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा बन जाते हैं। भीगे हुए बादाम, स्मूदी या नाश्ते के बाउल में इन्हें शामिल कर स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। ऋतिका समद्दार, रीजनल हेड-डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली के अनुसार सुबह नियमित रूप से बादाम का सेवन ब्लड शुगर नियंत्रण, इंसुलिन संतुलन और वजन प्रबंधन में सहायक हो सकता है। वहीं न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी का कहना है कि बादाम प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट्स और आवश्यक विटामिन-मिनरल्स से भरपूर होते हैं जो हृदय, वजन और त्वचा की सेहत को समर्थन देते हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने भी साझा किया कि कैलिफोर्निया बादाम का मिश्रित बॉक्स वैलेंटाइन डे के लिए एक शानदार और सार्थक तोहफा हो सकता है।

# सर्व सेवा संघ ने राज्यों में यात्रा करने का लिया फैसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजघाट से राजघाट, वाराणसी से दिल्ली तक की पदयात्रा के सफल आयोजन के बाद सर्व सेवा संघ ने राज्यों में यात्रा करने का फैसला लिया है। यह यात्रा प्रदेश सर्वोदय मंडल एवं सर्व सेवा संघ द्वारा अन्य सहमना संगठनों के सहयोग से आयोजित होना है। इस क्रम में 10 अप्रैल, 2026 को पटना से एक यात्रा प्रस्तावित है। यह यात्रा 10 अप्रैल से शुरु होगी और 22 अप्रैल, 2026 को भीतिहरवा, चम्पारण में समाप्त होगी। यह यात्रा आजादी की विरासत, सद्भावना, लोकतंत्र, संविधान की हिफाजत एवं गांधी विचार के प्रचार- प्रसार की दृष्टि से आयोजित की जा रही है। यह यात्रा नहीं बल्कि सहयात्रा है क्योंकि हम सबके लक्ष्य समान हैं-युद्ध, हिंसा मुक्त और शोषण एवं शासन विहीन एक मानवीय दुनिया का निर्माण। सत्य, अहिंसा, लोकतंत्र, संविधान, सद्भाव, अल्पसंख्यक, महिला और संघर्ष, त्याग एवं रचना की हमारी विरासत पर हो रहे हमलों के इस दौर में इस यात्रा का महत्व बढ़ जाता है।

# श्रम सचिव के साथ इएसआइसी क्षेत्रीय निदेशक ने की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने बिहार के श्रम सचिव दीपक आनंद से शिष्टाचार मुलाकात की। श्रम सचिव ने अपने कार्यालय में इएसआइसी के विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक की जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य में बीमित श्रमिकों के लिए चिकित्सा सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करना था। बैठक के दौरान राज्य संचालित औषधालयों में चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। ताकि कामगारों को प्राथमिक स्तर पर निर्बाध चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके। इसके साथ ही क्षेत्रीय निदेशक ने बेगूसराय और भागलपुर में स्वीकृत नए इएसआइसी अस्पतालों के निर्माण हेतु लंबित भूमि आवंटन के मुद्दे को सचिव के संज्ञान में लाया जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए श्रम सचिव ने कार्य में सुचारू प्रगति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित जिलाधिकारियों के साथ सीधे फॉलो-अप करने का ठोस आश्वासन दिया।

CMYK

## संपादकीय

# रूस से तेल या अमेरिका से व्यापार की राह, भारत के नए समझौते की अग्निपरीक्षा

पिछले करीब एक वर्ष से गहन विचार-विमर्श के बाद भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर आखिरकार द्विपक्षीय सहमति बन गई है। दोनों देशों की ओर से शनिवार को इसका एलान किया गया। समझौते के नियम-शर्तों के तहत अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को घटाकर अठारह फीसद करेगा। वहीं, भारत की ओर से अमेरिका की सभी औद्योगिक वस्तुओं और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा।निश्चित रूप से यह समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा, लेकिन नफा-नुकसान का पलड़ा किस ओर भारी रहेगा, इसको लेकर अलग-अलग विश्लेषण सामने आए हैं। ऐसे में कुछ आशंकाएं और सवाल भी उठ रहे हैं कि इस समझौते को आकार देने में अड़चन कहां थी और अब ऐसा क्या हुआ कि दोनों पक्ष इसके लिए राजी हो गए। हालांकि, इस मामले में भारतीय सत्तापक्ष की ओर से स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की गई है, लेकिन विपक्ष इससे सहमत नहीं है। भारत और अमेरिका ने पिछले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित व्यापार समझौते पर पहले चरण की बातचीत शुरू की थी। कई दौर की वार्ता के बाद भी दोनों पक्षों के बीच कुछ मसलों पर आम सहमति नहीं बन पाई, जिनमें भारतीय कृषि और डेयरी बाजार में अमेरिका की पहुंच को विस्तार देने का मुद्दा भी शामिल था। दरअसल, अमेरिका शुरू से यह मांग करता रहा है कि भारतीय कृषि एवं डेयरी बाजार को उसके लिए पूरी तरह खोल दिया जाए। जबकि भारत इस मांग को खारिज करता रहा है। अब इस समझौते की जिस रूपरेखा पर सहमति बनी है, उसके मुताबिक अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर भारत आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा।इससे प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है कि भारत ने इस मसले पर उदार रुख अपनाकर अपने कदम आगे बढ़ाए हैं। माना जा रहा है कि समझौते के लागू होने से भारतीय बाजार में अमेरिका के कृषि उत्पादों की आवक बढ़ेगी, जिसका असर देश के किसानों पर पड़ सकता है। हालांकि, सरकार का दावा है कि देश के किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं और इस समझौते से उन्हें भी लाभ होगा। व्यापार समझौते की शर्तों में यह बात भी शामिल है कि भारत अगले पांच वर्ष में 500 अरब डालर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान एवं उसके कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोयला खरीदेगा। साथ ही रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल खरीद बंद करनी होगी। यानी समझौते का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत इन शर्तों को पूरा कर पाता है या नहीं। इसमें दोराय नहीं कि भारतीय वस्तुओं का निर्यात, जो अमेरिकी शुल्क की वजह से प्रभावित हुआ था, वह फिर से पटरी लौट आएगा।सरकार का कहना है कि इससे तीस हजार अरब अमेरिकी डालर का बाजार खुलेगा।

**कृत्रिम मेधा (एआइ) जिस तेजी से हमारी रोजमर्रा की जिंदगी पर कब्जा कर रही है, उसने सुविधाओं और चमत्कारों के साथ एक बुनियादी सवाल भी हमारे सामने रख दिया है। सवाल यह है कि इस तकनीकी उछाल को बनाए रखने के लिए बिजली कहां से आएगी? एआइ अब किसी मोबाइल ऐप या 'चैटबाट' तक सीमित नहीं रही। वह अस्पतालों में उपचार को समझने से लेकर समाधान में सहयोग दे रही है। दफ्तरों में निगरानी का यह औजार बन चुकी है। यहां तक कि सरकारी नीतियों की दिशा तय करने में शामिल हो रही है। स्थिति यह है कि आने वाले वर्षों में रोजगार, शिक्षा और सुरक्षा की शक्ल बदलने वाली है। मगर जिस 'स्मार्ट भविष्य' का वादा किया जा रहा है, उसकी बुनियाद ऊर्जा पर टिकी है। आज वही सबसे कमजोर कड़ी बनती जा रही है।दरअसल, एआइ की असली ताकत बड़े-बड़े डेटा केंद्र हैं। ये ऐसे 'बिजलीखोर' कारखाने हैं जो चौबीस घंटे चलते हैं। इसके लिए हजारों कंप्यूटर, लगातार गणना, और उन्हें ठंडा रखने के लिए बेहिसाब पानी और बिजली चाहिए। आज एक बड़ा डेटा केंद्र उतनी बिजली खा जाता है जितना कि एक छोटा शहर।**

(विजन कुमार पांडेय)

भारत में, जहां बिजली और पानी पहले ही सीमित संसाधन हैं, यह दबाव और गंभीर हो जाता है। विडंबना यह है कि जिस एआइ को भविष्य की हर समस्या का समाधान बताया जा रहा है, वह खुद पर्यावरण और ऊर्जा संकट को गहरा कर रहा है। ज्यादातर डेटा केंद्र आज भी कोयला, गैस और तेल से बनी बिजली पर चलते हैं। यानी एआइ जितना 'स्मार्ट' बन रहा है, उतना ही कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा रहा है। ऐसे में यह सवाल बिल्कुल जायज है कि क्या हम एक समस्या हल करने के प्रयास में, दूसरी बड़ी समस्या तो नहीं पैदा कर रहे?

जब जमीन पर बने डेटा केंद्र बिजली और पानी इस कदर गटकने लगे तो कई गंभीर सवाल उठे। बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चौंकाने वाला एक विचार उछाल दिया। इन्हें धरती से हटा कर अंतरिक्ष में भेज दिया जाए। दलील है कि वहां सूरज चौबीस घंटे चमकता है, तो सोलर पैनल लगातार बिजली देंगे। ऐसे में न मौसम की मार होगी, न पानी की जरूरत। यह सारी परेशानियों का जादुई हल लगता है, लेकिन सच तो यह है कि यह समाधान नहीं, बल्कि पलायन है। बड़ी कंपनियां इस दिशा में सोच रही हैं। इसरो भी इस पर अध्ययन कर रहा है। सवाल यह नहीं कि डेटा केंद्र कहां रखें, बल्कि यह है कि बिजली की उनकी बेलगाम भूख को कौन रोकेगा।

गूगल का 'प्रोजेक्ट सन कैचर' इसी सोच पर आधारित है कि अगर उपग्रहों को बेहद सधे और समन्वित ढंग से एक समूह में चलाया जाए, तो एआइ से जुड़ा भारी गणनात्मक कार्य अंतरिक्ष में ही किया जा सकता है और धरती तक केवल जरूरी नतीजे ही भेजे जाएं। ठीक वैसे, जैसे मोबाइल पर हम सवाल पूछते हैं, लेकिन गणना कहीं और होती है। मगर यह रास्ता आसान नहीं है, क्योंकि अंतरिक्ष का विकिरण कंप्यूटर चिप्स को नुकसान पहुंचा सकता है। मगर गूगल का दावा है कि उसकी एआइ चिप्स ने अब तक के परीक्षणों में कहीं ज्यादा विकिरण झेली है, फिर भी उसने सही ढंग से काम किया है। हालांकि प्रयोगशाला की सफलता और हकीकत के बीच अब भी बड़ा फासला है।

दरअसल, डेटा केंद्र को हर समय देखभाल और मरम्मत चाहिए। धरती पर मशीन खराब हो जाए, तो इंजीनियर जाकर ठीक कर देता है, लेकिन अंतरिक्ष में यह न आसान होगा, न सस्ता। एक बार मशीन ऊपर भेज दी गई, तो उसे बदलना या सुधारना बहुत महंगा पड़ेगा। धरती पर मशीनों को

# जब एआइ की भूख धरती से टकराई, क्या डेटा सेंटर अब अंतरिक्ष की ओर भागेंगे?



ठंडा रखने की व्यवस्था की जाती हैं। अंतरिक्ष में हवा नहीं होती, इसलिए वहां गर्मी को बाहर निकालना बहुत मुश्किल होगा। जबकि सूरज की तेज गर्मी लगातार पड़ती रहेगी। अंतरिक्ष में डेटा केंद्र तभी संभव होंगे जब उनकी कुल लागत शोध, उपग्रह भेजने, खराब मशीनों को बदलने काम धरती पर बने केंद्रों से ज्यादा महंगी न पड़े। ऐसे प्रयोग हमेशा सफल नहीं होते। इसके पहले माइक्रोसाफ्ट ने समुद्र के नीचे डेटा केंद्र बनाने का प्रयोग किया था, ताकि ठंड की समस्या हल हो सके। शुरुआत में यह प्रयोग काफी उम्मीद जगाने वाला था, लेकिन अंत में कंपनी ने इसे छोड़ दिया। इससे यह साफ होता है कि हर नई तकनीक अंततः व्यावहारिक साबित हो, यह जरूरी नहीं। कुछ साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि स्टारलिंक जैसे उपग्रह इतने बड़े पैमाने पर काम कर पाएंगे। आज वे दुनिया के कई हिस्सों में इंटरनेट दे रहे हैं। इसलिए अंतरिक्ष डेटा केंद्र के विचार को पूरी तरह नकारना भी जल्दबाजी होगी। लेकिन सच तो यह है कि यह कोई समाधान नहीं, बल्कि बचने का एक रास्ता है।

असल सवाल यह नहीं है कि डेटा केंद्र बेतहाशा बढ़ क्यों रहे हैं? गांवों-कस्बों में लोग बिजली कटौती झेल रहे हैं, खेतों के लिए पानी नहीं मिल रहा और शहरों में मशीनें चौबीस घंटे बिजली फूंक रही हैं। ऐसे में उन्हें आसमान में भेज देने से समस्या खत्म नहीं होगी, बस नजर से ओझल हो जाएगी। धरती पर पैदा की गई मुसीबत का जवाब अगर अंतरिक्ष में ढूंढ़ा जाएगा, तो यह तरक्की नहीं, जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना ही कहलाएगा। जब तक एआइ की ऊर्जा भूख को काबू में करने की ईमानदार कोशिश नहीं होगी, तब तक 'स्मार्ट भविष्य' आम लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि एक और बोझ ही साबित होगा।

आज भी किसी मशीन को अंतरिक्ष में भेजना बेहद महंगा है। डेटा केंद्र कोई छोटा उपग्रह नहीं, बल्कि भारी और जटिल ढांचे होते हैं, जिन्हें लगातार मरम्मत चाहिए। विकिरण और तापमान से बचाने के लिए अलग तकनीक चाहिए, यानी अरबों-खरबों का निवेश। ऐसे में सवाल यह है कि इसकी कीमत कौन चुकाएगा, जनता, उपभोक्ता या सरकार? दूसरा बड़ा सवाल सुरक्षा का है। धरती पर 'सर्वर' खराब हो, तो उसे ठीक किया जा सकता है। अंतरिक्ष में हर खराबी जोखिम बन जाती है। ऊपर पहले से ही मलबा भरा है। ऐसे में विशाल डेटा केंद्र भी टकराव का खतरा बनेंगे और फिर एक हादसे से पूरी व्यवस्था ठप हो सकती है।

तीसरा और सबसे जरूरी सवाल आम आदमी का है। इससे उसकी बिजली सस्ती होगी या बिल और बढ़ेंगे? पर्यावरण बचेगा या अंतरिक्ष भी कंपनियों की प्रयोगशाला बन जाएगा? डर यह है कि अंतरिक्ष में डेटा केंद्र का मतलब होगा- कुछ गिने-चुने हाथों में और ज्यादा ताकत तथा आम लोगों से और दूरी।

असल सवाल यह नहीं है कि डेटा केंद्र अंतरिक्ष में बनाए जा सकते हैं या नहीं, बल्कि यह है कि हम धरती पर गलत तकनीकी आदतें सुधारना चाहते हैं या नहीं। एआइ को कम बिजली पर चलने वाला बनाना, बेहतर चिप विकसित करना और सौर-पवन जैसी ऊर्जा अपनाना कहीं अधिक व्यावहारिक रास्ता है। एआइ इंसान की बनाई तकनीक है, जिसकी रफ्तार और सीमा तय करना हमारे ही हाथ में है। अगर हर नया माडल पहले से कई गुना अधिक बिजली मांगता है, तो यह तरक्की नहीं, चेतावनी है। अंतरिक्ष में डेटा केंद्र का विचार इसी चेतावनी का संकेत है कि संतुलन न बना, तो भविष्य महंगा और जोखिम भरा होगा। दरअसल, एआइ की तेज होती रफ्तार अब धरती की सीमाओं से टकराने लगी है। बिजली, पानी और पर्यावरण पर बढ़ता दबाव बड़ी तकनीकी कंपनियों को अंतरिक्ष की ओर देखने के लिए मजबूर कर रहा है। अंतरिक्ष में डेटा केंद्र का विचार इसी बेचैनी की उपज है। यह तकनीकी कल्पना जितनी आकर्षक दिखती है, उतने ही गहरे सवाल भी खड़े करती है- लागत, सुरक्षा और नियंत्रण का। असली चुनौती यह है कि एआइ की बढ़ती ऊर्जा भूख पर लगाम कैसे लगे। अगर तकनीक आम लोगों की जिंदगी आसान करने के बजाय संसाधनों पर बोझ बनने लगे, तो दिशा पर फिर से सोचने की जरूरत है। ऐसे में भविष्य आसमान में नहीं, समझदारी में छिपा है।

# नींद जिसे हम गंवाना समझते हैं, वही है सेहत की असली दौलत

(सरस्वती रमेश)

प्रकृति प्रदत्त नेमतों की कोई कीमत नहीं। वे अनमोल होती हैं। अब नींद को ही देखा जाए। हमारे आसपास ऐसे लोग आम हैं, जिनकी नजर में सोना वक्त गंवाना है। 'जो लोग सोते हैं, वे खोते हैं', इस आशय से कई कहावतें और उक्तियां भी हैं। अगर कोई व्यक्ति सोता हुआ दिख जाता है, तो उसे उसके बिगड़े हुए काम का कारण बताया जाता है। कुछ स्थितियों में यह सच भी हो सकता है। एक गरीब आदमी को नींद की जितनी जरूरत होती है, उतनी ही उन्हें भी, जिनके घरों में रुपए बोरियों में भरे हुए हैं। भोजन पानी की तरह नींद भी दुनिया में रहने वाले हर शख्स की जरूरत है। नवजात बच्चे जितना ज्यादा सोते हैं, उतनी ही तेजी से बढ़ते हैं। बच्चे ही क्यों, बड़ों को भी नींद की उतनी ही जरूरत होती है। अब सवाल यह उठता है कि हमें नींद की जरूरत पड़ती क्यों है।

सोना जितना दिमाग के लिए जरूरी होता है, उतना शरीर के लिए भी। आमतौर पर हमें लगता है कि जब हम सो जाते हैं, तो हमारा दिमाग भी थककर सो जाता होगा। मगर ऐसा नहीं है। सोते समय हमारा दिमाग जीने के लिए जरूरी कई क्रियाकलापों में लग जाता है। एक तरह से कह सकते हैं कि हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के काम में सीधे तौर पर जुट जाता है, जो हमारे जागते हुए दिमाग के लिए करना संभव नहीं होता है।

इसे इस उदाहरण से समझ सकते हैं। अगर हमने कभी रात को अपनी नींद खराब की होगी, यानी किसी वजह से हम रात को सो नहीं पाए होगे, तो अगले दिन अजीब-सी थकान या तनाव का अहसास होता है। काम करने में भी दिमाग का भरपूर इस्तेमाल नहीं हो पाता।

इसकी वजह यह है कि नींद का हमारे दिमाग की कार्यक्षमता से संबंध होता है। नींद दिमाग के काम करने के तरीके पर असर डालती है। दिमाग को लचीलेपन यानी संकेतों के हिसाब से ढलने की क्षमता के लिए अच्छी नींद बहुत जरूरी है। अगर हम बहुत कम सोते हैं, तो दिन में सीखी हुई चीजों को अपने भीतर स्थिर नहीं कर पाते और भविष्य में उन्हें याद रखने में ज्यादा दिक्कत होती है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि नींद दिमाग की कोशिकाओं से बेकार चीजों को हटाने में मदद करती है। जब दिमाग क्रियाशील होता है, यानी हम जाग रहे होते हैं, तो यह काम उतनी कुशलता से नहीं हो पाता है, लेकिन सोने के बाद दिमाग पर से अतिरिक्त भार खत्म हो जाता है और वह खुद को व्यवस्थित करने की क्रिया में जुट जाता है।

दिमाग के अलावा नींद बाकी शरीर के लिए भी बहुत जरूरी है। जब लोगों को पर्याप्त नींद नहीं मिलती, तो तरह-तरह की बीमारियां पकड़ने के खतरे बढ़ जाते हैं। अवसाद, दौरे, उच्च रक्तचाप और सिरदर्द के लक्षण और बढ़ने लगते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे बीमारी और संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है।

नींद चयापचय में भी भूमिका निभाती है। यह जानकर हैरानी होगी कि एक रात की नींद छूटने से भी एक स्वस्थ व्यक्ति में मधुमेह-पूर्व की स्थिति बन सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि जब हम सोते हैं, तब हमारा दिमाग दो अलग-अलग तरह की नींद लेता है। आरइएम (रैपिड-आइ मूवमेंट) नींद और गैर-आरईएम नींद। नींद की प्रक्रिया का पहला हिस्सा नान-आरईएम नींद है, जिसके चार स्तर होते हैं। पहला स्तर जागने और सोने के बीच का होता है।

दूसरा हल्की नींद होती है, जब दिल की धड़कन और सांस लेने की गति नियमित हो जाती है और शरीर का तापमान कम हो जाता है। तीसरे और चौथे स्तर में गहरी नींद होती है। पहले यह माना जाता था कि आरईएम नींद सीखने और याददाश्त के लिए सबसे जरूरी नींद का चरण है, लेकिन नए आंकड़ों से पता चला है कि गैर-आरईएम नींद इन कामों के लिए ज्यादा जरूरी है। यह नींद शरीर को अधिक आराम पहुंचाने वाली होती है। यह चक्र चलता रहता है, लेकिन हर चक्र के साथ हम नींद के गहरे स्तर तीन और चार में कम समय और आरईएम नींद में ज्यादा समय बिताते हैं। एक रात में हम चार या पांच बार इस चक्र से गुजरते हैं। नींद का विज्ञान कुछ भी कहे। लेकिन हमारा अनुभव यह कहता है कि अच्छी नींद हमारे स्वस्थ रहने की कुंजी है।

इसलिए कुछ भी हो जाए, नींद से समझौता नहीं होना चाहिए। नींद का चक्र अगर बाधित होता है, तो यह हमारी सेहत और व्यक्तित्व को बाधित कर दे सकता है।

# विश्व व्यापार में भारत की छलांग, पर जमीन पर बढ़ रही हैं कई चुनौतियां

**दुनिया भर में विकसित देशों के लिए भारत एक विशाल उपभोक्ता बाजार, निवेश का भरोसेमंद ठिकाना और रणनीतिक साझेदारी का प्रमुख केंद्र है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने यह समझा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं। इन देशों के लिए भारत का सबसे बड़ा आकर्षण इसका विशाल मध्यम वर्ग, बढ़ती खपत क्षमता और युवा आबादी है, जो आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल सेवाओं की मांग को लगातार बढ़ा रही है।**

(ब्रह्मदीप अलूने)

दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजारों में शामिल भारत की कम लागत वाली कुशल श्रमशक्ति और विशाल बाजार पूंजीवादी शक्तियों की आर्थिक महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को साकार करने के लिए मुफीद नजर आते हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर शुल्क कम करने की अचानक घोषणा ने सबको चमत्कृत किया है, वहीं अमेरिकी प्रशासन को चुनौती देकर यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता अभूतपूर्व माना जा रहा है। भारत को यह उम्मीद है कि विकसित देशों के साथ व्यापार से दीर्घकालिक लाभ होंगे। अमेरिका और यूरोप में क्रय-शक्ति अधिक है और वे गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए ऊंची कीमत देने को तैयार रहते हैं।

इससे भारत के दवा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, कपड़ा उद्योग, वाहन पुर्जे, इंजीनियरिंग सामान, रत्न तथा आभूषण और कृषि-प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों को विस्तार मिल सकता है। विकसित देशों के साथ व्यापार और समझौते भारत में विदेशी निवेश बढ़ा सकते हैं, जिससे उत्पादन क्षमता, रोजगार और आधुनिक तकनीक का हस्तांतरण संभव होता है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका मजबूत कर सकता है।

विकसित देशों की मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और पूंजीवादी समाज के साथ कदमताल मिलाते भारत के विकासशील समाज के लिए चुनौतियां भी कम नहीं हैं। विकसित देश यानी पूंजी, तकनीक, प्रति व्यक्ति आय, बचत, निवेश और नागरिकों के रहन-सहन जैसी विशेषताओं में उच्च स्तर और मजबूत अर्थव्यवस्था। जबकि विकासशील देशों में प्रति व्यक्ति आय कम होती है, राष्ट्रीय आय के अनुपात में बचत और निवेश का निम्न स्तर होता है।

अधिक जनसंख्या होती है, लेकिन वह कम कार्यकुशल होती है। पूंजी निर्माण की दर कम तथा आयात की मात्रा अधिक रहती है। इन देशों में पूंजी और तकनीकी का आमतौर पर दूसरे देशों से आयात होता है। विकासशील देशों में जनसंख्या का अधिकांश भाग कृषि में संलग्न रहता है, फिर भी उत्पादन देश की आवश्यकता से कम बना रहता है।

विकसित देशों को कच्चा माल, श्रम-आधारित उत्पाद चाहिए, जबकि विकासशील देशों को पूंजी, तकनीक, मशीनें और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद चाहिए। इसलिए दोनों का व्यापार अक्सर जरूरतों की पूर्ति पर आधारित होता है। ऐसे में भारत द्वारा विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना भविष्य में आर्थिक अवसरों के साथ कुछ रणनीतिक जोखिम भी पैदा कर सकता है।

विकसित देशों की कंपनियां, तकनीक, पूंजी और ब्रांड के दम पर भारतीय बाजार में तेजी से प्रवेश करेंगी, जिससे छोटे किसान और घरेलू उद्योग दबाव में आ सकते हैं। सस्ते आयात से व्यापार घाटा बढ़ने, स्थानीय उत्पादन कमजोर होने और रोजगार पर असर का खतरा भी रहेगा। इसके अलावा, पेटेंट, डेटा, पर्यावरण और श्रम मानकों जैसी शर्तें भारत की आर्थिक और राजनीतिक निर्णय की स्वतंत्रता सीमित कर सकती हैं।

बीते चार दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। इसमें विश्व व्यापार संगठन की नीतियों का भी बड़ा और सकारात्मक



लाभ मिला है। वर्ष 1995 में विश्व व्यापार संगठन की स्थापना के बाद वैश्विक व्यापार नियमों में एकरूपता आई, व्यापार बाधाएं कम हुईं और विभिन्न देशों के बीच बाजार तक पहुंच आसान बनी।

भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह अवसर था कि वह अपनी आर्थिक क्षमता, श्रमशक्ति और सेवा क्षेत्र की ताकत के आधार पर वैश्विक मंच पर अपनी हिस्सेदारी बढ़ाए। विश्व व्यापार संगठन ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में विकसित देशों के कब्जे को रोकने के लिए अनुचित सबसिडी, डंपिंग और व्यापार बाधाओं पर नियम बनाए। इसका लाभ भारत जैसे विकासशील देश को निर्यात विस्तार के रूप में मिला।

विश्व व्यापार के तहत आयात शुल्क घटाने और व्यापार को अधिक पारदर्शी बनाने की प्रक्रिया ने भारतीय उत्पादों के लिए नए बाजार खोले। विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौते वैश्विक व्यापार को बढ़ाने की बात करते हैं, लेकिन इनके स्वरूप, उद्देश्य और प्रभाव में मूलभूत अंतर है। यही अंतर विकसित और विकासशील देशों के बीच व्यापार संबंधों में एक प्रकार का विरोधाभास पैदा करता है। विश्व व्यापार संगठन एक बहुपक्षीय संस्था है, जो नियम आधारित वैश्विक व्यापार व्यवस्था को स्थापित करती है, जबकि मुक्त व्यापार समझौता चुनिंदा देशों के बीच विशेष रियायतों और शर्तों पर आधारित क्षेत्रीय या द्विपक्षीय व्यवस्था है। इस कारण विकसित देशों और विकासशील देशों के बीच व्यापार में समानता से कहीं ज्यादा असंतुलन बढ़ता दिखाई देता है। दूसरी ओर, मुक्त व्यापार समझौते बिल्कुल अलग हैं। मुक्त व्यापार समझौते में कुछ देश आपस में शुल्क घटाकर या समाप्त करके व्यापार को तेज करते हैं। विकसित देशों के लिए मुक्त व्यापार समझौते अक्सर एक रणनीतिक हथियार बन जाते हैं। वे विश्व व्यापार संगठन में जब व्यापक सहमति नहीं बना पाते, तब मुक्त व्यापार समझौते के माध्यम से अपने हितों को आगे बढ़ाते हैं। विकसित देश मुक्त व्यापार के नाम पर केवल शुल्क घटाने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पेटेंट नियम, डेटा स्थानीयकरण पर रोक, श्रम और पर्यावरण मानकों की कठोर शर्तें, सरकारी खरीद में विदेशी कंपनियों को अवसर तथा निवेश विवाद निपटान जैसी शर्तें जोड़ देते हैं। इन शर्तों का असर यह होता है कि विकासशील देशों की आर्थिक नीतियों को लेकर स्वतंत्रता सीमित होने लगती है। पूंजीवादी शक्तियों का प्रभाव राजनीतिक रूप से भी पड़ने की संभावना बढ़ जाती है और यह स्थिति भारत जैसे विकासशील और लोकतांत्रिक देश की चुनौतियां बढ़ा सकती है। व्यापार को लेकर नए समझौतों से अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में भारत की पहुंच बढ़ने से निर्यात में वृद्धि होगी, विदेशी निवेश और तकनीक हस्तांतरण के अवसर भी मिलेंगे। वहीं विकसित देशों की विशाल कंपनियां कम शुल्क के साथ घरेलू बाजार में प्रवेश करेंगी, तो भारत के छोटे और मध्यम वर्ग के उद्योग तथा कृषि क्षेत्र पर दबाव बढ़ सकता है। दरअसल, विकसित देश नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यवस्था की बात करते हुए भी अपने हितों के लिए क्षेत्रीय समझौतों का सहारा लेते हैं। भारत और विकसित देशों की प्राथमिकताओं में गहरा अंतर है। भारत की मुख्य चिंता गरीबी घटाना, रोजगार बढ़ाना, कृषि और ग्रामीण विकास, सस्ती शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक न्याय की स्थापना है। वहीं विकसित देशों की प्राथमिकताएं उच्च जीवन-स्तर, तकनीकी नवाचार, पर्यावरण मानक, कड़े श्रम नियम और बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा से जुड़ी हैं। जाहिर है, भारत और विकसित देशों की नीतियां और दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। इसलिए भारत के लिए जरूरी है कि वह मुक्त व्यापार को सुरक्षा-कवच, चरणबद्ध उदारीकरण और घरेलू क्षमता-वृद्धि के साथ संतुलित रूप में लागू करे। भारत के स्थायी विकास के लिए रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास, उद्योगों का विस्तार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक सुधार अत्यंत आवश्यक हैं। इन्हीं आधारों पर देश की आर्थिक मजबूती, सामाजिक संतुलन और दीर्घकालिक प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है।

# 25 मवेशियों के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** पशु तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सालमारी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध रुप से क्रूरतापूर्वक ट्रक पर लादकर परिवहन किये जा रहे 25 पशुधन को मुक्त कराते हुए चार अंतरजिला तस्करों को दबोच लिया है।सालमारी थानाध्यक्ष जूली कुमारी ने बताया कि पशुधन परिवहन की गुप्त सूचना पर पुलिस ने सोहरागाछी के पास वाहन जांच अभियान चलाया।



पुलिस को देखकर एक चालक वाहन को तेजी से भगाने का प्रयास किया।लेकिन पुलिस ने उसे खदेड़ कर रोकने में सफल हो गई। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान ट्रक पर निर्दयतापूर्वक भरा हुआ 25 पशुधन बरामद हुआ तो चार तस्करों को भी हिरासत में लिया गया है। अभियुक्तों की पहचान सुनील यादव जगदीशपुर, सिवान, मुन्ना यादव इन्तापुर, सिवान, पप्पू कुमार यादव सेड़ीमठिया, सारण और लालवचन यादव पकड़ी, सिवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी पशुओं को मुक्त कर तस्करों एवं वाहन के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कारवाई की जा रही है।

## चार पशु तस्करों से 18 मवेशी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पशु तस्करी के विरूद्ध जिले के पुलिस कप्तान के दिशा निर्देश के आलोक में जिले भर में अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में बलिया बेलोन थानाध्यक्ष ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर मीनापुर चौक पर वाहन जांच के दौरान तस्करी कर ले जा रहे गोवंश से भरी एक ट्रक को पकडा। पकडे गये ट्रक की तालाशी लेने पर उसमे क्रुर्रतापूर्वक ले जा रहे 18 गोवंश बरामद किया।

इस दौरान पुलिस ने पशु तस्करी में शामिल चार पशु तस्करों को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये पशु तस्कर की



पहचान विश्वनाथ यादव (60) साकिन बरेना, थाना मांझी, जिला सारण संतोष यादव (35) साकिन सूरा, थाना गायघाट जिला मुजफ्फरपुर, अमरदीप यादव (19) साकिन धरमपुर, थाना बोचहां, जिला मुजफ्फरपुर एवं अभिषेक सिंह (28) साकिन आमी,थाना अवतार नगर,जिला सारण के रूप मे हुई है। इस संदर्भ में बलिया बेलौन थाना में मामला दर्ज कर गिरफ्तार पशुतस्करों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के पशुतस्करी के विरूद्व जिले भर में चलाये जा रहे विशेष अभायान के सार्थक परिणाम सामने आने से आमजन में संतोष है।

## अपराध की योजना बना रहा अपराधी हथियार सहित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला के कोढ़ा थानाध्यक्ष को विगत रात्रि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मूसापुर चैक के पास एक व्यक्ति किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए कोढ़ा थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मूसापुर चैक के पास पहुँचे। पुलिस बल को देखकर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति तेजी से भागने लगा। जिसे पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।



पकड़े गये व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम मो.तनवीर (35) पिता मो. मोतीउर रहमान बड़गांव विशनपुर, वार्ड संख्या-01 थाना कोढ़ा जिला कटिहार निवासी बताया। विधिवत तलाशी के क्रम में उसके पास से एक देशी कट्टा, 02 जिन्दा कारतूस एवं 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्त को विधिसम्मत रूप से गिरफ्तार किया गया। कांड दर्ज कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## शिव बरात को लेकर राजवाड़ा में उत्साह, तैयारी जोरो पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में उत्साह व भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। चारों ओर शिव भजनों की गूंज से सारा क्षेत्र शिवमय बना हुआ है। कटिहार पूर्णिया फोरलेन सड़क किनारे कोढ़ा प्रखंड के राजवाड़ा पंचायत स्थित बाबा ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है।



मंदिर के गुंबद पर बना विशाल शिवलिंग व वासुकी नाग का आकर्षक प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शिव परिवार के सदस्यों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन रविवार सुबह के 6 बजे माता रन काली मंदिर कालीघाट दीवानगंज से सैकड़ों श्रद्धालु कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी यह शोभायात्रा दीवानगंज चौक, पंचवटी, रौतारा एवं पलटनिया होते हुए बाबा ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचेंगी। वहीं दोपहर बाद संध्या 3 बजे से मंदिर प्रांगण से भोलेनाथ की भव्य बरात शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा गोबिंदपुर, भसना, नहरपुल, चांपी, राजवाड़ा, मां बमकाली मंदिर एवं पलटनिया चौक होते हुए पुनः बाबा ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर में आकर सम्पन्न होगी। श्रद्धालुओं में महाशिवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए शिव भक्तों द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और शिवभक्तों में अपार उत्साह बना हुआ है।



साजन क्लिनिक निदेशक को डॉ० साजन को बेस्ट डाक्टर अबार्ड देते मंत्री श्रवण कुमार

## पुल हादसे में प्रवासी मजदूर की मौत, पसरा मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** प्रखंड के बलिया बेलोन क्षेत्र के ग्राम पंचायत उनासो पचगाछी के सुंदरगाछी मीनापुर निवासी प्रवासी मजदूर रंजीत महालदार (38) की सिक्किम में पुल निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। वे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए गंगटोक जिले के भूसूक क्षेत्र में पुल निर्माण परियोजना में कार्यरत थे।



जानकारी के अनुसार विगत दिन निमार्णाधीन पुल का एक हिस्सा अचानक क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।गुरुवार को जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा। परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी रझा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। रंजीत अपने पीछे तीन छोटे बच्चे चमरू कुमार, राहुल कुमार और गौतम कुमार को छोड़ गए हैं। वे परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। जिससे अब परिवार के सामने भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने घटना के लिए संवेदक ठेकेदार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते तो हादसा टाला जा सकता था।स्थानीय मुखिया हाजी एजाजुल हक ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए पिड़ित परिजन को उचित मुआवजा देने की मांग की है। ताकि परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके।

## डीजे वाहन की ठोकर से बालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** कुरसेला नगर पंचायत के पश्चिम टोला में गुरुवार की रात एक हादसे में 9 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बताया जाता है कि शादी समारोह में डीजे बजाने के लिए आये वाहन को पीछे करने के दौरान बच्चा उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पीयूष कुमार (9) पिता सुनील मंडल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पश्चिम टोला में हजारी साह लहेरी के यहां शादी समारोह आयोजित था। जहां डीजे वाहन कार्यक्रम के लिए पहुंचा था। इसी दौरान चालक द्वारा वाहन को पीछे किया जा रहा था। तभी पीयूष वाहन की चपेट में आ गया।



घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल बालक को इलाज के लिए सीएचसी कुरसेला पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए डीजे वाहन को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस सीएचसी पहुंची और मामले की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि डीजे वाहन की चपेट में आने से बालक की मौत हुई है, डीजे वाहन को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## ऑटो पलटने से चार गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** कुम्हड़ी-चौकी पीडब्लूडी सड़क पर असियानी चौक के समीप बीआर 38 पी 2286 नंबर प्लेट लगा एक ऑटो के गड्ढे में पलटने से उस पर सवार चार यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। बताया जाता है कि चौकी से ऑटो पर सवार होकर यात्री कुम्हड़ी की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में असियानी चौक से आगे असियानी चौक से कुछ हीं दूरी पर ऑटो अनियंत्रित होकर गढ्ढे में पलट गया।



घटना में ऑटों सवार धनगामा निवासी ममता देवी (35),ललिता देवी (45) और चौकी निवासी सुमन देवी (35) एवं रुखसाना खातून (37) गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना को लेकर आस पास के लोग जमा होकर कदवा पुलिस सूचना दिया। सूचना मिलते हीं कदवा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप घायल तीन लोगों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया तो वहीं रुखसाना खातून को खतरे से बाहर बताते हुए इलाज किया जा रहा है। थानाध्यक्ष विजय प्रकाश ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। जबकि ऑटो को जब्त कर आवश्यक कारवाई की जा रही है।

## तितवारी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का रोमांचक आयोजन

### बीएलडब्ल्यू पंजाब ने जीता खिताब, उमर बने मैन ऑफ द सीरीज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** तितवारी में सद्भावना ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूनामेंट के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुई। देश के विभिन्न राज्यों से आई छह टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और दिनभर चले मुकाबलों में शानदार खेल का प्रदर्शन किया।



दर्शकों ने तेज सर्विस,मजबूत ब्लॉक और आक्रामक स्मैश का रोमांच देखा। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व मंत्री मंसूर आलम तथा कदवा के पूर्व विधायक सह कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. एनुल हक, मुखिया मंजूर आलम, मो. मकबूल आलम, मो. रफीक आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील यादव, अलहाज, अब्दुल रहमान मड़वरि, अलहाज अब्दुल अबुल गफूर मड़वरि, पूर्व मुखिया मो. इलियास, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. शारीफ, मो. जहांगीर आलम तथा जदयू जिला उपाध्यक्ष मो. बाबर उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने में सद्भावना ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूनामेंट तितवारी खेल प्रबंधन समिति के सदस्य पूर्व मुखिया मो. इलियास, मुखिया प्रतिनिधि तनवीर आलम,खेल प्रेमी मोतिउर रहमान, राजू मास्टर, अब्दुल हकीम एवं ट्रेनर दिलदार हुसैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फाइनल मुकाबले में बीएलडब्ल्यू पंजाब कठोतिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। विजेता टीम को 75 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी और ड्रेस प्रदान की गई। जबकि उपविजेता डीएलडब्ल्यू बनारस को 50 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इनकम टैक्स कोलकाता टीम के मो. उमर को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय अंपायर राजेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार, अनिल कुमार, अमित कुमार एवं भवेश कुमार ने निष्पक्ष रूप से किया। यह आयोजन क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को नया मंच देने में सफल रहा।

## महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष पंकज आनंद के अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे सीओ इस्माईल तथा पुलिस निरीक्षक पप्पु कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधि से उनके क्षेत्र मे शिवरात्र के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त किया ।



बैठक मे गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओ के सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मनिहारी के प्रसिद्ध अर्धनारीश्वरी शिव मंदिर से निकलने वाले शिव बारात के रूट चार्ट पर भी विचार विमर्श किया गया । लोजपा आर के प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह ने नये उम्र के लड़को द्वारा तरह तरह के नशील पदार्थ का सेवन करने की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने लोगो से अपील किया कि इस तरह के नशीले पदार्थ बेचने वालो की सूचना हो तो पुलिस को तुरंत बताये। उन्होंने ने अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि लोग अपने बच्चो के दिनचर्या पर ख्याल रखें। मौके पर जदयू नगर अध्यक्ष प्रकाश मौआर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिंह, पूर्व मुखिया जाकिर अंसारी, पंसस मुन्ना रजक, ओमप्रकाश पांडेय, बंटी सिंन्हा आदि लोग मौजूद रहे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही में नामांकन प्रक्रिया पर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरही में सत्र 2026-27 के लिए नामांकन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र में नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराना था। बैठक में जानकारी दी गई कि कक्षा छह में कुल 75 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा।

## शहरी फुटपाथ विक्रेता समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** नगर पंचायत सभागार में शुक्रवार को फुटपाथ विक्रेता समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे शहरी फुटपाथ विक्रेताओं के हितों के संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। शहरी क्षेत्र में सडक किनारे, रेहडी पटरी लगाकर जीवीकोपार्जन करनेवाले फुटपाथ दुकानदारों के लिए अम्बेदकर चौक से मनिहारी वकालतखाना तक, मनिहारी गंगाघाट पर एवं मनिहारी हाट में फुटकर क्षेत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया है।



कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान ने जानकारी दी कि इससे फुटकर विक्रेताओं को सुरक्षित जगह मिल सकेगी एवं शहर मे जाम की समस्या से भी निजात मिलेगा। बैठक में स्वंसेवी संस्था अभिलाषा परिवार के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय जन कल्याण परिषद के ओम प्रकाश सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दुगार्पुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार) ।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दुगार्पुर में विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ राज्यस्तरीय मास्टर प्रशिक्षक रामजयपाल सिंह एवं प्रधानाध्यापक पुरातन गांधी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।समापन अवसर पर राज्यस्तरीय प्रशिक्षक ने कहा कि यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यालयों को ज्ञान के समग्र केंद्र के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य और शिक्षा के बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए नवाचार एवं तकनीकी विकास को अपनाना समय की आवश्यकता है। विद्यालय शिक्षा




समितियां इसी परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने समिति सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके समर्पण, सहयोग और सतत प्रयास से विद्यालय संचालन, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय योगदान मिला है। विद्यालय शिक्षा समिति एक सशक्त माध्यम है, जिसने शिक्षा को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन, सामुदायिक सहभागिता, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में सभी प्रधानाध्यापक, समिति अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## अर्द्धनारीश्वर शिवलिंग आस्था का बना केन्द्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डॉ० मिथिलेश कुमार झा (कटिहार) ।** तकरीबन 1500 साल पुराने इस शिवलिंग में भक्तों की गहरी आस्था है। जिला का मनिहारी अनुमंडल क्षेत्र धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। पावन गंगा तट पर अवस्थित होने के कारण यहां दूर-दूर से गंगा स्नान को श्रद्धालुओं का आना लंबे अरसे से होता आया है। पूजा अर्चना के लिए अनेक मंदिरों की बहुलता लाजमी है। इनमें से एक मनिहारी नगर पंचायत स्थित थाना के दक्षिण पश्चिमी छोर स्थित अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में, लोगों की गहरी आस्था है, इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग संयुक्त रूप से शिव - पार्वती जो कि अत्यंत दुर्लभ है,



का आकार लिए हुए हैं। इसे अर्धनारीश्वर शिवलिंग भी कहा जाता है। अर्धनारीश्वर स्वरूप काफी प्रसिद्ध और प्राचीन है।

इसका उल्लेख 1905 के पूर्णिया गेजेटियर में भी मिलता है ।50 के दशक के आसपास विख्यात पुरातत्ववेता एवं बंगाल विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 सुनीति कुमार चटर्जी अपने भ्रमण के क्रम में मनिहारी स्थित इस अर्धनारीश्वर मंदिर के दर्शन व पूजा-अर्चना किए थे, उन्होंने इसे पंद्रह सौ साल पुराना बताया था । इस अर्धनारीश्वर शिवलिंग के वर्तमान शिवमंदिर में प्राण - प्रतिष्ठा के संबंध में जनश्रुति है कि मनिहारी बाजार निवासी शिव भक्त कन्हैया लाल अग्रवाल को भगवान ने स्वप्न में बताया था कि गंगा नदी के समीप स्थित सरोवर के पास के जंगलों में उनका शिवलिंग पड़ा है। उसे वह मंदिर में स्थापित करा दें, स्वप्न के अनुसार श्री अग्रवाल ने जब इसकी पड़ताल की तो उन्हें यह अर्धनारीश्वर स्वरूप वाला शिवलिंग प्राप्त हुआ और उन्होंने प्रभु की आदेशानुसार वर्तमान शिवमंदिर में वैदिक रीति रिवाज से प्राण प्रतिष्ठा कराई, तब से लेकर आज तक विभिन्न धार्मिक अवसरों पर इस प्राचीन ख्याति प्राप्त अर्धनारीश्वर मंदिर में दूर-दूर से लोग जलाभिषेक व पूजा-अर्चना को आते हैं, अपनी मन की मुरादे पूरी करने की मन्नतें मांगते हैं। महाशिवरात्र, सावन- सोमवार व अन्य पावन मौके पर मंदिर परिसर में मेले का आयोजन भी होता है।

मंदिर में नियमित पूजा अर्चना के लिए पंडित निर्धारित हैं जो पूजन, अर्चन, संध्या वंदन करते हैं। इस अर्द्धनारीश्वर महादेव मंदिर के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा व अटूट विश्वास को लेकर शिव जलाभिषेक करनेवाले श्रद्धालुओं की संख्या में गुणात्म वृद्धि हुई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर पूजन अर्चन की सुगमता हेतु मंदिर के भीतरी भाग गर्भगृह का विस्तार भी अपेक्षित है।

**महाशिवरात्री पर विशेष**

**दुर्लभ है मनिहारी अर्द्धनारीश्वर महादेव मंदिर**

**लोगों की आस्था व श्रध्दा का केन्द्र है, यह अर्द्धनारीश्वर महादेव मंदिर**

**1905 के पूर्णिया गेजेटीयर में भी है इस एतिहासिक अर्द्धनारीश्वर आकारवाले शिवलिंग का उल्लेख**

● शून्य टैरिफ के लिए अमेरिकी कपास के इस्तेमाल की शर्त

## कपड़ा उद्योग को वाणिज्य मंत्री का भरोसा, भारतीय उत्पादों को भी अमेरिका में मिलेगी बिना टैरिफ एंट्री




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कपड़ा निर्यातकों के लिए केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक राहत भरा एलान किया है। उन्होंने उद्योग जगत की उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि बांग्लादेश से अमेरिका की डील के कारण भरत का कपड़ा उद्योग प्रतिस्पर्धा में पिछड़ा जाएगा। गोयल ने साफ किया है कि भारत को भी अमेरिका में बांग्लादेश जैसी ही बिना किसी टैरिफ के अपने उत्पादों (कपड़ा उत्पादों) को बेचने की सुविधा मिलेगी। वाणिज्य मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब विपक्ष और उद्योग को डर सताने लगा था कि पड़ोसी देश को मिली सुविधा से भारत के निर्यात पर असर पड़ सकता है। पीयूष गोयल ने बताया कि प्रस्तावित फ्रेमवर्क के तहत, अगर भारतीय निर्माता अमेरिका से कच्चा माल (जैसे कॉटन, कपास या मैन-मेड फाइबर) खरीदते हैं और उससे तैयार कपड़ा वापस अमेरिका निर्यात करते हैं, तो उस पर जीरो रेसिप्रोकल टैरिफ लगेगा। ठीक यही सुविधा अमेरिका ने 9 फरवरी को बांग्लादेश के साथ हुए समझौते में दी है। गोयल ने कहा, अभी हमारा फ्रेमवर्क एग्रीमेंट बन रहा है। जब अंतरिम समझौता फाइनल हो जाएगा, तो फाइन प्रिंट में आपको यह साफ-साफ दिखाई देगा। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के बावजूद जानकारों का मानना है कि अंतिम टैरिफ पर स्थिति साफ होने में मार्च तक का समय लग सकता है। व्यापार समझौते का विस्तृत ब्यौरा मार्च तक सामने आने की उम्मीद है। अगस्त 2025 से ट्रंप प्रशासन ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम टैरिफ लगा रखा था। लेकिन, 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई फोन पर बातचीत के बाद इसे घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। 500 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता, जिसपर औपचारिक बातचीत फरवरी 2025 में शुरू हुई थी, का मकसद मौजूदा 191 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब डॉलर तक ले जाना है। सरकार का मानना है कि नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करने और टैक्स घटाने से इस लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

### विपक्ष के दावों पर पलटवार- 7.5 अरब डॉलर का है दांव

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में आरोप लगाया था कि बांग्लादेश को भारत से बेहतर डील मिली है। इस पर बोलते हुए वाणिज्य मं गोयल ने कहा कि राहुल गांधी को एमएसएमई क्षेत्र और बुनकरों से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि वे झूठ फैला रहे हैं। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका भारत और बांग्लादेश दोनों से सालाना लगभग 7.5 अरब डॉलर (करीब 62 हजार करोड़ रुपये) का कपड़ा आयात करता है। ऐसे में समान शर्तों का होना भारत के लिए बेहद जरूरी है।

## भारत 2026 में तेज रफ्तार वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा

### मजबूत बुनियाद की ओर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिच रेटिंग्स की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 2026 में एशिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एजेंसी को उम्मीद है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2026 में 6.4 प्रतिशत की दर से विस्तार करेगी, जो फिलीपींस, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे क्षेत्रीय देशों से आगे होगी। फिच ने कहा कि भारत, इंडोनेशिया और फिलीपींस की इकनॉमिक ग्रोथ पर ट्रेड पैटर्न में बदलाव का फिलहाल कम असर पड़ेगा, क्योंकि ये अपेक्षाकृत बंद अर्थव्यवस्थाएं हैं और इनका मैन्यूफैक्चरिंग एक्सपोर्ट्स कम है। भारत अमेरिकी टैरिफ के जोखिम को कम करने के लिए कई व्यापार समझौतों के जरिए अमेरिका के अलावा दूसरे देशों के साथ अपने व्यापार संबंध बढ़ा रहा है। हाल ही में उसने यूरोपीय संघ के साथ भी समझौता किया है।

पिछले दो महीनों में भारत ने अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ सौदे किए हैं। अमेरिका के साथ यह समझौता 6 फरवरी को घोषित किया गया था। रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि अमेरिकी टैरिफ का वास्तविक असर अभी स्पष्ट नहीं है।

नीतिगत मोर्चे पर फिच का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक फिलहाल ब्याज दरों में बदलाव नहीं करेगा। दिसंबर में दर में कटौती के बाद अब आरबीआई नीतिगत दर 5.25 प्रतिशत पर बनाए रख सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाई है और बजट में अधिक खर्च मदों को शामिल किया है। वहीं, तेज वृद्धि और वस्तु एवं सेवा कर लागू होने से राजस्व भी मजबूत हुआ है, जिससे मध्यम अवधि में सरकारी कर्ज में मामूली गिरावट की संभावना बढ़ी है। हालांकि, एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्ज का जीडीपी अनुपात अभी भी उच्च स्तर पर बने रहने का अनुमान है।

**7.3 ट्रिलियन का सपना- कैसे बदल रही है इंडियन इकनॉमी:** भारत का इकनॉमिक ग्रोथ लगातार दुनिया का ध्यान खींच रहा है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, देश 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। विकास की यह रफ्तार निर्णायक नीति-निर्माण, संरचनात्मक सुधारों और वैश्विक स्तर पर बढ़ते एकीकरण की मजबूती को दर्शाती है। तेज वृद्धि के साथ भारत ने एक बार फिर वैश्विक साथियों को पीछे छोड़ दिया है। यह उछाल मजबूत घरेलू मांग, नियंत्रित महंगाई और बढ़ती श्रम भागीदारी पर टिकी है। घरेलू निवेश में आई तेजी और निवेशकों के मजबूत विश्वास से स्थिर और व्यापक आधार वाली अर्थव्यवस्था की झलक मिलती है। कुछ दिन पहले पीआईबी पर जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में मुद्रास्फीति-समायोजित वास्तविक जीडीपी 8.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। वहीं, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले साल की समान तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी। सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) के आंकड़े भी बताते हैं कि दूसरी तिमाही में प्राथमिक क्षेत्र में 3.1 प्रतिशत, द्वितीयक क्षेत्र में 8.1 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में वास्तविक जीडीपी 8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.1 प्रतिशत थी। इस दौरान प्राथमिक क्षेत्र में 2.9 प्रतिशत की मध्यम वृद्धि हुई, जबकि द्वितीयक (7.6 प्रतिशत) और तृतीयक क्षेत्र (9.3 प्रतिशत) ने लगातार शानदार विस्तार किया।

## अमेरिका में बड़ा फैसला- भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला के परिवार को मिलेंगे 262 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की दर्दनाक मौत के मामले में प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। सिएटल शहर प्रशासन जाह्नवी के परिवार को मुआवजे के तौर पर 2.9 करोड़ डॉलर (करीब 262 करोड़ रुपये) देने पर सहमत हो गया है। 23 वर्षीय जाह्नवी की पिछले साल एक तेज रफ्तार पुलिस गश्ती वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी, जिसके बाद भारत समेत पूरी दुनिया में भारी आक्रोश देखा गया था।

**119 किमी की रफ्तार से दौड़ रही थी पुलिस की गाड़ी :** यह हादसा 23 जनवरी 2023 को हुआ था। आंध्र प्रदेश की रहने वाली जाह्नवी कंडुला नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी (सिएटल कैंपस) में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं। वह सड़क पार कर रही थीं जब पुलिस अधिकारी केविन डेव ने उन्हें टक्कर मार दी। रिपोर्ट के मुताबिक, जिस इलाके में गति सीमा 40 किमी प्रति घंटा थी, वहां केविन डेव अपनी गाड़ी 119 किमी प्रति घंटा (74 एमपीएस) की रफ्तार से चला रहे थे। बताया गया कि वह ड्रग ओवरडोज की एक कॉल पर जा रहे थे। ह्नवी की मौत के बाद मामला तब और गरमा गया जब एक अन्य पुलिस अधिकारी, डैनियल ऑडरर का बॉडीकैम फुटेज सामने आया। इस वीडियो में ऑडरर को हंसते हुए और यह कहते हुए सुना गया कि



जाह्नवी की जान की सीमित कीमत थी और शहर को बस एक चेक लिख देना चाहिए। इस असंवेदनशील टिप्पणी के सामने आने के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। भारतीय राजनयिकों ने भी मामले की जांच की मांग की थी। बाद में ऑडरर को नौकरी से निकाल दिया गया था, हालांकि उन्होंने अपनी बर्खास्तगी के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

**आरोपी पुलिसकर्मी पर नहीं चला आपराधिक मुकदमा:** गंभीर लापरवाही के बावजूद, गाड़ी चलाने वाले अधिकारी केविन डेव पर कोई आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया गया। किंग काउंटी के अभियोजकों का कहना था कि वे यह साबित नहीं कर पाए कि डेव ने जानबूझकर सुरक्षा की अनदेखी की थी। डेव को केवल लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए 5,000 डॉलर (करीब 4 लाख रुपये) का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया।

**समझौते से क्या बोले अधिकारी :** सिएटल की सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि जाह्नवी की मौत दिल दहलाने वाली थी। उन्होंने कहा, जाह्नवी कंडुला का जीवन मायने रखता था। यह उनके परिवार, दोस्तों और हमारे समुदाय के लिए महत्वपूर्ण था। प्रशासन को उम्मीद है कि इस वित्तीय समझौते से परिवार को थोड़ी राहत मिलेगी। बताया गया है कि समझौते की राशि में से 2 करोड़ डॉलर का भुगतान शहर की बीमा कंपनी की ओर से किया जाएगा।

### प्रसन्न कुमार डी बने आईसीएआई के नए अध्यक्ष, मंगेश पी किनारे होंगे उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की शीर्ष संस्था, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने गुरुवार को अपने नए नेतृत्व का एलान किया है। आईसीएआई की काउंसिल ने वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए प्रसन्ना कुमार डी को अपना नया अध्यक्ष चुना है। 74वें अध्यक्ष के तौर पर संभालेंगे कमान सीए प्रसन्न कुमार डी संस्थान के 74वें अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले वे आईसीएआई के उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। अध्यक्ष के साथ ही काउंसिल ने मंगेश पांडुरंग किनारे को संस्थान का नया उपाध्यक्ष निर्वाचित किया है। यह चुनाव आईसीएआई की 26वीं काउंसिल द्वारा संपन्न किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रसन्ना कुमार डी का पेशेवर अनुभव चार दशकों से अधिक का है। वे 1984 में चार्टर्ड अकाउंटेंट बने थे और उन्होंने संस्थान में विभिन्न भूमिकाओं में अपनी सेवाएं दी हैं। अपने पेशेवर कौशल के अलावा, उनकी खेल में भी रुचि है और वे एक वॉलीबॉल खिलाड़ी भी हैं। आईसीएआई दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर लेखा निकायों में से एक है। वर्तमान में संस्थान के साथ 15 लाख से अधिक सदस्य और छात्र जुड़े हुए हैं। इसका नेटवर्क बेहद व्यापक है, जिसमें 5 क्षेत्रीय परिषदें और भारत भर में 185 शाखाएं शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर भी आईसीएआई की मजबूत उपस्थिति है, जिसके तहत 54 विदेशी चैप्टर और 31 प्रतिनिधि कार्यालय संचालित होते हैं।

### एसबीआई की रिपोर्ट- अमेरिका के साथ 90 अरब डॉलर के पार पहुंचेगा भारत का व्यापार अधिशेष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** व्यापार समझौते के तहत भारतीय उत्पादों पर टैरिफ में कटौती निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजारों में अपनी



हिस्सेदारी बढ़ाने का सुनहरा मौका है। साथ ही, यह व्यापार अधिशेष के लिहाज से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी फायदेमंद है। एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, टैरिफ कटौती के बाद निर्यात में तेज वृद्धि और अमेरिकी बाजारों में अधिक आयात से भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) सालाना 90 अरब डॉलर के पार पहुंच सकता है। रिपोर्ट एक दिलचस्प आंकड़े की ओर इशारा कर रही है।

#### 55 अरब डॉलर बढ़ सकता है अमेरिका से आयात

व्यापार समझौते की घोषणा के तहत भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक सामान और कृषि एवं खाद्य उत्पादों पर टैरिफ कम करने या खत्म करने पर सहमति जताई है। वहीं, कुछ कमोडिटीज को छोड़कर भारत के आयात में अमेरिका की हिस्सेदारी पहले से ही 20-40 फीसदी के बीच है।

## खुदरा महंगाई की नई श्रृंखला- बदलती जीवनशैली और खर्च का सटीक ब्योरा मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा महंगाई दर बीते महीने (जनवरी) में बढ़कर 2.75 प्रतिशत पर पहुंच गई है। जनवरी 2025 की तुलना में जनवरी 2026 में उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित सालाना महंगाई दर 2.13 फीसदी रही है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में क्रमशः 1.96 और 2.44 फीसदी दर्ज की गई है। बीते महीने वार्षिक आवास महंगाई दर 2.05 फीसदी रही है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 2.39 और शहरी क्षेत्र की महंगाई दर 1.92 फीसदी रही है।



इस बार सरकार ने साल 2024 के आधार पर खुदरा महंगाई की नई सीरीज में कई बदलाव किए हैं, जिसे बीते दस वर्षों में खुदरा महंगाई आंकड़ों में किया गया सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है। नई श्रृंखला में आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 किया गया है, जिससे कि लोगों की बदलती जीवनशैली और खर्च के तरीके को बेहतर तरीके से दिखाया जा सके।

नए आंकड़ों के अनुसार अब महंगाई लगातार बढ़ रही है। नवंबर में सूचकांक 104.01 था, दिसंबर में 104.10 और जनवरी में बढ़कर 104.46 हो गया। पुरानी श्रृंखला के अनुसार भी दिसंबर में महंगाई 0.71 प्रतिशत से बढ़कर 1.33 प्रतिशत हो गई थी, जिससे संकेत मिल है कि महंगाई में बढ़ोतरी हुई है। नई श्रृंखला पर आधारित आंकड़ों के हिसाब से व्यक्तिगत देखभाल से जुड़ी चीजों के दाम तेजी से बढ़े हैं, जिसमें सोने-चांदी के गहने शामिल हैं। इनकी महंगाई 19.02 प्रतिशत रही। सालाना आधार पर चांदी के गहनों की कीमत में 160 प्रतिशत और सोने में 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। शिक्षा सेवाओं में महंगाई 3.35 प्रतिशत रही। रेस्टोरेंट और होटल सेवाओं में भी महंगाई 2.87 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। नई सूची में अब 350 से ज्यादा सामान शामिल किए गए हैं, जबकि पहले यह संख्या 299 थी। नए सूचकांक में एयरपॉड्स, वायरलेस ईयरफोन, पालतू जानवरों का खाना, सैनिटाइजर, फिटनेस बैंड और एयर प्यूरीफायर जैसे नए सामान भी शामिल हैं। इससे शहरीकरण, बढ़ती आमदनी और स्वास्थ्य जागरूकता को दर्शाया जा सकेगा।

### सूचकांक में खाने-पीने की चीजों की हिस्सेदारी घटी

नई श्रृंखला में सबसे बड़ा बदलाव खाने-पीने की चीजों का महत्व पहले से कम किया गया। पहली बार खाद्य पदार्थों का हिस्सा 40 प्रतिशत से नीचे आ गया है। अब गैर-खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है, जो पहले करीब 45 प्रतिशत थी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के खर्च को भी ज्यादा महत्व दिया गया है, क्योंकि अब देश की मांग में ग्रामीण इलाकों की भूमिका बढ़ रही है। इसके बाद नई श्रृंखला के अनुसार खाद्य महंगाई 2.13 प्रतिशत रही। खाद्य और पेय पदार्थों का हिस्सा 37 प्रतिशत है, जिसमें महंगाई 2.11 प्रतिशत रही। इस दौरान टमाटर की कीमतों में 64.8 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

● कंटेंट क्रिएट करना शुरू किया, नाते-रिश्तेदारों ने मारे ताने, अब 1 करोड़ का टर्नओवर

## 22 की उम्र में शादी, छोड़ा एमबीए, फिर कुछ ऐसा किया काम कि बिना पैसा लगाए 1 करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पवनी मधुगला आंध्र प्रदेश की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और सूझबूझ से आज 1 करोड़ रुपये का कारोबार खड़ा कर दिया है। बिना किसी पूंजी या फैक्ट्री के पवनी ने यह कमाल किया है। इसमें ऑनलाइन बिक्री का बड़ा हाथ रहा है। वह पारंपरिक हलवा बेचती हैं। उन्होंने सितंबर 2024 में इसकी शुरुआत की थी। इस हलवे को बनाने में गुड़, गेहूं, दूध और पानी का इस्तेमाल होता है। इसे बिना चीनी, तेल या प्रिजर्वेटिव के बनाया जाता है। उनका हलवा उड़कर बिकता है। यह व्यवसाय आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के पास एक दूरदराज के गांव से चलता है। पवनी अपने वेंचर पवनी फूड्स के जरिये रोजाना 80-100 किलो हलवा बेचती हैं। आइए, यहां पवनी मधुगला की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

22 की उम्र में हो गई शादी

पवनी हमेशा से पढ़ाई-लिखाई में अच्छी थीं। उन्होंने बीएससी एग्रीकल्चर से ग्रेजुएशन पूरा किया। सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी, पुणे में एमबीए की सीट भी हासिल कर ली थी। इसके लिए फीस भी



भर दी थी। लेकिन, एमबीए प्रोग्राम शुरू होने से ठीक एक हफ्ते पहले उनकी शादी तय हो गई। फिर कुछ ऐसी स्थितियां बनीं कि पवनी को अपनी एमबीए सीट छोड़नी पड़ी। 22 की उम्र में शादी के बाद पवनी अपने पति के गांव चली गईं। यह विशाखापत्तनम से लगभग 90 किलोमीटर दूर एक एकांत क्षेत्र था। यह एक ऐसा क्षेत्र था जहां परिवहन की खराब कनेक्टिविटी और काम के सीमित मौके थे। खासकर महिलाओं के लिए। अपने दोस्तों को करियर में सफल होते देख उन्हें पीछे छूट जाने का एहसास हुआ। उन्होंने आइडियाज के साथ एक्सपेरिमेंट करने की कोशिश भी की। लेकिन, गांव की स्थितियों ने साथ नहीं दिया। तुरंत कोई करियर ऑप्शन न होने के कारण पवनी ने इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएशन का सहारा लिया। इसके पीछे बिजनेस का कोई प्लान नहीं था। उन्होंने बस कुछ करने के लिए ऐसा किया।

कंटेंट क्रिएशन के लिए पवनी को अपने पति का समर्थन और अपने माता-पिता का प्रोत्साहन मिला। लेकिन, नाते-रिश्तेदारों ने ताने मारे। सवाल किए- उसे पैसों की जरूरत क्यों हैं, वह ऑनलाइन क्या कर रही है पवनी ने इन बातों को नजरअंदाज किया और अपने काम में लगी रहीं। फिर सितंबर 2025 की शुरुआत में पोस्ट किया गया उनका एक नॉर्मल वीडियो व्यावसायिक उद्यम में बदल गया। जिस क्षेत्र में पवनी रहती हैं, वहां गुड़, दूध, गेहूं के अर्क और पानी का इस्तेमाल करके पारंपरिक हलवा बनाया जाता है। वहीं, देश के बाकी हिस्सों में हलवा चीनी, दूध, तेल और प्रजिर्वेटिव से भरा होता है। जब पवनी ने इस बिना चीनी और बिना तेल वाले हलवे का एक रील बनाया तो इंटरनेट पर इसकी चर्चा होने लगी। वीडियो वायरल हो गया।

## किसान क्रेडिट कार्ड योजना में बड़े बदलाव की तैयारी, करोड़ों किसानों को कैसे होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के करोड़ों किसानों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के नियमों में बदलाव और उन्हें बेहतर बनाने के लिए नए दिशा-निर्देशों का एक ड्राफ्ट (मसौदा) जारी किया है। इसका मकसद योजना का दायरा बढ़ाना, काम करने के तरीके को आसान बनाना और खेती-किसानी की नई जरूरतों को पूरा करना है। लोन की अवधि को फसल चक्र के साथ तालमेल बिठाने के लिए, केसीसीकी वैलिडिटी को बढ़ाकर 6 साल करने का प्रस्ताव है। रेगुलेटेड संस्थाएं, आम लोग और अन्य स्टेकहोल्डर 6 मार्च, 2026 तक ड्राफ्ट पर टिप्पणियां और सुझाव दे सकते हैं। आरबीआई ने केसीसी ऋण की स्वीकृति और पुनर्भुगतान कार्यक्रम में एकरूपता लाने के लिए फसल सत्रों की अवधि को मानकीकृत करने का प्रस्ताव भी रखा है। इसके तहत कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों को 12 माह के चक्र और लंबी अवधि वाली फसलों को 18 माह के चक्र के रूप में परिभाषित किया गया है। लंबी अवधि की फसलों के चक्र के अनुरूप ऋण अवधि तय करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की कुल अवधि छह वर्ष करने का प्रस्ताव रखा गया है। सल सत्र के लिए फसल की अनुमानित लागत के साथ समायोजित करने का सुझाव दिया गया है, ताकि किसानों को वास्तविक खेती लागत के अनुरूप पर्याप्त ऋण मिल सके। इसके अलावा, मिट्टी की जांच, वास्तविक समय में मौसम पूर्वानुमान और जैविक एवं उत्तम कृषि पद्धतियों के प्रमाणन जैसे तकनीकी खर्चों को भी पात्र मद में शामिल किया गया है। ये खर्च कृषि परिसंपत्तियों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए वर्तमान में स्वीकृत 20 प्रतिशत अतिरिक्त घटक के भीतर रखे जाएंगे। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने फरवरी के मौद्रिक नीतिगत वक्तव्य में केसीसी से संबंधित इन संशोधनों की घोषणा की थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश बजट में किसानों के लिए कई घोषणाएं की थी। उन्होंने कहा था कि किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी। अब तक की व्यवस्था के मुताबिक किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 3 लाख रुपये तक के फसली ऋण के लिए 7 प्रतिशत ब्याज दर है। समय पर भुगतान करने पर 3 प्रतिशत की सब्सिडी मिलने से प्रभावी दर 4 प्रतिशत रह जाती है।



# वाहन से छह को कुचलने वाले चालक को पुलिस ने दबोचा

## बीते बुधवार को छह लोगों को कुचला था अनियंत्रित थार ने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के चुटिया थाना क्षेत्र में थार वाहन से कुचलकर एक युवक की हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अतुल चड्ढा उर्फ आयुष कुमार (32) को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त थार रॉक्स वाहन को जब्त कर लिया गया है।

इस संबंध में चुटिया थाना कांड संख्या 22/26, दिनांक 12 फरवरी के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 103(1) और 61(2) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि मृतक धर्मेन्द्र कुमार के पिता रामाश्नय शर्मा (65), निवासी रिवर व्यू कॉलोनी, हटिया के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 फरवरी को अमरावती कॉलोनी, चुटिया में आयोजित एक गृहप्रवेश कार्यक्रम के दौरान पैसों के लेन-देन को लेकर धर्मेन्द्र और आरोपी के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने आवेश में आकर काले रंग की थार रॉक्स को तेज गति से चलाते हुए धर्मेन्द्र को कुचल दिया। इस घटना में छह अन्य लोग भी घायल हो गए।



घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त थार रॉक्स वाहन और एक सैमसंग स्मार्टफोन भी जब्त किया है।

बताया गया है कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

सनद रहे कि रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार और बेकाबू एसयूवी (थार) ने छह लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में 40 साल के धर्मेंद्र कुमार की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने थार चला रहे व्यक्ति की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए बुधवार रात से ही छापेमारी चल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, साउथ रेलवे कॉलोनी के दुर्गा मंदिर के पास एक गृह प्रवेश कार्यक्रम से खाना खाकर कुछ लोग बाहर निकले थे और सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी रेलवे स्टेशन की ओर से तेज रफ्तार में आई थार ने अपना संतुलन खो दिया और सामने खड़े लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई।

# प्रशासनिक संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी से लोग दहशत में

## 6 फरवरी को कोर्ट को भी मिली थी धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में प्रशासनिक संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकियों से दहशत का माहौल है। 6 फरवरी को रांची सिविल कोर्ट को धमकी मिलने के बाद अब कचहरी स्थित रांची समाहरणालय (डीसी ऑफिस) को भी बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार, धमकी ईमेल के माध्यम से दी गई है। ईमेल में समाहरणालय भवन को सल्फर नाइट्रेट बम से उड़ाने की बात कही गई है। धमकी मिलते ही पूरे परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) को मौके पर बुलाया गया। बीडीएस टीम ने समाहरणालय परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। फिलहाल जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई है। रांची कोतवाली के डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि धमकी भरे ईमेल की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल ईमेल के आईपी एड्रेस को ट्रेस करने में जुटी है।गौरतलब है कि इससे पहले 6 फरवरी को सिविल कोर्ट को भी इसी तरह ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। वहां दो दिनों तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों मामलों के पीछे एक ही व्यक्ति या गिरोह का हाथ तो नहीं है।

### पेड़ से लटकी मिली लापता युवक की लाश

**मुजफ्फरपुर।** जिले के पारू थाना क्षेत्र के गरीबा गांव में छह दिन से लापता युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सड़क किनारे पेड़ से लटका शव देख स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

मृतक की पहचान 21 वर्षीय आशुतोष कुमार पासवान, निवासी गरीबा गांव, के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार आशुतोष 6 फरवरी से लापता था। गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी और परिवार अपने स्तर पर भी उसकी तलाश कर रहा था। लापता होने के तीन दिन बाद उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया था। घर से कुछ दूरी पर पेड़ से उसका शव लटका मिला। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है।

# चुनाव में केंद्रीय बल तैनात करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नगर निकाय चुनाव में हेमंत सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। कहा है कि बैलेट पेपर से चुनाव कराने से प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार की मंशा साफ नहीं है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने से कई तरह की गड़बड़ियां हो सकती हैं। ईवीएम से चुनाव कराया जाना चाहिए।

मरांडी शुक्रवार को बरगंडा स्थित अपने आवास में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में झारखंड पुलिस निष्पक्ष काम करेगी, ऐसा नहीं लगता है, इसलिए सभी पोलिंग बूथों में सेंट्रल पारा मिलिट्री फोर्स की व्यवस्था की जाए। राज्य निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार से चुनाव के लिए पारा मिलिट्री फोर्स की मांग करे।

मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार चुनाव कराने के पक्ष में नहीं थी, लेकिन उच्च न्यायालय के आदेश पर लाचार होकर चुनाव करा रही है।

यह चुनाव दलगत नहीं हो रहा है, लेकिन भाजपा ने तय किया कि अपने दल के कार्यकर्ता चुनाव लड़े। भाजपा ने गिरिडीह में मेयर पद के लिए डा. शैलेंद्र चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। दल के सभी कार्यकर्ता उन्हें चुनाव में सहयोग करेंगे।

एक सवाल के जवाब में मरांडी ने कहा कि पार्टी में कोई फूट नहीं है। सभी कार्यकर्ता और नेता एकजुट हैं।

पार्टी से बगावत कर अन्य नेताओं के चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि सभी की इच्छा होती है चुनाव लड़ने की। हालांकि वैसे नेताओं को मनाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर महानगर जिलाध्यक्ष रंजीत राय, पूर्व जिलाध्यक्ष महदेव दुबे, भाजपा नेता नुनूलाल मरांडी, अशोक उपाध्याय, नवीन सिन्हा, लोजपा नेता राज कुमार राज आदि उपस्थित थे।

### जिप सदस्या ने लिया भाजपा छोड़ने का निर्णय

**धनबाद।** जिला परिषद सदस्य स्वाति कुमारी और भाजपा नेता दिलीप चौधरी ने पाटी छोड़ने का निर्णय लिया है। दोनों अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) में शामिल होने जा रहे हैं।

इस मामले को लेकर दिलीप चौधरी ने बताया कि काफी समय से वे भाजपा के साथ रहे हैं। उन्होंने जिला परिषद की भी सीट दिलाने का काम किया, लेकिन वर्तमान समय में पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित स्थान नहीं दिया जा रहा है।

यहां तक की मान सम्मान भी नहीं मिलता। यही कारण है कि उन्होंने जिला परिषद सदस्य स्वाति कुमारी के नेतृत्व में जेएलकेएम की सदस्यता लेने जा रहे हैं।

शनिवार को गोविंदपुर के खरनी साधुबाद में जेएलकेएम सुप्रीमो सह विधायक जयराम महतो के नेतृत्व में वे पार्टी में अपने समर्थकों संग शामिल होंगे।

चौधरी ने कहा कि उनके साथ करीब 350 से अधिक कार्यक्रर्ता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। दिलीप चौधरी और स्वाति कुमारी बाबूलाल मरांडी की झाविमो के साथ रहे थे।

# खून से लथपथ मिली लाशें बनी अवूझ पहेली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका नगर थाना क्षेत्र स्थित वीर कुंवर सिंह चौक के समीप सदर आरक्षी निरीक्षक के बंद कार्यालय के पीछे बरामदे से पुलिस ने बुधवार की सुबह अर्धविक्षिप्त महिला और उसकी छह वर्षीय बेटी का शव बरामद किया है। दोनों के नाक और मुंह से खून निकल रहा है। जिससे इस बात की आशंका है कि उनकी हत्या की गई है। सुबह मॉर्निंग वॉक कर लौट रहे लोगों ने सदर इंस्पेक्टर कार्यालय के समीप पिछले बरामदे पर एक 30 वर्षीय महिला और उसकी छह वर्षीय बच्ची का शव देखा। इसके बाद लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई । दोनों के नाक और मुंह से खून निकल रहा है जिससे यह

## पुलिस कर रही तफ्तीश

आशंका जताई जा रही है कि उनकी हत्या हुई है।

भीड़ में मौजूद कई लोगों ने बताया कि यह महिला पिछले कुछ दिनों से इधर ही भटक रही थी। कभी - कभी इसके साथ एक दिव्यांग व्यक्ति भी रहता था। हालांकि महिला कौन थी , कहां से आई थी , इसकी जानकारी किसी के पास नहीं थी।

महिला और बच्ची दोनों साथ रहती थी , जिससे यह पता चलता था कि दोनों मां - बेटी है। सूचना मिलते ही सदर एडीपीओ विजय महतो और नगर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान मौके पर पहुंचे और जांच की।

पुलिस ने शिनाख्त करने के लिए लोगों की मदद ली लेकिन हर किसी ने यही बताया कि महिला मांग कर खाती थी लेकिन वह कार्यालय के पीछे कैसे चली गई इसके बारे में किसी को कुछ पता नहीं था।

पुलिस का कहना है कि जिस जगह पर दोनों शव मिला है वहां रहने लायक जगह नहीं है। जरूर महिला को किसी बहाने से यहां लाकर वारदात को अंजाम दिया गया है। सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। जल्द महिला और वारदात को अंजाम देने वाले की पहचान कर ली जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# घाटी में कंटेनर हुई दुर्घटनाग्रस्त, लगी आग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** नेशनल हाईवे 33 फोरलेन के चूटूपालू घाटी में शुक्रवार को करीब 11 बजे एक कंटेनर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके बाद वाहन में आग लग गई। इससे चालक जिंदा जल गया। सूचना मिलते ही। रामगढ़ थाना पुलिस व एनएचएआई की रेस्क्यू टीम घटनास्थल पहुंची, और धूझधू कर जलते कंटेनर के अगले हिस्से को दमकल से बुझाया, तबतक चालक का लगभग पूरा शरीर जल

## जिंदा जला चालक

चुका था।

घटना के बाद घाटी में लगभग तीन घंटे तक वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। बताया गया कि रांची की ओर से तेज गति से आ रहे मशीनरी लदे कंटेनर का घाटी में अचानक ब्रेकफेल हो गया। इससे वाहन पूरी तरह से अनियंत्रित हो गया।

इस क्रम में आगे चल रहे एक स्टोन चिप्स लदे हाईवा को पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर के अगले हिस्से में आग लग गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

भीषण सड़क हादसा, ब्रेकफेल कंटेनर वाहन पीछे से एक ट्रेलर से जोरदार तरीके से टकरा गई। हादसे के बाद कंटेनर वाहन में आग लग गई। इससे कंटेनर का चालक जिंदा जल गया।

# बंगाल में निपाह वायरस से मौत की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग चौकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस संक्रमण से मौत की पुष्टि होने के बाद पूर्वी सिंहभूम जिले में भी स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल की ओर से सभी सरकारी व निजी अस्पतालों, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिकों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, जिले में अब तक निपाह का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियात के तौर पर निगरानी और तैयारी बढ़ा दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार निपाह वायरस एक गंभीर जूनोटिक बीमारी है, जो मुख्य रूप से फल खाने वाले चमगादड़ (फ्रूट बैट) के जरिए फैलती है। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क या संक्रमित फलों के सेवन से भी संक्रमण का खतरा रहता है।

अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि बुखार, तेज सिरदर्द, सांस लेने में तकलीफ, उल्टी, मानसिक भ्रम, दौरे या अचानक तबीयत बिगड़ने जैसे लक्षण वाले मरीजों की विशेष स्क्रीनिंग की जाए। ऐसे मामलों में तुरंत आइसोलेशन और जिला सर्विलांस इकाई को सूचना देना अनिवार्य किया गया है।

सिविल सर्जन की ओर से सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इंफेक्शन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। सिविल सर्जन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निपाह से हुई मौत को देखते हुए जिले में एहतियाती अलर्ट जारी किया गया है।

फिलहाल पूर्वी सिंहभूम में संक्रमण का कोई मामला नहीं है। ट्रैवल हिस्ट्री वाले मरीजों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आम लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गिरे हुए या आंशिक रूप से खाए गए फलों का सेवन न करें।

कच्चा खजूर रस या ताड़ी पीने से बचें और किसी बीमार व्यक्ति के अनावश्यक संपर्क में न आएं। लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल से संपर्क करें।

सिविल सर्जन ने कहा कि लोग इंटरनेट मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल सरकारी सूचना पर भरोसा करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल जागरूकता और सावधानी ही निपाह से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

# इंटर के परीक्षार्थी को दंडाधिकारी ने जड़ा थप्पड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** राज्यभर में मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही हैं, लेकिन बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र से एक गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है।

छिपादोहर स्थित संत मरियम मिडिल स्कूल परीक्षा केंद्र में इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान एक 16 वर्षीय छात्र के साथ कथित मारपीट का आरोप लगने से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 फरवरी 2026 को दोपहर 2 बजे से जियोग्रॉफी विषय की परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान बरवाडीह के अंचल अधिकारी लोकेश सिंह बतौर दंडाधिकारी परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 3 बजे उनका वाहन स्कूल परिसर में प्रवेश किया। परीक्षा हॉल में सबसे आगे की पंक्ति में बैठा छात्र (16 वर्ष) वाहन की ओर देख बैठा। आरोप है कि इसी बात पर अंचल अधिकारी ने बिना किसी पूछताछ के परीक्षा कक्ष में ही छात्र को दो तीन थप्पड़ जड़ दिया।

छात्र के परिजनों का कहना है कि छात्र न तो नकल करते पकड़ा गया था और न ही उसके खिलाफ किसी प्रकार की शिकायत थी।

घटना के बाद छात्र मानसिक रूप से आहत हो गया। पीड़ित छात्र ने बताया कि मैं परीक्षा दे रहा था, मेरी कोई गलती नहीं थी। बस गाड़ी अंदर आती देख ली, इसी बात पर सबके सामने मुझे मारा गया और अपमानित किया गया।

छात्र की मां ने बताया कि परीक्षा से लौटने के बाद उनका बेटा लगातार रोता रहा, उसने खाना-पीना तक छोड़ दिया। पूरी घटना जानने के बाद परिजन सकते में हैं।

मामले की जानकारी मिलते ही भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# उड़ीसा से बिहार ले जाई जा रही गांजे की खेप के साथ तस्कर धराया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची मंडल में कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को हटिया रेलवे स्टेशन से 7.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।आरपीएफ पोस्ट हटिया, फ्लाइंग टीम रांची और अपराध शाखा रांची की संयुक्त टीम को गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद संध्या समय हटिया रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म संख्या-03 पर हल्के हरे रंग के ट्राली बैग के साथ बैठे एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन प्रसाद (60), निवासी रक्सौल, पूर्वी चंपारण (बिहार) बताया।

तलाशी के दौरान ट्राली बैग से भूरे प्लास्टिक में लिपटे कुल 9 पैकेट गांजा बरामद किए गए। वजन करने पर कुल मात्रा 7.5 किलोग्राम पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3.75 लाख रुपये है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह गांजा ओडिशा के संबलपुर जिले के धनपाली से रंजीत कुमार पंडित के माध्यम से प्राप्त कर बिहार के रक्सौल ले जा रहा था।

सूचना पर एएससी आरपीएफ रांची अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उनके निदेर्शानुसार सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी और जब्त गांजा को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सुपुर्द कर दिया गया।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक कुमार, साधना कुमारी (आरपीएफ पोस्ट हटिया), एएसआई अनिल कुमार (फ्लाइंग टीम रांची), आरक्षक अरविंद कुमार (अपराध शाखा रांची) तथा स्टाफ अमित सिन्हा की भूमिका सराहनीय रही।

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे जेसीबी के आगे डटी रहीं महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गावां। गावां प्रखंड अंतर्गत गावां-तिसरी मुख्य मार्ग पर खोटमनाय में गुरुवार की दोपहर बारह बजे गावां सीओ अविनाश रंजन के नेतृत्व में विवादित जमीन पर बने मकानों को ध्वस्त करने के लिए जेसीबी मशीन लेकर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

महिलाएं बार-बार जेसीबी मशीन के सामने खड़ी हो जा रही थीं। हालांकि विरोध के बीच तीन पक्के मकान को पूरी तरह जमीदोंज कर दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों व पुलिस के बीच कई बार तीखी नोकझोंक हुई।

ग्रामीणों के विरोध के बाद गावां पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार, थाना प्रभारी जयप्रकाश कुमार के साथ कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची व विरोध कर रहे लोगों को खदेड़ दिया। हालांकि कुछ महिलाएं उग्र होकर बार- बार जेसीबी को रोकने को ले पुलिस की टीम से उलझ रही थी। इस कार्रवाई के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सीओ और सरकारी अमीन के साथ काफी बहस भी हुई।



यहां बता दें कि उक्त विवादित भूमि पर बने अवैध निर्माण को उच्च न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। एक सप्ताह पूर्व गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव ने उक्त विवादित स्थल का निरीक्षण किया था। इधर कोर्ट के आदेश पर गावां सीओ अविनाश रंजन अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे।

हालांकि अवैध निर्माण कराए कुछ लोगों ने स्टे आदेश दिखाया। मकान को ध्वस्त करने के बाद मकान में रह रहे परिवारों के महिला और बच्चों के क्रंदन से पूरा माहौल गमगीन हो गया। सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर तीन घरों को ध्वस्त किया गया है। कहा कि सभी अवैध निर्माण को हटाया जाएगा।

### बैठक में जर्जर पुल को बंद करने का निर्णय

**जमुई।** एनएच-333-ए खैरा-सोनो मार्ग पर स्थित नरियाना और मांगोबंदर पुल अब पूरी तरह से इतिहास का हिस्सा बनने जा रहे हैं। वर्षों से जर्जर स्थिति में रहने वाले ये पुल अब छोटे वाहनों (कार, आटो, बाइक) के लिए भी बंद कर दिए गए हैं। प्रशासन ने यह कड़ा फैसला भविष्य में किसी भी अनहोनी को रोकने के उद्देश्य से लिया है।एसडीएम सौरभ कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एसडीपीओ सतीश सुमन, खैरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी शेखर सुमन, अंचलाधिकारी विश्वजीत कुमार, थानाध्यक्ष मिंटू कुमार सिंह, एनएचएआइ के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा पुल की वर्तमान स्थिति और राहगीरों की सुरक्षा था। बैठक में सभी पक्षों की राय जानने के बाद एसडीएम ने स्पष्ट किया कि पुल अब वाहनों का भार सहने की स्थिति में नहीं हैं, इसलिए जोखिम लेना खतरनाक होगा।

# मनरेगा कर्मियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति

## पांच माह से नहीं मिला है मानदेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले के मनरेगा कर्मचारियों को पांच महीने से पगार नहीं मिली है। सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आदि पदों पर यहां करीब 270 अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं। मनरेगा कर्मचारी संघ ने सरकार से वेतन देने की गुहार लगाई है।

बीते अक्टूबर माह से मनरेगा कर्मियों का मानदेय बंद है । गत वर्ष सितंबर तक मानदेय मिला था। उक्त राशि नवंबर महीने में कर्मियों के खाते में क्रेडिट हुई थी। वर्तमान में मानदेय कब आएगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

झारखंड सरकार कह रही है कि मनरेगा अच्छी योजना है। वहीं भारत सरकार कह रही है कि जी राम जी अच्छा है लेकिन कर्मियों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। वर्तमान में अभी मनरेगा मजदूरों का ई केवाईसी का काम चल रहा है, पदाधिकारी टारगेट पर रिव्यू कर रहे हैं लेकिन सैलरी पर कोई भी बात नहीं करते हैं।

मनरेगा कर्मियों ने कम वेतन में अधिक काम कराए जाने और बीते पांच महीने से वेतन नहीं दिए जाने को लेकर काफी आक्रोश है।

मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने कहा कि अल्प वेतन में मनरेगा कर्मियों से मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों के अलावा शासन के कई अन्य कार्य भी लिए जा रहे हैं। इसके बाद भी समय पर वेतन नहीं मिल पाता है। मेहनत के बाद भी अपने हक का वेतन न मिलने से वे मानसिक रूप से पीड़ित हो रहे हैं। मनरेगा कर्मियों की सेवा, सामाजिक सुरक्षा एवं वेतन भुगतान संबंधी नीति राज्य लागू है। बावजूद इसके केन्द्र सरकार से राशि प्राप्त नहीं होने पर राज्य सरकार वेतन भुगतान में अपने हाथ खड़े कर देती है।

कर्मचारी मानसिक रूप से पीड़ित एवं सरकार के प्रति आक्रोशित हैं। साथ ही सरकार इनके सुरक्षित भविष्य के लिए कोई मानव संसाधन नीति लागू नहीं कर पाई है, जिसके लिए ये कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं।

### सरस्वती पूजा का चंदा नहीं देने पर कराई उठक-बैठक

**बासुकीनाथ।** सरस्वती पूजा के नाम पर एक सौ रुपया चंदा नहीं जाने पर कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक (हेड सर) द्वारा बच्चों को प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्र छात्राओं ने उपायुक्त को आवेदन प्रेषित कर जांचोपरांत कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

उपायुक्त को दिए आवेदन में छात्र- छात्रा और उनके अभिभावकों ने बताया है कि जरमुंडी कन्या मध्य विद्यालय में हेड सर ने प्रति बच्चों से सरस्वती पूजा का चंदा 100 रुपया रुपया मांगा था। जिन बच्चों ने चंदा नहीं दिया, उनको पूजा के बाद प्रताड़ित किया और विद्यालय आने के लिए मना किया।

कक्षा सप्तम की नीतू कुमारी ने बताया कि उससे सरस्वती पूजा का चंदा एक सौ रुपए मांगा था, नहीं देने पर पूजा के बाद हेड सर ने एक सौ बार उठक बैठक करवाई और मध्याह्न भोजन से वंचित कर दिया। भूखे रहने और एक सौ उठक बैठक करने से तबीयत बिगड़ी तो छुट्टी देने को कहा तो बोले कि अवकाश होने पर ही छोड़ा गया। घर आने पर तबीयत बिगड़ने पर मां को आपबीती बताई।

छात्रा जूली कुमारी, शिवांगी कुमारी, रोशन कुमार, अमन कुमार, अन्नू कुमारी, राजू कुमार, सोहन कुमार सहित अन्य छात्र छात्राओं ने बताया कि हेड सर ने घर से चंदा लाने को कहा था, नहीं देने पर स्कूल आने से मना किया और मध्याह्न भोजन के समय कहा कि जिसने चंदा नहीं दिया है उसे अंडा नहीं मिलेगा। उठक बैठक कराकर कक्षा का ताला गायब होने की बात कहकर सभी को लिंक कंपनी का ताला खरीदकर लाने के लिए कहा।

# मुजरबानी की स्पीड के आगे ऑस्ट्रेलिया ने टेके घुटने

● जिम्बाब्वे ने टी-वर्ल्ड कप 2026 में किया सबसे बड़ा उलटफेर ● कंगारुओं की पहली हार, मुजरबानी ने 4 विकेट झटके

**कोलंबो (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में पहला उलटफेर देखने को मिला है। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन के अंतर से हराया। टीम ने दूसरी बार कंगारुओं को मात दी है। उसने 19 साल पहले 2007 में भी ऑस्ट्रेलिया को लीग राउंड में हराया था।

कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.3 ओवर के बाद 146 रन पर ऑलआउट हो गई। ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट झटके। 3 विकेट ब्रैडली इवांस को मिले।

आस्ट्रेलिया के लिए मैट रेनशॉ (65 रन) ने फिफ्टी




लगाई। ग्लेन मैक्सवेल ने 31 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस (6) ट्रैविस हेड (17) और जोश इंग्लिस (8) खास प्रदर्शन नहीं कर सके। टिम डेविड और कैमरन ग्रीन का खाता भी नहीं खुला।

जिम्बाब्वे से ब्रायन बेनेट ने 56 बॉल पर नाबाद 64 रन बनाए। यह उनका टी-20 वर्ल्ड कप में पहला और टी-20 इंटरनेशनल में ओवरऑल 11वां अर्धशतक है। उनके अलावा तादिवानाशे मारुमनी और रयान बर्ल ने 35-35 रन की पारी खेली। कप्तान सिकंदर रजा ने 13 बॉल पर नाबाद 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस स्टोयनिस और कैमरन ग्रीन को 1-1 विकेट मिला। मैच का स्कोरकार्डज

## रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान होंगे

### 2019 से टीम के साथ हैं, संजू सैमसन ट्रेड होकर सीएसके चले गए थे

**जयपुर (एजेंसी)।** 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टीम ने ऑलराउंडर रियान पराग को टीम का अगला कप्तान नियुक्त किया है। यह फैसला संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में चले जाने के बाद लिया गया है। 2026 के लिए हुए आईपीएल के मिनी ऑक्शन से पहले संजू सैमसन ट्रेड विंडो के जरिये सीएसके में चले गए थे। सीएसके ने इसके बदले रवींद्र जडेजा और सैम करन जैसे दो ऑलराउंडर राजस्थान रॉयल्स को दिया था।



24 साल के रियान पराग पिछले सात सीजन से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। संजू सैमसन ने पिछले सीजन के बाद फ्रेंचाइजी छोड़ने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए पराग पर भरोसा जताया है।

### पिछले साल 8 मैचों में कप्तानी कर चुके हैं पराग

रियान पराग के लिए कप्तानी का अनुभव नया नहीं है। आईपीएल 2025 के दौरान जब संजू सैमसन चोट की वजह से 8 मैचों से बाहर रहे थे, तब पराग ने ही टीम की कमान संभाली थी। हालांकि, उन 8 मैचों में टीम को सिर्फ 2 जीत मिली थी, लेकिन बतौर बल्लेबाज पराग ने प्रभावित किया था। उन्होंने कप्तानी के दौरान 38.57 की औसत से रन बनाए थे, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेली गई 95 रनों की पारी उनके करियर का बेस्ट स्कोर है।

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की लगातार दूसरी जीत

● नामीबिया को 93 रनों से हराया, ईशान-पंड्या की फिफ्टी, चक्रवर्ती को 3 विकेट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया को 93 रन से हरा दिया। टूर्नामेंट इतिहास में रनों के लिहाज से यह इंडिया की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 90 रन का था, जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में बना था।




भारतीय टीम ने लगातार दूसरा मैच जीतकर ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल के टॉप पर जगह बना ली। भारत ने अमेरिका को पहला मैच हराया था। गुरुवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 9 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए थे। भारत ने आखिरी 4 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे। ईशान किशन ने 61 और हार्दिक पंड्या ने 52 रन बनाए। नामीबिया से कप्तान जेरार्ड इरासमस ने 4 विकेट लिए। 210 रन का टारगेट चेज करने उतरी नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 3, अक्षर और हार्दिक ने 2-2 विकेट लिए। नामीबिया की ओर से लौरेन स्टीनकैंप ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए।

**भारत ने लगातार 10वां वर्ल्डकप मैच जीता, ऐसा करने वाली पहली टीम-** भारत इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा लगातार मैच जीतने वाली टीम बन गई है। टीम ने वर्ल्ड कप में लगातार 10वां मैच जीता। भारत को आखिरी हार 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में एडिलेड के मैदान पर मिली थी।

### भारत पॉइंट्स टेबल में नेट रन रेट से आगे

भारतीय टीम ग्रुप-ए में 2 जीत के साथ टॉप पर है। टीम के पास 4 अंक हैं, इतने ही अंक पाकिस्तान के पास भी हैं, लेकिन पाकिस्तानी टीम का नेट रन रेट भारत से बहुत कम है। इसी वजह से टीम इंडिया नंबर-1 पर है, जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। नीदरलैंड एक जीत के साथ तीसरे नंबर पर है। ãž और नामीबिया शुरुआती दोनों मैच हार गई हैं।

### ईशान किशन को इंपैक्ट प्लेयर का अवॉर्ड, नामीबिया के खिलाफ 24 गेंद में बनाए 61 रन

विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को भारत-नामीबिया मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया के इंपैक्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गुरुवार को दिल्ली में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में ईशान ने सिर्फ 24 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस विस्फोटक शुरुआत की बदौलत भारत ने 200 से ज्यादा का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

पावरप्ले में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर

ईशान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेजे स्मिट के एक ओवर से 28 रन बटोरे। पहली गेंद डॉट रहने के बाद उन्होंने अगली पांच गेंदों पर चार छक्के और एक चौका जड़ा। भारत ने पहले 6 ओवर में 1 विकेट पर 86 रन बनाए, जो टी-20 इंटरनेशनल में भारत का तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में भारत ने 95/1 और हाल ही में गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 94/2 का स्कोर बनाया था।

### 20 गेंदों में अर्धशतक

ईशान किशन ने 20 गेंदों में फिफ्टी पूरी की, जो टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे तेज अर्धशतक है। इस सूची में शीर्ष पर युवराज सिंह की 12 गेंदों की ऐतिहासिक पारी है।

## पाकिस्तान के खिलाफ टी-वर्ल्ड कप मुकाबले में अर्शदीप की जगह इस गेंदबाज को उतारे भारत: गावस्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी। नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर भी पूरे नहीं किए।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं। श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।




गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा, हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते।

गावस्कर ने कहा, वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है।

## होटल में बुकिंग ना होने पर मुसीबत में फंसे पाकिस्तानी खिलाड़ी

### सड़क पर गुजारे कई घंटे

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान हॉकी टीम के सदस्यों को कैनबरा पहुंचने पर कई घंटे सड़क पर बिताने पड़े क्योंकि पैसों के अभाव में पाकिस्तान हॉकी महासंघ होटल के बिल का भुगतान नहीं कर सका जिससे होटल बुकिंग रद्द हो गई। पाकिस्तानी टीम होबर्ट में एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण के मैच खेलने आस्ट्रेलिया में है। टीम के सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को घंटों तक सड़क पर रहना पड़ा।

एक सूत्र ने बताया, खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए कैनबरा में एक चार सितारा होटल में कमरे बुक किए गए थे। उन्हें बताया गया था कि पाकिस्तान खेल



बोर्ड और पीएचएफ ने कैनबरा में उनके रहने के लिए सारे भुगतान कर दिए हैं। सूत्र ने कहा, लेकिन पिछले सप्ताह कैनबरा पहुंचने पर पता चला कि उस होटल में कोई बुकिंग थी ही नहीं। टीम के मुख्य कोच ताहिर जमान टाइम जोन अलग होने के कारण पीएसबी और पीएचएफ अधिकारियों से संपर्क नहीं कर सके।


सूत्र ने कहा, ताहिर ने उन्हें इस स्थिति के बारे में बताया कि लाहौर से लंबा सफर करके आए खिलाड़ियों के पास आराम करने की कोई जगह नहीं है। हॉकी पाकिस्तान का राष्ट्रीय खेल है और टीम प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जैसी शीर्ष टीमों से खेल रही है। सूत्र ने बताया कि कई घंटे बाहर इंतजार करने के बाद होटल प्रबंधन ने खिलाड़ियों को कुछ कमरे दिए। सूत्र ने कहा, कमरे उपलब्ध नहीं थे लिहाजा एक ही कमरे में दो तीन खिलाड़ी रूके और अगले दिन ऑस्ट्रेलिया से मैच खेलने स्टेडियम गए जिसमें 2-3 से पराजय मिली।

इससे पहले अर्जेंटीना में प्रो लीग के पहले चरण में खिलाड़ियों को दैनिक भत्ते नहीं मिले थे जिससे विदेश में उन्हें पैसों की किल्लत हो गई। कैनबरा में टीम मैनेजर के बिना गई है क्योंकि नियमित मैनेजर और पूर्व ओलंपियन अंजुम सईद को क्ास्न ने निकाल दिया है। उन्हें वापिस लौटते समय फ्लाइट में सिगरेट पीते पाया गया और हवाई अड्डे पर सुरक्षा अधिकारियों से उनकी झड़प भी हुई। सूत्र ने बताया कि कैनबरा में कुछ स्थानीय पाकिस्तानी लोगों से संपर्क किया गया जिन्होंने आकर उनकी मदद की। पाकिस्तान प्रो लीग के सभी छह मैच हार चुका है।

## मेस्सी चोटिल

### इंटर मियामी के पहले मैच में खेलना संदिग्ध

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) (एजेंसी)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है जिसके कारण उनका इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस कप में 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ होने वाले सत्र के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है।



इंटर मियामी की टीम ने बुधवार को मेस्सी के चोटिल होने के बारे में जानकारी दी। एमएलएस के लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेस्सी ने पिछले सप्ताहांत इक्वाडोर में सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के लगभग 12 मिनट बाद उन्हें संभवत: हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। इंटर मियामी ने एक बयान में कहा, अभ्यास में उनकी वापसी आने वाले दिनों में उनकी फिटनेस की प्रगति पर निर्भर करेगी।

# पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले टीम इंडिया की बढ़ी मुश्किलें, ये हैं 4 अहम वजहें

**कोलंबो (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला महामुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला हमेशा की तरह ही हाई-वोल्टेज रहने वाला है और इस बार भी राजनीतिक विवादों और कुछ देशों की बॉयकॉट की धमकियों के बीच यह मैच चर्चा में रहा। हालांकि, अब मैच तय हो चुका है और दोनों टीमें इस बड़े मुकाबले की तैयारी में जुटी हैं। लेकिन टीम इंडिया के सामने कुछ चुनौतियाँ हैं, जो इस मुकाबले में उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं। आइए विस्तार से देखें चार बड़ी वजहें जिनकी वजह से टीम इंडिया मुश्किल में दिख रही है।

### अभिषेक शर्मा की फिटनेस पर सवाल

टीम इंडिया के विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा पिछले कुछ समय से पेट की समस्या यानी स्टमक इंफेक्शन से जूझ रहे हैं। पहले मैच के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था, जिसके कारण वह नामीबिया के खिलाफ मैच नहीं खेल पाए। फिलहाल वह अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं,



लेकिन टीम मैनेजमेंट उनकी वापसी को लेकर सतर्क है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी संकेत दिए हैं कि अभिषेक शर्मा को पूरी तरह खेलने में अभी कुछ और समय लग सकता है। अगर वे पाकिस्तान के खिलाफ भी नहीं खेल पाए, तो टीम का ओपनिंग संयोजन कमजोर हो सकता है।

**रिंकू सिंह का खराब फॉर्म-** टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर फिनिशर रिंकू सिंह इस टूर्नामेंट में अपनी ताकत दिखाने में असफल रहे हैं।

पहले मैच में उन्होंने 14 गेंदों पर सिर्फ 6 रन बनाए, और दूसरे मैच में 6 गेंदों पर केवल 1 रन ही बना पाए।

### पावरप्ले में गेंदबाजी की कमजोरी

नामीबिया ने पावरप्ले में भारत के गेंदबाजों का सामना करते हुए तेज शुरुआत की थी। पहले 6 ओवर में भारत को केवल 1 विकेट पर 57 रन गंवाने पड़े। पावरप्ले में रन लुटना टीम को शुरुआती झटका देता है। पाकिस्तान के ओपनर्स आक्रामक खिलाड़ी हैं और पावरप्ले में ही उनका पलड़ा भारी हो सकता है। इसलिए टीम इंडिया के गेंदबाजों को शुरुआती ओवरों में नियंत्रण और रणनीति का ध्यान रखना जरूरी होगा।

### टीम इंडिया के लिए संभावित समाधान

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भारत इन चार प्रमुख चुनौतियों पर ध्यान दे, तो वे पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला बेहतर खेल सकते हैं।

### स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ कमजोरी

नामीबिया के खिलाफ मैच में भारत ने 209 रन बनाए, लेकिन मिडिल ओवरों में स्पिन गेंदबाजों के सामने भारतीय बल्लेबाज फंसते नजर आए। बर्नार्ड शोल्ट्ज और गेरहार्ड इरास्मस जैसे स्पिनरों ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और टीम को रन बनाने में परेशानी हुई। पाकिस्तान के पास भी मजबूत स्पिन अटैक है और कोलंबो की पिच स्पिन के अनुकूल मानी जाती है। ऐसे में अगर टीम इंडिया मिडिल ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करती रही, तो पाकिस्तान के लिए बड़ा स्कोर बनाना आसान हो सकता है।

# ईशान किशन ने लिस्ट में बनाई जगह: टी20 वर्ल्ड कप सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले टॉप 5 भारतीय बल्लेबाज

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ईशान किशन ने नामीबिया के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाज़ी कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने महज़ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज़ फिफ्टी लगाने वाले बल्लेबाज़ों की खास सूची में शामिल हो गए। उनकी 24 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी ने मैच का रुख शुरुआती ओवरों में ही भारत की ओर मोड़ दिया।

**भारत के लिए सबसे तेज फिफ्टी की एलीट लिस्ट में ईशान** – टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम है, जिन्होंने 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ डरबन में सिर्फ 12 गेंदों में फिफ्टी जड़ी थी। उसी टूर्नामेंट में उन्होंने




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 गेंदों में भी अर्धशतक बनाया था। इसके बाद केएल राहुल ने 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ 18 गेंदों में पचासा ठोका। रोहित शर्मा ने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की। अब ईशान किशन ने 2026 में नामीबिया के खिलाफ 20 गेंदों में फिफ्टी पूरी कर इस प्रतिष्ठित सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

12 - युवराज सिंह बनाम इंग्लैंड, डरबन, 2007
18 - केएल राहुल बनाम स्कॉटलैंड, दुबई, 2021
19 - रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया, ग्रोस आइलेट, 2024
20 - युवराज सिंह बनाम ऑस्ट्रेलिया, डरबन, 2007
20 - ईशान किशन बनाम नामीबिया, दिल्ली, 2026

**नामीबिया के खिलाफ 61 रन की आक्रामक पारी** – ईशान किशन ने अपनी पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने पावरप्ले का भरपूर फायदा उठाते हुए गेंदबाज़ों पर दबाव बनाया। महज़ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा करने के बाद भी उनका आक्रामक अंदाज जारी रहा। उन्होंने कुल 24 गेंदों पर 61 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे।

उनका स्ट्राइक रेट 250 से अधिक रहा, जो टी20 क्रिकेट में किसी भी बल्लेबाज़ के लिए बेहद प्रभावशाली माना जाता है।

**पावरप्ले में मैच पर पकड़**– ईशान किशन की इस पारी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने शुरुआती छह ओवरों में ही नामीबिया के गेंदबाज़ों को बैकफुट पर ला दिया। तेज शुरुआत के कारण भारत को मजबूत प्लेटफॉर्म मिला और मध्यक्रम के बल्लेबाज़ों पर दबाव कम हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के भाजपा विधायक की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के भाजपा विधायक बीए बसवराज की याचिका पर



सुनवाई करने से इनकार कर दिया। उन्होंने हत्या के मामले में अग्रिम जमानत देने से इनकार करने वाले हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आप एक सार्वजनिक व्यक्ति हैं। आपको साहस के साथ आगे बढ़कर कहना चाहिए कि मैं किसी भी तरह की पूछताछ का सामना करने के लिए तैयार हूं। बसवराज को 15 जुलाई, 2025 को शिवप्रकाश उर्फ बिकला शिव की हत्या के मामले में आरोपितों में से एक के रूप में नामित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करने के बाद बसवराज की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी।

### शादियों के सीजन के बीच लाखों का टेंट जलकर खाक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साइबर सिटी गुरुग्राम के सेक्टर-5 स्थित शीतला माता मंदिर रोड पर



शुक्रवार तड़के उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां स्थित प्रकाश वाटिका बैंक्वेट हॉल में भीषण आग लग गई। घटना सुबह करीब 3 :15 बजे की है। आग इतनी जबरदस्त थी कि देखते ही देखते पूरे हॉल को अपनी चपेट में ले लिया और आसमान में धुएं का गुबार छा गया। वर्तमान में शादियों का सीजन चरम पर है, जिसके चलते पूरे बैंक्वेट हॉल में भारी मात्रा में कपड़े का टेंट, थर्मोकोल की सजावट और प्लास्टिक की लाइटिंग का काम किया गया था। इन ज्वलनशील सामग्रियों के कारण आग ने पलक झपकते ही विकराल रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि उन्हें काफी दूर से भी देखा जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और 6 फायर टेंडर गाड़ियां आग बुझाने के लिए अलग-अलग स्टेशनों से मौके पर भेजी गईं। इसके साथ ही सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीमें भी तुरंत मौके पर पहुंचीं ताकि किसी भी जनहानि को रोका जा सके। वहीं पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के रास्ते बंद कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में दमकल अधिकारियों का अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी हो सकती है। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही की जाएगी। गनीमत यह रही कि हादसा सुबह के वक्त हुआ जब हॉल में मेहमान मौजूद नहीं थे, वरना बड़ी त्रासदी हो सकती थी। शादी का कार्यक्रम रात में समाप्त हो चुका था। आग बुझने के बाद सघन सर्च अभियान चला गया है ताकि कोई अनहोनी न हो। आग के कुछ देर बाद आसपास घरों में रहने वाले लोग बाहर निकले और बताया की देर रात तक यहां लाइट जलती देखी गई थी। फायर और पुलिस टीमों के सायरन सुनकर उनकी आंख खुली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद जोरदार धमाके भी सुने गए, संभवत: गैस सिलेंडर या इलेक्ट्रिकल उपकरणों में ब्लास्ट हुए हैं। सेक्टर पांच थाना पुलिस ने इलाके को सील कर दिया है। और ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 7 बजे तक आग पर नियंत्रण पा लिया गया। जांच के बाद आग की सटीक वजह और नुकसान का आकलन किया जाएगा।

# नमो भारत ट्रेन यात्रियों को बड़ी सहूलियत, सराय काले खां से निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंचाएगा ट्रैवलेटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में नमो भारत ट्रेन के सराय काले खां स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तक आवागमन करने के लिए यात्रियों को स्टेशनों से बाहर नहीं निकलना पड़ेगा। दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए एनसीआरटीसी ने स्काई वॉक बनाकर तैयार कर लिया है। 280 मीटर लंबे इस स्काई वॉक पर यात्रियों के लिए ट्रैवेलेटर लगाए गए हैं। इन ट्रैवलेटर पर यात्री खड़े हो जाएंगे और एस्केलेटर की तरह खुद आगे बढ़ते जाएंगे। दिल्ली में एनसीआटीसी का यह पहला स्टेशन है, जिस पर यात्रियों के लिए ऐसी आधुनिक सुविधा दी गई है।



### छह ट्रैवेलेटर स्थापित किए गए

एनसीआरटीसी के मुताबिक, इस स्काई वॉक (फुटओवर ब्रिज) का सिविल वर्क पूरा हो चुका है। इसके बाद इस पर छह ट्रैवेलेटर स्थापित कर दिए गए हैं। वर्तमान में इसकी छत बनाने का काम किया जा रहा है। उम्मीद है कि इसे मार्च तक खोल दिया जाएगा।

इसलिए पड़ी जरूरत : सराय काले खां नमो भारत स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच की दूरी करीब 300 मीटर है। इस दूरी को देखते हुए पैदल यात्रियों के लिए एक फुट ओवर ब्रिज की जरूरत महसूस की गई ताकि यात्री इन दोनों परिवहन साधनों के बीच आसानी से यात्रा कर सकें। हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से आने-जाने वाले महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और विशेष रूप से दिव्यांगों सहित उन यात्रियों के लिए इस तरह की सुविधा बेहद फायदेमंद होगी, जो भारी सामान के साथ यात्रा करेंगे।

उचित कनेक्टिविटी की कमी के कारण लोगों को एक माध्यम से दूसरे माध्यम आने-जाने के लिए भारी ट्रैफिक वाली सड़कें पार करनी पड़ती हैं। व्यस्त यातायात के बीच जब गाड़ियां तेज रफ्तार से आ जा रही हों, यात्रियों को जोखिम बना रहता है।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक, सराय काले खां स्टेशन परिवहन का प्रमुख केंद्र व मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनेगा। यह राजधानी दिल्ली को मेरठ के साथ जोड़ने के साथ ही, मेट्रो की पिंक लाइन, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी और रिंग रोड बस स्टैंड के साथ कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। बता दें कि, 82 किलोमीटर लंबा आरआरटीएस (रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम) कॉरिडोर दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ से होकर गुजरता है, जो घनी आबादी वाले शहरी केंद्रों को जोड़ता है, और आनंद विहार और सराय काले खां जैसे स्टेशनों पर बहु-मॉडल एकीकरण पर जोर देता है। वर्तमान में, 11 स्टेशनों वाला 55 किलोमीटर का हिस्सा चालू है, जबकि शेष खंड जिनमें सराय काले खान-न्यू अशोक नगर और मेरठ साउथ-मोदीपुरम शामिल हैं - जल्द ही चालू होने की उम्मीद है। एनसीआरटीसी ने कहा कि वर्तमान में प्रतिदिन यात्रियों की औसत संख्या 55,000 से 60,000 के बीच है और पूर्ण रूप से चालू होने के बाद इसमें काफी वृद्धि होने का अनुमान है।

## शिव विहार से मंडोला विहार तक मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए सर्वे शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के लोनी समेत आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। यहां शिव विहार से मंडोला विहार तक मेट्रो ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अन्य विभागों के साथ मिलकर एक कमेटी बनाई है, जिसने इस प्रोजेक्ट को परवान चढ़ाने के लिए सर्वे का काम शुरू कर दिया है।

अधिकारी बताते हैं कि इस सर्वे में सभी पहलुओं का अध्ययन होगा, ताकि प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार हो सके। गाजियाबाद में मेट्रो लाइन का विस्तार किया जा रहा है। रेड और ब्लू लाइन के बाद अब लोनी में पिंक लाइन का विस्तार होगा। पिछले दिनों इस प्रोजेक्ट को लेकर जीडीए सचिव ने कई विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की थी। अब जीडीए ने इस रूट की फिजिबिलटी देखने के लिए एक कमेटी बनाई है।

इस कमेटी में जीडीए, आवास विकास परिषद, यूपीसीडा, नगर निगम और लोनी नगर पालिका के सदस्यों को शामिल किया है। साथ ही इस कमेटी ने प्रोजेक्ट का फिजिकल सर्वे शुरू कर दिया है। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि करीब साढ़े 12 किलोमीटर लंबे इस विस्तार रूट का सर्वे करने के दौरान कई बिंदुओं का अध्ययन किया जाएगा। अधिकारी बताते हैं कि करीब एक महीने में सर्वे रिपोर्ट तैयार कर इस प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार की जाएगी, ताकि इसे आगे बढ़ाया जा सके।

मंडोला विहार तक पिंक लाइन आने से लोनी क्षेत्र के लोग मजलिस पार्क तक सफर कर सकेंगे। पिंक लाइन मजलिस



पार्क तक है। साथ ही पिंक लाइन अन्य लाइनों से भी इंटरचेंज है। ऐसे में दिल्ली के सभी हिस्सों में जाने की सुविधा आसान हो जाएगी। शिव विहार से मंडोला विहार तक मेट्रो की पिंक लाइन का विस्तार होने से इंद्रापुरी, लाल बाग, आर्य नगर, प्रेम नगर, लक्ष्मी गार्डन, गिरी मार्केट, अपरकोट, खन्ना नगर, रामेश्वर पार्क, अशोक विहार, पूजा कॉलोनी, पाबी सादकपुर, मंडोला विहार, मंडोला, पंचलोक, दौलत नगर कॉलोनी, रूप नगर, मुस्तफाबाद, न्यू विकास नगर समेत अन्य कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को फायदा होगा। इनका आवागमन आसान हो जाएगा।

## लद्दाख को नहीं मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा, केंद्र ने सुना दी दो टूक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लद्दाख को लेकर केंद्र सरकार ने स्पष्ट कह दिया है कि इसे पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलने वाला है। कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस और लेह अपेक्स बॉडी अपनी मांगों को लेकर दिल्ली पहुंची थीं। दोनों ही दलों की ओर से कहा गया है कि केंद्र ने लद्दाख को छठी सूची में शामिल करने से भी जवाब दे दिया है। बता दें कि छठी सूची के तहत आदिवासी इलाकों स्वायत्तता की रक्षा, संस्कृति और भूमि की स्वतंत्रता के लिए विशेष प्रशासनिक व्यवस्था दी जाती है।

4 फरवरी को गृह मंत्रालय की हाई पावर्ड कमेटी के साथ बैठक हुई थी। इसमें लद्दाख के बड़े नेता शामिल था। केंद्र सरकार ने उनके सामने टेरिटोरियाल काउंसिल का ऑफर रखा है। इस प्रस्ताव के मुताबिक लद्दाख ऑटोनोमस हिल डिवेलपमेंट काउंसिलर के चीफ को मुख्यमंत्री और डिप्टी चीफ एग्जिक्टिव काउंसिलर को उपमुख्यमंत्री का दर्जा दिया जाएगा। केडीए के पदाधिकारी असगर अली करबाली ने कहा कि, हमने इस प्रस्ताव को खारिज किया है। एलएबी और केडीए दोनों ने ही इसे स्वीकार नहीं किया है। केवल एक सदस्य कुंजेस डोलमा ने केंद्र के इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। करबाली ने कहा कि डोलमा हों या फिर कोई और, कोई भी अगर लद्दाख की पहचान के साथ छेड़छाड़ करके तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। करबाली के मुताबिक कारगिल में सभा के दौरान लोगों ने सोनम वांगचुक के समर्थन में नारे लगाए। एलएबी के सदस्य और जलवायु कार्यकर्ता को सितंबर 2025 में पूर्ण राज्य के प्रदर्शन के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

# यमुना सिटी में बनेगा एआई का बड़ा टेक्नोलॉजी हब, 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आएगा निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना सिटी में एक गीगावॉट क्षमता का एआई का बड़ा तकनीकी केंद्र (कंप्यूट हब) स्थापित होगा। हाई परफॉर्मेंस कंप्यूट (एचपीसी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब की स्थापना के लिए एमएस, एएम समूह ने इन्वेस्ट यूपी के साथ गुरुवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। परियोजना में करीब 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश आएगा।




**वर्ष 2028 तक शुरू हो जाएगा कंप्यूट हब का पहला चरण** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ ने बताया कि परियोजना को विकसित करने के लिए कंपनी को सेक्टर-28 में 114 एकड़ तथा सेक्टर-8डी में 175 एकड़ भूमि के लिए आशय पत्र (एलओआई) सौंपा जा चुका है। समझौते के अनुसार, कंप्यूट हब का पहला चरण वर्ष 2028 तक शुरू हो जाएगा, जबकि वर्ष 2030 तक पूरी परियोजना पूरी कर ली जाएगी। यह पूरी तरह कार्बन-फ्री यानी हरित ऊर्जा पर आधारित होगी और चौबीसों घंटे इसका संचालन होगा। एमएस, एएम समूह ग्रीनको ग्रुप के संस्थापकों द्वारा प्रवर्तित भारत की अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक है। उत्तर प्रदेश सरकार ने दावोस में भारत के सबसे बड़े एआई हब में से एक विकसित करने का संकल्प लिया है। इसी के तहत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति के तहत इस केंद्र को विकसित किया जाएगा। इससे हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही हार्डवेयर निर्माण, सॉफ्टवेयर विकास तथा विशेषीकृत कूलिंग तकनीकों के लिए एक मजबूत स्थानीय इकोसिस्टम तैयार होगा। दावा है कि यह परियोजना भारतीय डेवलपर्स को अत्याधुनिक चिपसेट्स तक व्यापक पहुंच उपलब्ध कराएगी, जिससे घरेलू और वैश्विक स्तर पर एआई समाधान विकसित करने में तेजी आएगी। एआई कंप्यूट हब एक शक्तिशाली तकनीकी केंद्र है। इसे विशेष रूप से एआई के

# फूड इन्फ्लुएंसर की डेविल क्रैब खाने से मौत, फिलीपींस प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

**पालावान , एजेंसी।** फिलीपींस के पालावान प्रांत में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक फूड इन्फ्लुएंसर की कथित तौर पर एक जहरीले समुद्री जीव डेविल क्रैब को खाने के बाद मौत हो गई। अधिकारियों ने लोगों से ऐसे खतरनाक समुद्री जीवों को न खाने और सावधानी बरतने की अपील की है।

एमा अमित नाम की महिला ने 4 फरवरी को अपने घर के पास प्यूर्टो प्रिंसेसा शहर में एक वीडियो बनाते समय यह जहरीला शेलफिश खाया था। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो में एमा और उनके दोस्त मैंग्रोव जंगल में समुद्री जीव इकट्ठा करते नजर आए थे।

बाद में उन्होंने इन समुद्री जीवों को नारियल के दूध में पकाया। वीडियो में एमा एक सी स्नेल (समुद्री घोंघा) खाते हुए दिखीं, जिसे दूसरे समुद्री जीवों के साथ पकाया गया था। अगले ही दिन



एमा की तबीयत अचानक बहुत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाते समय दौरे पड़े। हालत बिगड़ने पर उन्हें दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया। बताया गया कि बेहोशी के दौरान उनके होंठ नीले पड़ गए थे। इलाज के बावजूद 6 फरवरी को, यानी जहरीला समुद्री जीव खाने के दो दिन बाद उनकी मौत हो गई। लुज़विमिंडा गांव के प्रमुख लड्डी जेमांग ने बताया कि जब अधिकारी एमा के घर पहुंचे तो उन्हें कूड़े में डेविल क्रैब के चमकीले खोल मिले। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। यह केकड़ा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रीफ में पाया जाता है। इसमें सैक्सिटॉक्सिन और टेट्रोडोटॉक्सिन जैसे खतरनाक न्यूरोटॉक्सिन पाए जाते हैं। यही जहर पफर फिश में भी होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इन जहरों को खाने से कुछ ही घंटों में मौत हो सकती है। जेमांग ने कहा कि एमा और उनके पति अनुभवी मछुआरे थे, इसलिए यह घटना और भी दुखद है। उन्होंने हैरानी जताई कि समुद्र किनारे रहने के बावजूद उन्होंने ऐसा खतरनाक जीव क्यों खाया। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों को रंग-बिरंगे डेविल क्रैब न खाने की सख्त चेतावनी दी है। अधिकारियों के मुताबिक, इस जीव से इलाके में पहले भी दो मौतें हो चुकी हैं।

## अमेरिका में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम 47 फीसदी अधिक, विशेषज्ञों ने चेताया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रोजमर्रा की डाइट का बड़ा हिस्सा बन चुके अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स अब सीधे तौर पर दिल की बीमारियों से जुड़े पाए गए हैं। फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर पाया है कि जो वयस्क सबसे ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ खाते हैं, उनमें हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा 47% तक अधिक है। उम्र, धूम्रपान और आय जैसे कारकों को समायोजित करने के बाद भी यह जोखिम बना रहा। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स ऐसे औद्योगिक उत्पाद होते हैं जिनमें अतिरिक्त वसा, चीनी, स्टार्च, नमक और इमल्सीफायर जैसे रासायनिक एडिटिव्स मिलाए जाते हैं। सोडा, पैकेज्ड स्नैक्स और प्रोसेस्ड मीट इसके आम उदाहरण हैं। निर्माण के दौरान इनमें कई प्राकृतिक पोषक तत्व हटा दिए जाते हैं, जिससे ये अपने मूल स्वरूप से काफी अलग हो जाते हैं। इनमें ऐसे तत्व भी शामिल होते हैं जिनका मानव शरीर को ऐतिहासिक रूप से अनुभव नहीं रहा है। आज स्थिति यह है कि अमेरिका में औसतन वयस्कों की लगभग 60% कैलोरी और बच्चों की करीब 70% कैलोरी अल्ट्रा-प्रोसेस्ड भोजन से आती है। अमेरिका ही नहीं दुनिया के तमाम देशों में अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ती जा रही है। पिछले अध्ययनों में यह दिखाया जा चुका है कि ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाने वालों में मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, असामान्य कोलेस्ट्रॉल स्तर और इंसुलिन रेजिस्टेंस शामिल हैं।

## यह जानबूझकर की गई क्रूरता है...

**इस्लामाबाद/लंदन, एजेंसी।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। खान के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि इमरान खान की दाईं आंख की रोशनी केवल 15 प्रतिशत बची है। इस खबर के सामने आते ही उनके बेटे कासिम खान ने पाकिस्तान की सरकार और सैन्य नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वकीलों का दावा : जेल प्रशासन की लापरवाही इमरान खान के वकीलों के अनुसार, खान को पिछले तीन-चार महीनों से धुंधला दिखाई देने की शिकायत थी।

**अपर्याप्त इलाज** : जेल अधीक्षक को इस समस्या के बारे में बार-बार बताया गया, लेकिन कथित तौर पर उन्हें केवल 'आई ड्रॉप्स' देकर टाल दिया गया।

**गंभीर स्थिति :** समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर को न दिखाने के कारण उनकी आंख की स्थिति इतनी बिगड़ गई कि अब रोशनी नाममात्र रह गई है। लंदन में रह रहे इमरान खान के बेटे कासिम खान (ब्रिटिश नागरिक) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपना दर्द और आक्रोश साझा किया। उन्होंने इसे 'जानबूझकर की गई लापरवाही' करार दिया। 'इस गंभीर स्थिति की सीधी जिम्मेदारी वर्तमान सरकार, सेना प्रमुख और इस क्रूरता को मुमकिन बनाने वाले लोगों पर है। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि जेल में उचित इलाज न देने का जानबूझकर लिया गया फैसला है।' कासिम ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें और उनके भाई को अपने पिता से मिलने के लिए वीजा नहीं दिया जा रहा है,।

# संसद भवन के जिम में कंडोम उपलब्ध कराने को लेकर सवाल उठाए

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की संसद में 9 फरवरी को हुई सीनेट एस्टिमेट्स समिति की बैठक के दौरान एक अलग ही मुद्दा चर्चा में आ गया। बैठक में संसद भवन के जिम में कंडोम उपलब्ध कराने को लेकर सवाल उठाया गया। एक महिला सांसद ने दावा किया कि संसद भवन में केवल महिलाओं के बाथरूम और चेंजिंग रूम में कंडोम रखे गए हैं, जबकि पुरुषों के बाथरूम में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

उन्होंने इसे भेदभाव करार देते हुए सवाल उठाया कि क्या सेक्शुअल हेल्थ की जिम्मेदारी केवल महिलाओं की है? उनके इस बयान के बाद सदन में मौजूद कई नेता असहज नजर आए और कुछ जवाब देते समय उलझते हुए दिखाई दिए। लिबरल पार्टी की सीनेटर जेन ह्यूम ने यह मुद्दा



सीनेट एस्टिमेट्स समिति की बैठक में उठाया। उन्होंने बताया कि संसद भवन के जिम में महिलाओं के चेंजिंग रूम में कंडोम उपलब्ध हैं, लेकिन पुरुषों के चेंजिंग रूम में ऐसा कोई इंतजाम नहीं है। ह्यूम ने कहा कि यह व्यवस्था ऐसा संकेत देती है जैसे यौन स्वास्थ्य (सेक्शुअल हेल्थ) की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं पर डाल दी गई हो, जबकि पुरुषों की भी इसमें बराबर की भूमिका और जिम्मेदारी है। उन्होंने पूछा कि अगर कंडोम उपलब्ध कराए जा रहे हैं, तो यह सुविधा दोनों के लिए समान रूप से क्यों नहीं है?

**किस संदर्भ में उठा मुद्दा?** दरअसल, सीनेटर जेम्स मैकग्राथ संसद भवन के जिम में स्टाफ की संख्या और उनके कार्य समय में कटौती को लेकर सवाल उठा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, अब जिम रात 8 बजे तक खुला नहीं रहेगा। प्रशासन का कहना है कि उपलब्ध डेटा के अनुसार ज्यादातर लोग सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे के बीच ही जिम का उपयोग करते हैं, इसलिए समय में बदलाव किया गया है। इसी चर्चा के दौरान जेन ह्यूम ने अचानक कंडोम वितरण का मुद्दा उठा दिया, जिससे बैठक का माहौल बदल गया। अधिकारियों का जवाब ह्यूम के सवाल पर विभागीय सचिव निकोला हिंडर ने माना कि इस व्यवस्था में असमानता है और उन्हें इस बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि यह अच्छी बात है कि महिलाएं अपनी सेक्शुअल हेल्थ का ख्याल रख रही हैं। इस पर जेन ह्यूम ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैं सिर्फ यह सोच रही हूं कि पुरुष अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं उठा रहे हैं? बैठक में संसद भवन के 11 सुइट्स के नवीनीकरण पर हो रहे 1.5 करोड़ डॉलर (करीब 125 करोड़ रुपये) के खर्च को लेकर भी सवाल उठाए गए। सीनेटर मैकग्राथ ने इस बड़े खर्च पर कड़ा रुख अपनाते हुए पारदर्शिता की मांग की।

# डीसी व डीडीसी ने मैट्रिक-इंटर परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

## कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संचालन का सख्त निर्देश, लापरवाही पर स्पष्टीकरण तलब

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजुमदार ने नावाडीह स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय कंजकिरो परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों, वीक्षण व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, केंद्र पर तैनात दंडाधिकारियों तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण क्रम में कुछ कमरों में परीक्षा संचालन के दौरान अव्यवस्था एवं निगरानी में कमी पाए जाने पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए तथा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




**वीक्षकों से स्पष्टीकरण, ड्यूटी से हटाने का निर्देश**

कमरा संख्या 05 एवं 07 में वीक्षण व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित वीक्षक काशी महतो, भीमलाल प्रजापति, सुरेंद्र कुमार महतो एवं बुटेश्वर तुरी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से परीक्षा ड्यूटी से हटाने का निर्देश भी दिया गया।

**सीसीटीवी अधिष्ठापन में लापरवाही पर कार्रवाई**

केंद्राधीक्षक मो. शरीफ द्वारा तीन कमरों में परीक्षा संचालन के दौरान सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। इस गंभीर लापरवाही को लेकर केंद्राधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षार्थियों को अनुशासित एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान आयोजित विषयों की जानकारी ली तथा छात्रों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति का विवरण प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आम बागवानी एवं कृषि योजनाओं का उद्देश्य आय में वृद्धि : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नावाडीह प्रखंड के पंचायत कंजकिरों में संचालित आम बागवानी एवं सोलरयुक्त सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा और उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजुमदार ने किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लाभुक किसानों से सीधे संवाद कर योजनाओं की प्रगति और उत्पादन की स्थिति की जानकारी ली।



**तीन लाभुकों की बागवानी योजना का जायजा**

डीसी-डीडीसी ने सुगीया देवी, तिलो महतो तथा ललिता देवी की जमीन पर विकसित आम बागवानी परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने ने पौधों की स्थिति, सिंचाई व्यवस्था और रखरखाव की समीक्षा करते हुए नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

**सोलर मोटर से बढ़ी 4खेती की रफ्तार**

पंचायत में सोलरयुक्त मोटर से सिंचाई कर किसान बहुफसली खेती कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि -

- 5 किसानों ने आलू की खेती कर लगभग 50 क्विंटल उत्पादन किया।
- 10 किसानों ने मूंगफली से करीब 20 क्विंटल उपज प्राप्त की।
- मटर की लगभग 2 क्विंटल, प्याज की 10 क्विंटल उपज हुई।
- बैंगन और टमाटर की लगभग 5झ5 क्विंटल पैदावार दर्ज की गई।
- भिंडी की लगभग 2 क्विंटल उपज हुई।

मौके पर डीसी ने कहा कि सोलर आधारित सिंचाई से किसानों की लागत घटी है और उत्पादन में वृद्धि हुई है। उन्होंने बीडीओ व संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की सतत निगरानी, तकनीकी मार्गदर्शन और बाजार से जोड़ने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, डीडीसी ने कहा कि सरकार की बागवानी एवं कृषि योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आय वृद्धि और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। प्रशासन इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर बीडीओ नावाडीह प्रशांत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर डीसीएलआर व एसी ने की सुनवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में डीपीएलआर मेनका एवं अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 42 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।



### टुंडी में बनेगा कल्याण गुरुकुल, हुनरमंद बन युवा बनेंगे आत्मनिर्भर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में टुंडी के अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास के हस्तांतरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बालक छात्रावास को कल्याण गुरुकुल बनाने के निर्णय पर उपायुक्त द्वारा सहमति दी गई। उपायुक्त ने कहा कि कल्याण गुरुकुल, झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की एक प्रमुख पहल है। इसमें ग्रामीण, गरीब और पिछड़े युवाओं को निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को प्लेसमेंट भी दिया जाएगा। यह युवाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार की अभिनव पहल है। इसमें छात्रों को आवासीय प्रशिक्षण, रहने और खाने की निःशुल्क व्यवस्था प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि झारखंड के खूंटी (डोरमा), रांची (बुंडू), जमशेदपुर (धानचातनी), गिरिडीह, और हजारीबाग (गोबरबंधा) में कल्याण गुरुकुल का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसमें 45 दिन के प्रशिक्षण के बाद युवाओं को सीधे रोजगार मिलता है। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा मौजूद थे।



### प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया पर एमसीएमसी की नजर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन के निदेशानुसार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) कोषांग का गठन किया गया है। कोषांग में 24 घंटे प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा चुनाव को लेकर प्रसारित एवं प्रचारित पेड न्यूज, फेक न्यूज पर नजर रखी जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करना आयोग का उद्देश्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी मीडिया प्लेटफॉर्म पर, विशेष कर सोशल मीडिया में, किसी धर्म, जाति, समुदाय इत्यादि को आहत करने वाले समाचार को पत्रकारिता आचरण 2022 का उल्लंघन माना जाएगा। चुनाव आयोग ने भी स्पष्ट दिशा निर्देश देते हुए इसे एमसीएमसी का उल्लंघन मानकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसलिए मीडिया को इसके मानदंडों का पालन करना है। सोशल मीडिया को स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष निर्वाचन की भावना बनाए रखते हुए समाचारों का प्रसार करना है। चुनाव आयोग की व्यवस्था को लेकर फेक या भ्रामक समाचार को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा।



# उपायुक्त ने सुनी आम नागरिकों की शिकायतें

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में रैयती खतियानी जमीन से सटाकर श्मशान शेड निर्माण पर रोक लगाने, जमीन संबंधी, नियोजन के संबंध में, जमीन अभिलेख में जाति गलत अंकित होने में सुधार करने, गरीब ऑटो परिवहन चालक को सहायता प्रदान करने, सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कार्य रोकने, जमीन से संबंधित अभिलेखीय जानकारी उपलब्ध कराने, धोखाधड़ी के मामले, जमीन पर जबरन बाउंड्री वॉल निर्माण करने सहित अन्य शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही पारिवारिक पेंशन लागू कराने, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने, झारखंड आंदोलनकारी, समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक को सामाजिक दायित्व सौंपने, जमीन मुआवजा की राशि का भुगतान कराने, विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा बोर्ड परीक्षा 2025-26 में संस्कृत विषय से संबंधित समस्या सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा आवेदकों को नियमानुसार शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



# बच्चा चोर समझ कर भीड़ ने चार साधुओं के साथ की मारपीट





## मौके पर पहुंची पुलिस ने साधुओं की बचाई जान, घटना अफवाह का नतीजा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आप बोकारो में घूम रहे हैं तो थोड़ा सावधान हो जाइए, क्योंकि इन दिनों बच्चा चोर की अफवाह जंगल में आग की तरह फैल रही है। ऐसे में आप संकट में पर सकते हैं। ताजा मामला चास थाना क्षेत्र के बंसीडीह में सामने आया है। जहां उत्तर प्रदेश से आए साधुओं के एक पांच सदस्यीय दल को बच्चा चोर समझ कर लोगों ने पिटाई कर डाली। इसके बाद लोगों की भारी भीड़ मौके पर पहुंच गई। जांच में सभी लोगों ने अपना आधार कार्ड भी दिखाया। यूपी नंबर की गाड़ी से चार साधु भिक्षाटन मांग में बोकारो पहुंचे थे। उनके साथ एक ड्राइवर भी था। पुलिस सभी को भीड़ से छुड़ा कर थाने ले गई। जांच के क्रम में पता चला कि यह लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं और यहां से देवघर जाने वाले थे। पीड़ित अमित ने बताया कि आगे पीछे से लोगों ने आकर हमला करना शुरू कर दिया। चालक की भी पिटाई कर डाली। पहचान बताने के बाद भी लोगों ने मरना पीटना बंद नहीं किया। भीड़ कुछ भी समझने को तैयार नहीं थी। चास एसडीपीओ प्रवीण सिंह ने बताया कि सभी साधु उत्तर प्रदेश से आए हुए थे। बंशीडीह में घूम रहे थे। इसी दौरान बच्चा चोर समझकर लोगों ने पिटाई कर दी। इस तरह की हरकत जिले को बदनाम कर रही है।

# कक्षा द्वादश का विदाई सह आशीर्वाद दीक्षा समारोह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी बोकारो में कक्षा द्वादश के भैया - बहनों के लिए विदाई सह आशीर्वाद दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि कक्षा द्वादश के बाद कई रास्ते खुलते हैं। सपने बड़े हों साथ में संयम और साहस के साथ हम जिस क्षेत्र में जाएं आगे बढ़ें। विद्यालय के उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि हमें अपने जीवन में किसी को आदर्श मानकर उनके जैसे बनने का प्रयत्न करना चाहिए । विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि हम अपने यहां भैया - बहनों का विदाई नहीं करते। हम विद्यालय के बाद भी पूर्व छात्र परिषद के रूप में विद्यालय से भैया - बहनों को जोड़कर रखते हैं। हमारे विद्यालय के छात्र शिक्षा के साथ-साथ यह संस्कार सिखाते हैं कि हम जो भी कार्य करें परिवार समाज एवं देश हित को देखकर करें। विद्या भारती विद्यालय के कई छात्र आज देश में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं । जो हमारे गौरव को बढ़ा रहे हैं। आप जहां रहे नौकरी लेने से ज्यादा नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कक्षा द्वादश के भैया बहनों ने अपने अनुभव में कहा कि विद्यालय के द्वारा जो शिक्षा दी गई है जो संस्कार दिया गया है उसका उसकी झलक हमारे कार्य पद्धति में भी दिखेगी हमने यहां सीखा कि हम जो भी कार्य करें घर परिवार, समाज और देश हित में सोचकर करें । इस शिक्षा को हम संजोग कर अपने साथ के जा रहे हैं । इस अवसर पर सभी आचार्य , दीदी जी एवं भैया - बहन उपस्थित रहे।



# सामान बेचने वाली महिला को बच्चा चोर समझ लोगों ने घेरा

## बोकारो पुलिस ने अफवाह से बचने की अपील की है

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में बच्चा चोर की अफवाह इस कदर उड़ रही है जिस कारण अब मोहल्ले में जाकर सामान बेचने वालों को भी परेशानी हो रही है। ताजा मामला बालीडीह थाना क्षेत्र के गोस्वामी टोला में सामने आया है। जहां एक कंपनी का प्रोडक्ट बेचने वाली धनबाद राजगंज की रहने वाली मनीष देवी को ग्रामीणों ने बच्चा चोर कह कर पकड़ लिया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस महिला को भीड़ से छुड़ाकर थाने लाई। डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने बताया कि बच्चा चोर के आरोप में महिला को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर रखा था, जिसके बाद पुलिस को सूचना मिली। पुलिस महिला को छुड़ाकर थाने ले आई। महिला की जब जांच की गई तो वह एक नेटवर्किंग कंपनी का सामान भेजती है। उसके पास से सामान भी बरामद हुआ है। महिला ने बताया कि वह कल जरीडीह थाना क्षेत्र में भी सामान बेचने का काम कर चुकी है। उसके मोबाइल और उसके बैग से भी कई सबूत मिले हैं, जैसे पता चला कि वह वाकई समान बेचने वाली है। इन दिनों अफवाह इस कदर फैल रही है कि बच्चा चोर कह कर भीड़ किसी को भी पकड़ ले रही हैं। उसके साथ मारपीट कर रहे हैं जो पूरी तरह से गलत और कानून के विरुद्ध है। डीएसपी ने कहा कि हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि इस तरह की अफवाह में ना पड़े।





# ग्रामीणों के हंगामे के बाद पुलिस ने होटल में मारा छापा, चार युवक-युवतियां हिरासत में

**बाघमारा (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत श्यामडीह हीरक रोड स्थित मानसिंह कुरवा बस्ती के समीप संचालित एक होटल में कथित अनैतिक गतिविधियों की शिकायत पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने होटल से चार युवक और चार युवतियों को हिरासत में लिया तथा चार बाइक भी जब्त की है। ग्रामीणों के अनुसार, होटल में पिछले कई महीनों से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की आशंका थी, जिसकी निगरानी स्थानीय लोग कर रहे थे। शुक्रवार को चार बाइक से युवक और युवतियों के होटल में प्रवेश करने के बाद आसपास के गांवों—मानसिंह कुरवा, कोलमुरना, श्यामडीह, लेधीडुमार, रेगुनीबारी और बहराकुदर—के लोग एकत्रित हो गए और होटल की घेराबंदी कर दी। इसके बाद स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही महिला एवं बाल संरक्षण थाना बाघमारा की थाना प्रभारी वर्षा रानी तथा कतरास थाना प्रभारी असित सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने होटल के अंदर मौजूद चार युवक और चार युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना भेज दिया। साथ ही मौके से चार बाइक जब्त की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में उपायुक्त धनबाद को लिखित शिकायत देकर होटल संचालन की जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी। आवेदन में आरोप लगाया गया था कि होटल का संचालन उर्मिला देवी, सूरज ठाकुर (मालिक) तथा बजरंगी पासवान (कर्मचारी) द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि होटल में बाहरी लोगों का आना-जाना लगा रहता था, जिससे क्षेत्र के सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। विरोध करने पर होटल संचालकों द्वारा धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। इधर, कतरास पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा जांच के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। फिलहाल होटल को बंद करा दिया गया है।

# पुलिस-पब्लिक मैत्री सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

## सारूबेड़ा टीम बनी विजेता, आतिशबाजी के बीच हुआ पुरस्कार वितरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नावाडीह प्रखण्ड के तारकेश्वर महतो स्टेडियम पिलपिलो (ऊपरघाट) पेंक नारायणपुर में आयोजित तीन दिवसीय पुलिस - पब्लिक मैत्री सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को उत्साह एवं उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। फाइनल मुकाबला शाहाबेरिया एवं सारूबेड़ा टीम के बीच खेला गया, जिसमें सारूबेड़ा टीम विजेता रही। समापन अवसर पर आतिशबाजी के बीच विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किया गया। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, टीम भावना एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

**विश्वास और जुड़ाव विकास की आधारशिलाः उपायुक्त**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं जुड़ाव को मजबूत करना विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसे खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ समाज और पुलिस के रिश्तों को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों का समान महत्व है। हार भविष्य की जीत की नींव रखती है, जबकि विजेता टीम को सदैव विनम्रता बनाए रखनी चाहिए। प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। मौके पर ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त ने स्टेडियम में सोलर लाइट अधिष्ठापन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री मुकेश मछुआ को प्रस्ताव तैयार कर जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिष्ठापन के दिशा में जल्द पहल की बात कहीं।

**मेडिकल कैंप से जुड़ा मानवीय सरोकार**

प्रतियोगिता के दौरान सीआरपीएफ इकाई द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप ने कार्यक्रम को मानवीय संवेदना से जोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर दवाइयों का लाभ उठाया, जिससे उन्हें राहत मिली। उपायुक्त झ पुलिस अधीक्षक ने मेडीकल कैंप का निरीक्षण कर दवाइयों की जानकारी ली। स्थानीय ग्रामीणों से बात किया।





**जन सुनवाई – विकास को लेकर प्रशासन प्रतिबद्ध**

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ह्लहम आपकी सुनते हैंह्व कार्यक्रम जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। साथ ही, प्रत्येक शनिवार को जिला स्तरीय पदाधिकारी विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पूरा प्रशासन आमजनों की सहूलियत को लेकर काम कर रहा है।

**दूरी कम करने की सफल पहल यह आयोजनः पुलिस अधीक्षक**

मौके पर अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच दूरी कम करना तथा आपसी विश्वास को सुदृढ़ करना था। उन्होंने कहा कि कभी अति नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्र में आज पुलिस और आमजन एक साथ बैठकर मैच का आनंद ले रहे हैं, जो सकारात्मक बदलाव का संकेत है। एसपी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभागों द्वारा सरकारी सेवाओं को लोगों के द्वार तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस भी इसी उद्देश्य के साथ कार्य कर रही है कि जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना और अधिक मजबूत हो। उन्होंने खेल भावना पर बल देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम वर्क और सकारात्मक सोच का संदेश देता है। अंत में उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सीआरपीएफ 154 बटालियन के कमांडेंट सुनील दत्त त्रिपाठी, सेकेंड इन कमांड अविनव आनंद, एसडीपीओ बेरमो बी.एन. सिंह, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, पुलिस निरीक्षक बेरमो, सर्जेंट मेजर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न थानों के थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी, काफी संख्या में ग्रामीण झ खेल प्रेमी आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK